| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 71,595.49 |
| निफ्टी | ~ | 21,782.50 |
| सोना | ~ | 57,700 |
| चांदी | ~ | 75,000 |
| डॉलर | ~ | 83.01 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in


बालाघाट
रविवार 11 फरवरी 2024
माघ शुक्ल 02 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 141
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया ऐलान

# लोकसभा चुनाव से पहले देश में लागू करेंगे सीएए

नई दिल्ली। देश में जल्द ही नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी सीएए लागू किया जाएगा। इसकी घोषणा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की है। वहीं उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को 370 सीटें और एनडीए को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनेगी। शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों पर कोई सस्पेंस नहीं है और यहां तक कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को भी एहसास हो गया है कि उन्हें फिर से विपक्षी बेंच में बैठना होगा।

एक टीवी कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने कहा कि हमने (संविधान के अनुच्छेद 370 को, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था) निरस्त कर दिया है। इसलिए हमारा मानना है कि देश की जनता भाजपा को 370 सीटों और एनडीए को 400 से अधिक सीटों का आशीर्वाद देगी। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) पर, शाह ने कहा कि 2019 में कानून लागू हुआ था। इस संबंध में नियम जारी करने के बाद लोकसभा चुनाव से पहले लागू किया जाएगा। शाह ने कहा कि सीएए देश का कानून है इसका नोटिफिकेशन निश्चित रूप से हो जाएगा। चुनाव से पहले ही सीएए को अमल में आना है इसमें किसी को कंफ्यूजन नहीं रखना है।



ANI

### मुसलमानों को किया जा रहा गुमराह

केंद्रीय गृह मंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि सीएए कानून के संबंध में मुसलमानों को गुमराह किया जा रहा है। सीएए केवल पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए है। इस कानून के तहत ऐसे गैर मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता दी जाएगी, 31 दिसंबर, 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत आए हैं।

### पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को देंगे नागरिकता

अमित शाह ने कहा कि मैं साफ कर देना चाहता हूं कि सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनेगा। सीएए अधिनियम का प्रमुख उद्देश्य पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीडऩ के शिकार लोगों को नागरिकता देना है। अमित शाह ने कहा कि भारत के विभाजन के बाद पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित किया जाता था। उस दौरान वह सभी भारत की नागरिकता पाना चाहते थे और वहां से भाग कर भारत आना चाहते थे, तब कांग्रेस ने कहा था कि आप यहां आइए, आपको यहां नागरिकता दी जाएगी।

## आप संयोजक केजरीवाल का ऐलान

# पंजाब में सभी 14 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी

चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार पंजाब के दौरे पर हैं। राज्य में अपने दौरे के दौरान दिल्ली के सीएम, मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ अलग-अलग सरकारी योजनाओं की शुरुआत कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के दोनों मुख्यमंत्री मतदाताओं से वोट के रूप में आशीर्वाद भी मांग रहे हैं। इस बीच उन्होंने यह भी ऐलान कर दिया है की राज्य की सभी सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी।



शनिवार को पंजाब के खन्ना में भाषण के दौरान अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया कि की आम आदमी पार्टी अगले 15 दिनों में पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक लोकसभा सीट मिलाकर 14 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर देगी।

### 15 दिनों में होगा उम्मीदवारों का ऐलान

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज से 2 साल पहले आपने हमें बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था और पंजाब में 117 में से 92 सीट जिताई थी। आज आपसे हाथ जोडक़र एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। 2 महीने बाद लोकसभा के चुनाव हैं। लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में 13 सीट हैं और एक सीट चंडीगढ़ में है। आने वाले 15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर देगी।

## खास खबर

### समीर वानखेड़े पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज

मुंबई। एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के खिलाफ कार्यवाई करके चर्चा में आए वानखेड़े पहले से ही जांच का सामना कर रहे हैं। बता दे कि शनिवार सुबह उनके खिलाफ ईडी ने नया मामला दर्ज किया है। ईडी ने समीर वानखेड़े के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच शुरू कर दी है और एनसीबी के तीन अधिकारियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। बता दें कि वानखेड़े पर पहले से ही कई तरह के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर में 10 जगहों पर एनआईए के छापे

श्रीनगर। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर और तमिलनाडु में शनिवार को एक साथ कई जगहों पर छापेमारी की। एनआईए ने दोनों जगह एक्शन अलग-अलग केस को लेकर लिया। दोनों ही मामले आतंकवाद से जुड़े हैं। जम्मू कश्मीर में टेरर फंडिंग के मामले को लेकर एनआईए जमात-ए-इस्लामी संगठन से जुड़े लोगों और उनके 10 ठिकानों पर सर्चिंग कर रही है। यह छापेमारी बडगाम, कुलगाम और जम्मू जिले के गुज्जर नगर, शहीदी चौक, में चल रही है। एनआईए कुलगाम में जमात के पूर्व प्रमुख शेख गुलाम हसन और एक अन्य नेता सयार अहमद रेशी के आवास पर गई है। ये दोनों नेता प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी जम्मू-कश्मीर से जुड़े हुए हैं। इस संगठन को फरवरी 2019 में गृह मंत्रालय ने टेरर फंडिंग के आरोपों के चलते बैन किया था। उधर, तमिलनाडु में एनआईए 2022 में कोयंबटूर में हुए बम ब्लास्ट को लेकर राज्य के 27 जगहों पर छापेमारी कर रही है। इस ब्लास्ट में आतंकी संगठन आईएसआईएस का हाथ था। एनआईए के अधिकारी चेन्नई, त्रिची, मदुरै, तिरुनेलवेली और कोयंबटूर में एक साथ रेड मारने पहुंचे।

### हल्द्वानी में तीसरे दिन भी कर्फ्यू

हल्द्वानी। हल्द्वानी में हिंसा के तीसरे दिन यानी शनिवार को भी कर्फ्यू जारी है। यहां स्कूल-कॉलेज बंद हैं। अफवाहों को रोकने के लिए प्रशासन ने इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया है। हल्द्वानी के बाद रामनगर में भी धारा 144 लागू करके इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। इस बीच, दंगा ग्रस्त इलाके बनभूलपुरा को अर्द्धसैनिक बलों के हवाले कर दिया गया है। 2 किमी के इस दायरे में रहने वाली करीब 70 हजार की आबादी पूरी तरह से घरों में कैद हो गई है। पुलिस ने 18 लोगों को नामजद करते हुए 5000 उपद्रवियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। दंगे में 5 लोगों की मौत हुई है। एक युवक की मौत बरेली के निजी अस्पताल में होने की बात कही जा रही है। लेकिन प्रशासन इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है।

### हवाई जहाज का अधिकतम किराया तय करें सरकार

नई दिल्ली। विमान कंपनियां त्योहार और अन्य मौके पर किराए क़ी दरें कई गुना बढ़ा देती हैं। विमानन कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए संसदीय समिति ने सरकार से अनुशंसा की है, कि विमान यात्रा के लिए विभिन्न रूट में अधिकतम दर तय की जानी चाहिए। ट्रांसपोर्ट टूरिज्म एंड कल्चरल की संसदीय समिति द्वारा डीजीसीए से कहा गया है, घरेलू उड़ानों के लिए अधिकतम किराया तय किया जाए। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है,कि सेल्फ रेगुलेशन प्रभावी नहीं साबित हो रहा है। डीजीसीए को एयर फेयर रेगुलेट करने के लिए अलग से नियम बनाए जाने चाहिए।

## अब पीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा

नई दिल्ली। अब एम्प्लॉईज प्रोविडेंट फंड अकाउंट में जमा राशि पर 8.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। एम्प्लॉईज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने शनिवार को अपनी 235वीं बैठक में इसकी सिफारिश की है। सरकार की मंजूरी के बाद यह लागू हो जाएगा। इससे देश के 6 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों को फायदा होगा।

श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी है। नई दरें लागू हो जाने के बाद अगर आपके ईपीएफ अकाउंट में 1 लाख रुपए जमा हैं, तो इस पर साल में 8,250 रुपए का ब्याज मिलेगा। पिछले साल मार्च में ईपीएफओ ने ईपीएफ की ब्याज दर 8.15 प्रतिशत तय की थीं। ईपीएफओ एक्ट के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस डीए का 12 प्रतिशत पीएफ अकाउंट में जाता है। कंपनी भी कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस डीए का 12 प्रतिशत कॉन्ट्रिब्यूट करती है। कंपनी के 12 प्रतिशत कॉन्ट्रीब्यूशन में से 3.67 प्रतिशत पीएफ अकाउंट में जाता है और बाकी 8.33 प्रतिशत पेंशन स्कीम में जाता है।

## जेडीयू की बैठक में 15 मिनट मौजूद रहे नीतीश, कई विधायक नहीं पहुंचे

पटना। बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले पटना में जेडीयू की बैठक हुई। इस अनौपचारिक बैठक में जहां सीएम नीतीश कुमार 15 मिनट मौजूद रहे, वहीं कई विधायक पहुंचे ही नहीं थे। जैसे ही सीएम बैठक से बाहर निकले तो इसके बाद सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। जानकारी के अनुसार मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर शनिवार दोपहर में भोज का आयोजन किया गया था, उसमें 40 से कम विधायक ही पहुंचे। बिहार विधानसभा में जेडीयू विधायकों की संख्या 45 है। जेडीयू नेताओं का कहना है कि अधिकतर विधायक पहुंच गए हैं, जो नहीं आए वे भी पटना पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर, आरजेडी के नेता लगातार सियासी खेला होने का दावा कर रहे हैं। बताया जा रहा है ?कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी गांधी मैदान में कृषि मेले का निरीक्षण करने के बाद मंत्री के आवास पर पहुंच गए। मगर उस समय तक पार्टी के सभी विधायक नहीं आए थे। सीएम नीतीश करीब 15 मिनट ही श्रवण कुमार के आवास पर रुके और फिर वहां से निकल गए।

हालां ?कि इसके बाद चर्चाएं उठने लगी हैं कि विधायकों की कम संख्या देखकर नीतीश नाराज हो गए और आवास से चले गए। बिहार विधानसभा में जेडीयू विधायकों की संख्या 45 है। अब तक मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर पहुंचने वाले विधायकों की संख्या 37 रही है। जेडीयू के जो विधायक इस बैठक में नहीं आए उनमें डॉ, संजीव, बीमा भारती, अमन कुमार, गोपाल मंडल, शालिनी मिश्रा, गुंजेश साह, सुदर्शन और दिलीप राय शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से कुछ विधायक रास्ते में हैं, वे शाम तक पटना पहुंच जाएंगे। हालांकि, जेडीयू के नेता अपने किसी भी विधायक के गायब या संपर्क से बाहर होने की बात से इनकार कर रहे हैं।

## किसानों का सरकार को अल्टीमेटम

### कल तक मांगें नहीं तो फिर करेंगे मार्च

नई दिल्ली। नोएडा प्राधिकरण से अपनी जमीनों का मुआवजा मांग रहे किसानों ने सरकार को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। भारतीय किसान परिषद के नेता सुखवीर खलीफा ने शनिवार को कहा कि अगर 12 फरवरी तक उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे फिर प्रदर्शन करेंगे। इससे पहले किसानों ने 8 फरवरी को दिल्ली बॉर्डर पर प्रदर्शन किया था। सुखवीर खलीफा ने कहा कि 8 फरवरी को जब हमने दिल्ली तक मार्च निकाला था, तो नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने हमें भरोसा दिलाया था कि 12 फरवरी तक हमारी मांगों को लेकर कमेटी गठित कर दी जाएगी। हमने उनकी बात इस शर्त पर मानी थी कि कमेटी के गठन में जरा भी देरी हुई तो हम दिल्ली तक मार्च फिर से शुरू करेंगे।

दरअसल, 1997 से 2014 के बीच 81 गावों से नोएडा शहर को बसाने के लिए जमीनें अधिग्रहित हुई थीं। इस दौरान सिर्फ 16 गांव के किसानों को मुआवजा और 5 प्रतिशत विकसित प्लॉट दिए गए। बाकी गावों के किसानों ने कहा कि उन्हें मुआवजा नहीं मिला। 2019 से इस मामले को लेकर नोएडा के कई किसान प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन करते आ रहे हैं। गुरुवार को किसानों ने दिल्ली पहुंचने का फैसला किया था। लेकिन उन्हें नोएडा-दिल्ली चिल्ला बॉर्डर पर रोक दिया गया। यहां 5 घंटे के प्रदर्शन के बाद उन्हें कमेटी बनाने का आश्वसन दिया गया था। जिसके बाद वे वापस लौट गए।

## जीएसटी चोरी में दिल्ली सबसे आगे

नई दिल्ली। जीएसटी चोरी के मामले में दिल्ली सबसे आगे है, वित्त वर्ष 23-24 की तीसरी तिमाही में 483 फर्जी कंपनियों का पता चला है। जिनकी कुल राशि 3,028 करोड़ रुपये थी। केंद्र सरकार के सर्वे में जारी आंकड़ों के अनुसार देशभर में 4,153 ऐसी कंपनियां पाई गईं, जो 12,036 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट की चोरी कर रही थीं। दिल्ली में जीएसटी चोरी की कार्रवाई में 10 करोड़ रुपये के टैक्स क्रेडिट रोके गए और 11 गिरफ्तारियां की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में फर्जी फर्मों द्वारा सबसे अधिक संख्या में दिल्ली जीएसटी चोरी करने के मामले सामने आए हैं। वित्त वर्ष 23-24 की तीसरी तिमाही में अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई फर्जी जीएसटी फर्मों की संख्या में महाराष्ट्र 926 और राजस्थान 507 के बाद दिल्ली तीसरे स्थान पर थी। महाराष्ट्र और राजस्थान में जीएसटी चोरी की राशि क्रमशः 2,201 करोड़ और 197 करोड़ आंकी गई थी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड, केंद्रीय जीएसटी और राज्य और केंद्र शासित सरकारें फर्जी पंजीकरण की पहचान करने के लिए मई 2023 से एक अभियान चला रही हैं। अनुमानित जीएसटी चोरी के मामले में दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश में 1,645 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश में 765 करोड़ रुपये और हरियाणा 624 करोड़ रुपये हैं। इस विशेष अभियान के बाद से देश भर में 44,015 करोड़ रुपये की संदिग्ध आइटीसी चोरी में शामिल कुल 29,273 फर्जी फर्मों का पता लगाया गया है। जबकि इस बारे में दिल्ली सरकार से कोई प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं हुई है। विभाग के अधिकारियों ने दावा किया कि जीएसटी नेटवर्क में फर्जी फर्मों के प्रवेश को रोकने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। 2022-23 में व्यापार और कर विभाग के साथ पंजीकरण के लिए नई कंपनियों से प्राप्त 1.46 लाख आवेदनों में से, लगभग 50,000 कंपनियों को ही 'मानित अनुमोदन' मिला।

## मुंबई में 15 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 7 लोग गिरफ्तार

मुंबई,। मुंबई में नशा विरोधी दस्ते (एंटी नारकोटिक्स सेल) को एक बार फिर भारी मात्रा में ड्रग्स पकड़ने में सफलता मिली है. खबर है कि एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने मुंबई में 15 करोड़ रूपये मूल्य की नौ किलो ड्रग्स जब्त की है और सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है. ये लोग एमडी, हेरोइन, चरस आदि जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी करने के लिए जाने जाते थे। पुलिस ने इन 3 अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है और उनके पास से 15 करोड़ रुपये की ड्रग्स और 3.5 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं. मुंबई एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड के मुताबिक, यह ऑपरेशन वर्ली, आजाद मैदान और कांदिवली सेल द्वारा सांताक्रूज, वर्सोवा, कुर्ला, अंधेरी, दहिसर चेकनाका इलाके में चलाया गया। क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स सेल यूनिट ने शहर में कई जगहों पर छापेमारी की. वर्ली यूनिट ने 24 जनवरी से 5 फरवरी के बीच सांताक्रूज और वर्सोवा इलाकों से चार लोगों को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे और घर से पांच किलो 735 ग्राम मेफेड्रोन ड्रग्स और साढ़े तीन लाख नकद जब्त किए गए. कांदिवली यूनिट ने गुरुवार को बांद्रा और कुर्ला इलाके में कार्रवाई कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपियों में 3 आरोपी राजस्थान, उत्तराखंड और गुजरात के हैं. मिली जानकारी के मुताबिक 11 करोड़ 47 लाख की मेफेड्रोन, 2 करोड़ की 500 ग्राम हेरोइन और 1.5 करोड़ की 3 किलो हशीश स्टॉक के साथ साढ़े तीन लाख कैश भी जब्त किया गया है. मादक द्रव्य निरोधक दस्ते ने 24 जनवरी से 5 फरवरी के बीच सांताक्रूज और वर्सोवा इलाकों में मादक पदार्थ विरोधी अभियानों में 4 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें से 3 आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं. इन आरोपियों को 11 फरवरी तक हिरासत में भेज दिया गया है।

## चौथी बार अनशन पर बैठे मनोज जरांग

मुंबई। मराठा आरक्षण का चेहरा बनकर सामने आए एक्टिविस्ट मनोज जरांगे पाटिल चौथी बार अनशन पर बैठ गए हैं। जालना जिले के अंतरावलीसाठी गांव में उन्होंने अनशन शुरू कर दिया है। इसके पहले मनोज ने कहा कि आज के बाद वे किसी की बात नहीं सुनेंगे। जरांगे ने पिछले हफ्ते ही यह स्पष्ट कर दिया था कि अगर अध्यादेश लागू नहीं हुआ तो वह इस बार सख्त अनशन करेंगे। बता दें कि जारांगे पाटिल की मांग है कि 'सज्ञसोराय' को लेकर और अधिक स्पष्टता लाई जानी चाहिए. मराठा आरक्षण के मुद्दे और उस पर काम को लेकर मनोज जारांगे पाटिल चौथी बार भूख हड़ताल पर हैं. इससे पहले भी मराठा आरक्षण के लिए मनोज जारांगे पाटिल ने 9 अगस्त, 2023 से भूख हड़ताल शुरू किया था. अनशन का पहला चरण 17 दिनों तक चला था. उस समय सरकार ने 40 दिन का समय मांगा था. हालांकि, जारांगे पाटिल 25 अक्टूबर से फिर से भूख हड़ताल पर बैठ गए, उनका आरोप था कि सरकार ने दी गई अवधि के भीतर कुछ नहीं किया. यह उपवास आठ दिनों तक चला. उस वक्त सरकार ने दो महीने का वक्त लिया था. इन दो महीनों में भी सरकार ने मराठा आरक्षण के लिए कुछ नहीं किया।

## मौलाना तौकीर ने किया जेल भरो आंदोलन का ऐलान, सड़कों पर उतरे हजारों लोग

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली शहर में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने जेल भरो आंदोलन का ऐलान कर दिया है। इसके बाद लोगों का बड़ा हुजूम सड़कों पर उतर आया और प्रदर्शन करने लगा। इसे देखते हुए शहर में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

जानकारी अनुसार शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद आईएमसी यानी इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने जेल भरो आंदोलन का ऐलान किया। मौलाना ने सामूहिक रूप से गिरफ्तारी देने की बात कही, जिसके बाद हजारों लोगों का हुजूम सड़कों पर उतर आया। सड़कों पर उतरे लोगों का प्रदर्शन देख पुलिस हरकत में आई और प्रशासन ने शहर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। देखते ही देखते पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया और ड्रोन से निगरानी की जाने लगी।






बरेली में शुक्रवार को हुए प्रदर्शन के बाद मौलाना तौकीर ने अपने तेवर में तल्खी लाते हुए प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जुल्म और ज्यादती की हद हो गई है। हमें अभी तक बहुत छेड़ा गया है, लेकिन अब छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। इस दौरान उन्होंने देश में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पर पाबंदी लगाए जाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि यदि हुकूमत ही दंगा-फसाद कराना चाहती है तो हम उसके लिए भी तैयार हैं। दरअसल मौलाना तौकीर बिहारीपुर करोलान स्थित संगठन के एक पदाधिकारी के निवास पर पत्रकारों से चर्चा कर रही थे। उन्होंने मीडिया से कहा कि विरोध प्रदर्शन में जुड़ने के लिए बाहर से आ रहे उनके समर्थकों को जगह-जगह रोका गया है। प्रदर्शन करने वालों में खौफ पैदा करने की कोशिश की जा रही है। यह जुल्म और ज्यादती ही है।

## 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र समाप्त... राम मंदिर को लेकर सदन ने पारित किया प्रस्ताव...

### पीएम मोदी ने गिनाईं पांच साल की उपलब्धियां, अगले 25 साल का खाका भी खींचा

नई दिल्ली। संसद में बजट सेशन के आखिरी दिन शनिवार को राम मंदिर निर्माण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने सदन में अपनी बात रखी। भाजपा और एनडीए के सांसदों ने राम मंदिर निर्माण को मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बताई। वहीं विपक्ष ने सरकार के इस कदम को चुनावी बताया। शनिवार को दोनों सदनों में राम-राम की गूंज सुनाई दी। राम-राम के साथ सांसदों की विदाई भी हुई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वीं लोकसभा के अंतिम कार्य दिवस पर बीते पांच साल के कार्यकाल में हुए कामकाज और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बुलंद हौसले का संकेत देते हुए कहा कि वे चुनौतियों का आनंद लेते हैं।




पीएम मोदी ने कहा, हमें विकास कार्यो को आगे बढ़ाना है। चुनाव बहुत दूर नहीं है। यह लोकतंत्र का आवश्यक पहलू है और हम सब इसे गर्व से स्वीकार करते हैं। हमारा लोकतंत्र पूरे विश्व को अचंभित कर रहा है। मुझे विश्वास है यह ऐसे ही बना रहेगा। मुझ पर तो परमात्मा की कृपा रही है कि जब चुनौती आती है तो मैं ज्यादा निखरता हूं। हम हर चुनौतियों का सामना कर पाए हैं।

उन्होंने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वो आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। ये सही है हर किसी में ऐसा समार्थ्य नहीं होता है कि इन चीजों पर गर्वान्वित महसूस करे। लेकिन फिर भी इस सदन में भविष्य को लेकर जो बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है।

### राम मंदिर पर प्रस्ताव अहम

उन्होंने कहा, 21 वीं सदी में हमारी बेसिक आवश्यकताएं बदल रही है। जिन पर हमारा ध्यान नहीं था, वो अब अमूल्य हो गया है। जैसे डेटा...जिसकी दुनिया में चर्चा है। एक बिल लाकर हमने पूरी भावी पीढ़ी को सुरक्षित किया है। कुछ लोग चुनाव के आते ही घबराने लगते हैं। राम मंदिर पर प्रस्ताव अहम है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम देश की भावी पीढ़ी के लिए हमेशा कुछ न कुछ अच्छा करते रहेंगे। ये सदन हमें प्रेरणा देता रहेगा। सामूहिक संकल्प, सामूहिक शक्ति के साथ उत्तम से उत्तम काम करेंगे। उन्होंने कहा, हम भारत की भावी पीढ़ी के उज्वल भविष्य के लिए काम करते रहेंगे।

### 5 साल रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म का

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछला 5 साल देश के रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म का रहा। मैं सदन और सभी सांसदों का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा बहुत कम होता है कि सुधार और प्रदर्शन दोनों होते हैं। हम परिवर्तन को अपनी आंखों के सामने देख सकते हैं।

## मिथुन चक्रवर्ती के सीने में उठा दर्द, प्राइवेट अस्पताल में किया भर्ती

कोलकाता। बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को अचानक हुए सीने में दर्द के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें सीने में तेज दर्द और बेचैनी की शिकायत होने के बाद आज शनिवार को कोलकाता के प्राइवेट अस्पताल की आपातकालीन यूनिट में ले जाया गया।



बताया जाता है कि अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की तबीयत ठीक नहीं थी, उन्हें सीने में तेज दर्द और बैचेनी की शिकायत थी। इस कारण उन्हें प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया है। उनके स्वास्थ्य से संबंधित अधिक जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ अभिनेता को अस्पताल में भर्ती किए जाने की खबर से उनके फैंस काफी चिंतित हैं और उनकी सेहत ठीक होने की दुआएं कर रहे हैं। खास बात यह है कि अभी तक अभिनेता मिथुन दा के परिवार की ओर से उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई बयान नहीं दिया गया है।

बताया जा रहा है कि 73 वर्षीय अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को आज शनिवार सुबह करीब 10 बजे सीने में तेज दर्द उठा, इसी के साथ बेचैनी भी महसूस हुई। तबीयत बिगड़ती देख अभिनेता को तुरंत ही एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

# बूढ़ी रोड पर अतिक्रमण को लेकर हुई नापजोक की कार्यवाही

## लगभग 200 मकान पर किया गया चिन्हांकन, जल्द ही नगर पालिका और जिला प्रशासन की टीम हटायेगी बूढ़ी और बैहर रोड का अतिक्रमण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शहर की प्रमुख सड़कों को चौड़ी करने के लिए जिला प्रशासन की राजस्व टीम के द्वारा सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को नापजोक करने की कार्यवाही कर चिन्हांकन करने का कार्य इन दिनों बूढी आईटीआई मार्ग पर किया जा रहा है, जबकि इसके पहले राजस्व विभाग की टीम द्वारा शहर के बैहर मार्ग पर नापजोक की कार्रवाई की गई थी, एवं उसके बाद अब राजस्व टीम द्वारा अवंती बाई चौक से सागौन वन बूढी तक नापजोक की कार्रवाई की जा रही है , जिसमें लगभग 200 के आसपास मकान को चिन्हांकित किया गया है एवं इसकी लिस्ट बनाकर जल्द ही नगर पालिका को दी जाएगी और नगर पालिका द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही बूढी और बैहर रोड पर जल्द की जायेगी। आपको बता दें कि सरेखा में रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण की हद में आ रहे अतिक्रमणकारियो को चिन्हित करने के बाद, नगर के बैहर रोड और बूढ़ी में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर अतिक्रमण को चिन्हित करने की कार्यवाही 10 फरवरी तक जारी रही। बैहर रोड में पूर्व में किए गए नाप जोख में लगभग 150 से पौने दो सौ अतिक्रमणकारियों को चिन्हित किया गया। जिसके बाद बूढ़ी में दो दिनों से अतिक्रमण चिन्हित करने की कार्यवाही 10 फरवरी को तीसरे दिन भी जारी रही। रानी अवंतीबाई चौक से ढीमरटोला तक राजस्व अमले के आरआई और पटवारियों ने सड़क सीमा क्षेत्र की हद में आ रहे अतिक्रमण को चिन्हित करने का काम किया। जिसमें लगभग 200 अतिक्रमण को चिन्हित किया गया है। हालांकि इसके बाद अन्य मार्ग में अतिक्रमण चिन्हित करने की कार्यवाही होगी या नहीं, इस पर अभी संशय है, जबकि जागरूक लोगों का कहना है कि बैहर रोड और बूढ़ी के साथ ही भटेरा मार्ग पर भी सड़क की हद तक आने वाले अतिक्रमण को चिन्हित किया जाना चाहिए। चूंकि इस मार्ग पर भी आवागमन अत्यधिक है और अक्सर मार्ग में आवागमन में दिक्कतें होती है। फिलहाल, अब चिन्हित अतिक्रमणकारियों की जानकारी राजस्व विभाग, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही नपा को देगा। जहां से नोटिस जारी होने के बाद अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्यवाही की जाएगी। हालांकि यह कब होगी, यह अभी तय नहीं है।

### इन सड़कों पर रहता है यातायात का दबाव कब होगा मार्ग चौड़ीकरण

जिस प्रकार से इन दिनों जिला प्रशासन की राजस्व टीम शहर की सड़कों का नापजोक कर



चौड़ीकरण करने की कार्यवाही में जुटी है, किंतु शहर में चर्चा का विषय यह भी बना हुआ है कि जिस प्रकार से इन दिनों बैहर चौकी एवं बूढी मार्गों का चिन्हांकन चल रहा है वह तो अच्छी बात है किंतु अवंती बाई चौक से लेकर गुजरी बाजार तक जो मार्ग है वहां अत्यधिक यातायात का दबाव रहता है, और इस मार्ग को चौड़ीकरण करने की सबसे अधिक आवश्यकता है , किंतु जिला प्रशासन की टीम की नजर इस मार्ग पर नहीं जा रही है वहीं गोंदिया रोड पर कुछ दिन पहले ही नगर पालिका व जिला प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी, वह भी आज जैसी की वैसी हो गई है जबकि मार्ग परिवर्तित करने के बाद गोंदिया रोड पर भी यातायात का दबाव पड़ रहा है किंतु यहां चिन्हांकन और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रशासन द्वारा कब की जाती है यह तो समय ही बताएगा।

### प्रमुख मार्गों पर पड़ा हुआ है सबसे अधिक बिल्डिंग मटेरियल

जिस प्रकार से शहर की प्रमुख सड़कों पर यदि नजर घुमाया जाए तो अधिकतर सड़कों पर वार्ड वासियों द्वारा बिल्डिंग मटेरियल को लाकर रख दिया गया है जिससे कि आवागमन करने में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है गोंदिया रोड में हनुमान चौक से लेकर अंबेडकर चौक तक दोनों ओर अधिकतर बिल्डिंग मटेरियल सड़कों पर पड़ा हुआ है जिसको हटाते ही मार्ग और चौड़ा हो जाएगा किंतु नगर पालिका की नजर इस ओर अभी तक नहीं गई है एवं स्वच्छता को लेकर कार्यवाही कर रही है पर बिल्डिंग मटेरियल पर अभी तक नगर पालिका की टीम की नजर नहीं गई है।

### चिन्हांकन कारवा नगर पालिका को लिस्ट दे देंगे - भोजराज राहंगडाले

इस विषय को लेकर जब हमारे द्वारा बालाघाट आर.आई भोजराज राहंगडाले से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि अभी रोड चौड़ीकरण को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा राजस्व विभाग की टीम को बैहर रोड और बूढी रोड में नापजोक करने की कार्यवाही करने को कही गई है जो वह कर रहे हैं और इसका चिन्हांकन कारवाकर नगर पालिका को लिस्ट दे देंगे उसके बाद अतिक्रमण हटाने कार्यवाही की जाएगी।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-लांजी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

// विज्ञप्ति //

क्रमांक/4020/तह./प्रवा.1 / 2024

लांजी दिनांक 07/02/2023-24

रा0प्र0क0/0133/ड-154/2023-24

मौजा भानेगांव प.ह.नं.01 रा.नि.म. भानेगांव

आवेदक सीताराम पिता गोपीचन्द निवासी ग्राम भानेगांव तहसील लांजी जिला-बालाघाट।

अपीलार्थी

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सीताराम चौधरी पिता गोपीचन्द जाति कुनबी निवासी ग्राम भानेगांव तहसील लांजी जिला बालाघाट द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि प0ह0नं0 01 लांजी रा0नि0म0 भानेगांव तहसील लांजी, जिला बालाघाट में स्थित आवेदक द्वारा अपने पत्नी जशोदा बाई पिता शिवचरण का अनुज्ञा प्रमाण-पत्र रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 12 (2) म0प्र0 मृत्यु पंजीयन नियम 1999 नियम 12(2) प्रावधानों के अंतर्गत उपरोक्त मृत्यु की घटना दिनांक 15/09/2002 अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त पत्र के संबंध में हितबद्ध पक्षकार को समाचार के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि उक्त संबंध में न्यायालय में उपस्थित होकर न्यायालीन प्रकिया के तहत जवाब रखा जाये। जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 26/02/2024 के पूर्व स्वयं या अपने अभिभापक / अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 07/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**सही**
**तहसीलदार**
**लांजी, बालाघाट**


## पंडित दीनदयाल जी की पुण्यतिथि को सेवा समर्पण कार्यक्रम के रूप में मनायेगी भाजपा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भाजपा के पित्रपुरुष पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि को सेवा समर्पण कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है , जिसमे भाजपा के पूर्व एवम वर्तमान युवा कार्यकर्ता जिन्होंने पार्टी के युवा मोर्चा में रहते हुए शून्य से शिखर पर पहुंचाया उन सभी को आत्मीय अभिनंदन व उनके तात्कालिक समय में विपरीत परिस्थियो में कार्य करने की कुशलता एवम मिलन समारोह के रूप में मनाया जा रहा है ।इस कार्यक्रम संगोष्ठी में जिला अध्यक्ष राम किशोर कावरे व वरिष्ठ कार्यकर्ता का वक्ता के रूप में मार्गदर्शन प्राप्त होगा ।जानकारी देते हुए भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे ने बताया कि कार्यक्रम दिनाक 11 फरवरी दिन रविवार को समय दोपहर 12ः00 बजे से रखा गया है जिसमे सभी भाजपा के पूर्व वर्तमान युवा मोर्चा कार्यकारणी एवम जेस्ट शेयर कार्यकर्ता का अनुभव प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में आयोजन समिति में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे एवम युवा मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपुरे के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम संचालन समिति युवा मोर्चा महामंत्री गौरव मोनू श्रीवास्तव , संजू ब्रह्मे ,जिला उपाध्यक्ष मोनिल जैन, नगर मंडल अध्यक्ष जैनेद्र कटरे को कार्यक्रम सयोजक के रूप में जवावदारी दी गई है वही जिला मंत्री ऋषभ भाटिया ,जिला कोषाध्यक्ष धीरज सुराणा, जिला कार्यकारणी सदस्य पराग राणा सहयोगी के रूप में रहेंगे।

## आर्ट ऑफ लिविंग का 20 से हैप्पीनेस योग शिविर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।पद्म विभूषण मानवतावादी गुरूदेव श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग बालाघाट केंद्र द्वारा छः दिवसीय हैप्पीनेस योग शिविर(आनन्द अनुभूति कार्यक्रम) का आयोजन स्थानीय श्री श्री सत्संग हॉंल के सभाग्रह में 20 से 25 फरवरी तक सुबह 6 से 9 बजे रविवार तक आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि श्री श्री के अनुसार हिंसा मुक्त समाज, रोग मुक्त शरीर, संभ्रान्ति मुक्त मन, शंका रहित बुद्धि, सदमा रहित स्मरण शक्ति, शारिरीक क्षमतायुक्त शरीर और एक दु:ख रहित आत्मा प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी उद्देश्य के साथ शिविर के माध्यम से सांसारिक व अध्यात्मिक ज्ञान एवं योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ विश्वविख्यात सुदर्शन क्रिया की प्रक्रियाओं को मनोरंजक क्रियाओं एवं आपसी संवाद के जरिये सिखाया जाता है ।जिससे स्वस्थ शरीर तनाव एवं नकारात्मक विचारों से मुक्ति, अधिक आत्मविश्वास, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता,खुशहाल जीवन और मन की शांति के साथ ही दैनिक जीवन उपयोगी सरल ज्ञान और प्रक्रियाओं के माध्यम से तनाव मुक्त होते हुए जीवन में खुशी और सफलता के सूत्र भी सिखाये जायेंगे। इस शिविर में 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोग शिविर में शामिल हो सकते है।

## जीवन में खेलो का अपना अलग ही महत्व होता है-प्रदीप जायसवाल

### सरंडी में व्हालीबाल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सरंडी में वीर शहीद शुभम रांहगडाले एवं स्वर्गीय हेमप्रसाद पटले गौ सेवक की स्मृति में दो दिवसीय व्हालीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में स्कूल परिसर में विधायक निधि के द्वारा निर्मित सभामंच का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, श्रीमती पुजा गौतम सरपंच, राजेश गौतम,देवराव नोन्हारकर , दीपचंद पटले,डोरीलाल गौतम,सुरजलाल



गौतम, अरूण गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की यह सभामंच अनेको विषयो व कार्यक्रमों में सहायता प्रदान करेगा।सरंडी ग्राम का खेल का यह आयोजन पिछले कई सालो से खेल जगत में अपनी ख्याति बना चुका है। महानगरो की टीम के खिलाड़ियों को खेलते हुये ग्रामीणजन लंबे समय से देख रहे है जीवन में खेल का अपना अलग ही महत्व होता है। एक खिलाड़ी जीवन के प्रत्येक उतार व चढ़ाव में अपने अनुभव से सदैव आगे ही बड़ता रहता है। इसी तरह राजनिति में भी जीत हार होते रहती है। हमने चुनाव में बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है हमारे खेल की आज पुरे जिले में सराहना भी हो रही है। वहीं पूर्व मंत्री ने ग्राम के ही श्रीराधा कृष्ण मंदिर में जाकर ग्रामीणजनों के साथ पूजा अर्चना भी की। साथ ही ग्राम विकास के विषय में जनप्रतिनिधिगणो से चर्चा भी की।इस दो दिवसीय व्हालीबाल टूर्नामेंट के खेल को देखने के लिये निकट ही नही अपितू दूर दूर के ग्रामों के लोग सरंडी में आते है यह आयोजन रात्रि में जगमग रोशनी के बीच खेला जाता है।

## वनाधिकार पट्टों में पायी कमियों का निराकरण कर पुनः बैठक में प्रकरण प्रस्तुत होंगे

### 200 से अधिक वनाधिकार पट्टों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में वन अधिकार समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपखंड स्तरीय समितियों बैहर परसवाड़ा, बिरसा और लांजी द्वारा प्राप्त समस्त वनाधिकार के प्रकरणों को रखा किया गया। वर्ष 2005 से पूर्व के कब्जा साक्ष्य, वर्ष 2005 की स्थिति में दावेदार नाबालिग होना, कब्जा की भूमि राजस्व की होना, पूर्व में पटटा जारी होना, नक्शा स्पष्ट नही/जी.पी.एस. रीडिंग नही होने के कारण अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रकरणों में पायी गई कमियों को पूर्ण कर पुन: जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। बैठक में सीईओ जनपद पंचायत परसवाड़ा द्वारा अवगत कराया गया कि वन विभाग द्वारा दावेदारो के कब्जा की भूमि का स्थल परीक्षण नही किया जा रहा है। जिससे मौका स्थल का मुआयना नही होने से साक्ष्य की पूर्ति नही हो पा रही है। वहीं एसडीएम बैहर विवेक केवी द्वारा अवगत कराया गया कि बैहर एवं बिरसा के प्रकरणों पर एसडीओ वन बैहर के द्वारा नस्तियों पर हस्ताक्षर नही किये जा रहे है। जिस पर वन मंडलाधिकारी (उत्तर) सामान्य बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।



### अरंडिया के 27 प्रकरण रखें गए

बैठक में अरण्डिया पंचायत के 27 प्रकरणो में जाति प्रकरण पत्र और मौका सत्यापन के कारण उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा अमान्य किया गया है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा एक सप्ताह के भीतर संबंधित दावेदारो के जाति प्रमाण बनाये जाने के लिए समय दिया गया है। इनके बाद पुन: भीतर मौका स्थल पर सत्यापन वन विभाग के साथ कर पुन:नस्ती जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसी तरह ग्राम लगमा, अमवाही, मोहगांव माल, राजपुर, पिण्डकेपार के कुल 32 प्रकरणों में मौका स्थल पर सत्यापन किये जाने के लिए वन और जनपद पंचायत को संयुक्त अमले का गठन कर जांच करने के निर्देश दिए गए है। विकासखंड परसवाड़ा के ग्राम मोहनपुर (सोनेवानी) के 04 प्रकरणों में अनुविभागीय अधिकारी (वन) द्वारा दावेदारो की नस्तियों में हस्ताक्षर नही किये जाने की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर के द्वारा दी गई। इसको लेकर सम्बंधित वनमंडलाधिकारी को प्रकरणों के निराकरण के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

### ये प्रकरण भी रखें गए, उचित निराकरण के बाद पुनः होंगे प्रस्तुत

बैठक के दौरान विभिन्न विकासखंडों के प्रकरण प्रस्तुत किये गए। इसमें विकासखंड बैहर के ग्राम मोहबटटा का 01 प्रकरण नगरीय निकाय में पाये जाने से अपात्र करना पाया गया। ग्राम जुवाड़ीटोला से कुल 10 प्रकरण प्राप्त हुए। 01 प्रकरण कुमारसिंह पिता पंडित सिंह पात्र पाया गया ।08 प्रकरण नाबालिग दावेदार के होने से नाराजगी व्यक्त की गई।जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बैहर को संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को नाबालिग दावेदार का प्रकरण तैयार करने पर अनुषासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देषित किया गया। बिरसा के कुल 34 प्रकरणो में 20 प्रकरणो में दावेदार नाबालिग पाये गये। इस पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। ग्राम लालपुर के 14 प्रकरणो पर स्थल पंचनामा एवं बुजुर्ग के कथन तैयार है, किंतु कब्जे के 02 साक्ष्य नही होना एवं 14 नस्तियों में अनुविभागीय अधिकारी (वन) के हस्ताक्षर नही पाये गये। उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति लांजी से 138 प्रकरण एवं 58 प्रकरण बैगा दावेदारो के प्रस्तुत किये गए। ग्राम पंचायत देवरबेली के सायर, संदुका, बरगुड एवं टेमनी के दावेदारो के वर्ष 2005 के पूर्व से कब्जा होने के संबंध में ऑनलाइन गुगल अर्थ का अवलोकन किया गया। जिस पर वन विभाग के नक्शा पर भी वर्ष 2005 की स्थिति पर कब्जे की भूमि पर जंगल होना पाया गया। बैठक के दौरान समीक्षा में पात्र दावेदारो का पंजीयन एमपी वनमित्र पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराये जाने हेतु निर्देषित किया गया।


**न्यायालयः- श्रीमती नेहा ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड कटंगी, जिला-बालाघाट (म0प्र0)**

// प्रकाशन मेमो //

प्रकरण क. RCSA/03/2024
पेशी दिनांक 15.03.2024

1. योगेश चौरे आयु 33 वर्ष पिता स्व0 राजेन्द्र चौरे जाति महार निवासी ग्राम पौनिया तहसील तिरोड़ी जिला बालाघाट म0प्र0 ।

...........वादी।

विरुद्ध

सर्वसाधारण ........................................अनावेदक।

प्रेषिती-

1. आम जनता / सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादी योगेश चौरे आयु 33 वर्ष पिता स्व0 राजेन्द्र चौरे जाति महार ग्राम पौनिया तहसील तिरोड़ी जिला बालाघाट म0प्र0 का स्थायी निवासी है। केवड़ती पति गेंदलाल ने अपनी जीवित अवस्था में दिनांक 25.04.2022 को वादी के पक्ष में अपने कब्जे व स्वामित्व में ग्राम पौनिया में ख.नं. 5/1, 5/2, 3,4,5,6/1 रकबा 0.809 हे0 ख.नं. 99 रकबा 0.109 हे0 ख.न. 100 रकबा 0.336 हे0 भूमि कुल रकबा 1.254 हे0 भूमि तह0 तिरोड़ी जिला बालाघाट मप्र की वसीयत, गवाह अशोक चिचखेडे, चैनलाल बिसेन, भोजराम पटले भूतपूर्व सरपंच ग्राम पौनिया एवं रमाशंकर रहांगडाले, भीमप्रसाद शिवहरे के समक्ष अपनी पूर्ण स्वस्थ चित्त दशा में अपने पूर्ण होशो हवास में अपनी स्वतंत्र मर्जी से राजी खुशी से रिश्तेदारों तथा गावं के एवं मोहल्ले के लोगों के समक्ष पढ़वाकर समझकर वसीयत पर दिनांक 25.04.2022 को अपना अंगूठा निशानी लगवाकर वादी के पक्ष में निष्पादित कर दी है। केवड़ती की मृत्यु दिनांक 16.06.2022 को हो चुकी है। वादी ने राजस्व प्रलेखों में मृतक केवड़तीबाई के स्थान पर अपना नाम (वादी) राजस्व प्रलेखों में दर्ज कराने हेतु यह प्रकरण प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति को, राजस्व प्रलेखों में केवडतीबाई के स्थान पर वादी का नाम राजस्व प्रलेखों में दर्ज कराने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो नियत पेशी दिनांक 15.03.2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

आज तारीख 07.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर जारी किया गया।

**न्यायाधीश**
**श्रीमती नेहा ठाकुर व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड कटंगी जिला बालाघाट( मप्र. )**



**शपथपत्र**

मै अतुल हनवत पिता श्री चन्द्रकिशोर हनवत आयु २५ वर्ष जाति पंवार निवासी ग्राम आरम्भा तह. खैरलांजी जिला बालाघाट (मप्र.) का निवासी हूँ। यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अतुल (ATUL) पिता का नाम चन्द्रकिशोर (CHANDRAKISHOR) दर्ज है। जबकि मेरा वास्तविक एवं सही नाम अतुल हनवत (ATUL HANWAT) पिता का नाम चन्द्रकिशोर हनवत (CHANDRAKISHOR HANWAT) है। मुझे अतुल हनवत (ATUL HANWAT) पिता चन्द्रकिशोर हनवत (CHANDRAKISHOR HANWAT) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाता है। इस शपथपत्र में मेरे द्वारा कोई असत्य कथन नहीं किये गये है और न ही कोई तथ्य छिपाये गये है। यदि भविष्य में नाम संबंधी वाद विवाद उत्पन्न होता है तो उसका जिम्मेदार मै स्वयं रहूंगा।

**शपथकर्ता**
**अतुल हनवत पिता श्री चन्द्रकिशोर हनवत निवासी ग्राम आरम्भा तह. खैरलांजी जिला बालाघाट (मप्र.)**



लामता में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बुदबुदा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# तीन महीनों से बच्चों को नहीं मिल रहा पीने का पानी

## मामला शहर के वार्ड नंबर 33 में लगने वाले शासकीय माध्यमिक शाला का






बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अभी गर्मियों का दौरा आया भी नहीं है और जिला मुख्यालय से लगे कुछ वार्डों में पानी की कमी महसूस होना शुरू हो गई है, ताजा मामला जिला मुख्यालय से लगे वार्ड क्रमांक 33 का है जहां पर शासकीय माध्यमिक शाला में लगभग 3 महीना से स्कूल के बच्चों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है बताया जाता है कि एक हैंडपंप यहां लगा था, किंतु यह भी अब पानी नहीं दे रहा है , जबकि स्कूल विभाग द्वारा नगर पालिका और संबंधित विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई है ,किंतु कोई भी स्कूल में पेयजल की व्यवस्था को लेकर व्यवस्था नहीं बना रहा है जिससे इन दिनों स्कूल में मध्यान भोजन सहित बच्चों को पेयजल की काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। आपको बता दे की गर्मी का मुश्किल भरा दौर आना बाकी है, लेकिन नगरीय क्षेत्र में अभी से मुश्किलों का अध्याय शुरू हो गया है। ये परेशानी किसी रहवासी क्षेत्र में नहीं, बल्कि माध्यमिक शाला में हो रही है। मामला नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-33 का है, जहां संचालित शासकीय माध्यमिक शाला, गायखुरी में पिछले पांच महीने से शिक्षक, स्कूली बच्चे और मध्याहन भोजन पकाने वालीं रसोइयां परेशान हो रही हैं। दरअसल, इस स्कूल में पेयजल की व्यवस्था पिछले कई दिनों से ठप पड़ी है। नगर पालिका परिषद बालाघाट की जिस पुरानी पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति होती थी, उससे लगभग पांच महीने से पानी आना बंद हो गया है। हालांकि, विधानसभा चुनाव के दौरान यहां पाइपलाइन सुधारी गई थी, जिससे करीब एक सप्ताह तक पानी आपूर्ति हुई, लेकिन जैसे ही चुनाव संपन्न हुए, पानी की किल्लत फिर शुरू हो गई। स्कूल परिसर में एक सालों पुराना हैंडपंप है, जो करीब दो महीने से बंद है। हैंडपंप से स्कूल प्रबंधन को उतना पानी मिल पाता था, जिससे बच्चों के लिए भोजन पकाया जा सके। अब न नगर पालिका की पाइपलाइन से और न ही हैंडपंप से पानी की पूर्ति हो पा रही है। ऐसे में गर्मी की आमद से पहले ही इस स्कूल में जलसंकट के हालात बन गए हैं।

### मध्याहन भोजन बनाने पानी अनिवार्य होता है -नीता पटले

माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका नीता पटले ने बताया कि जब पाइपलाइन से पानी आना बंद हुआ तो, कुछ दिन हैंडपंप का सहारा मिला, लेकिन अब हैंडपंप भी अब पानी नही दे रहा है। मध्याहन भोजन बनाने पानी अनिवार्य होता है, इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं कर सकते। इसलिए रसोइयां महिलाएं करीब आधा किमी दूर हैंडपंप से बर्तनों में पानी ला रही हैं। ताकि बच्चों को समय पर भोजन मिल सके। बताया गया कि जलसंकट को लेकर स्कूल प्रबंधन द्वारा कई बार नगर पालिका सहित संबंधित विभाग से शिकायत की गई है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है।

### स्कूलों में पीने के पानी की व्यवस्था बनवाने के लिए के टैंकर भिजवा रहे हैं - योगेश बिसेन

इस विषय को लेकर जब हमारे द्वारा नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद योगेश बिसेन से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें इस विषय की जानकारी है और वह लगातार नगर पालिका के टैंकर स्कूलों में पीने के पानी की व्यवस्था बनवाने के लिए भिजवा रहे हैं अभी एक या दो दिन से शायद पानी के टैंकर स्कूल नहीं गए होंगे, क्योंकि वह शहर से बाहर थे किंतु वह तुरंत ही इस विषय पर जानकारी लेकर स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था बनाएंगे।

# कटंगी-तिरोड़ी ट्रेन की टक्कर से हुई दो मादा चीतल की मौत

## वनविभाग ने मृतक चीतलों का किया अंतिम संस्कार

## बजरंग घाट से शंकरघाट के बीच ट्रेन की गति कम करने लिखा रेल्वे को पत्र

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बजरंग घाट से शंकर घाट के बीच कटंगी तिरोड़ी ट्रेन की चपेट में आने से दो मादा चीतलों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आज प्रात: लगभग 6 बजे से 6-30 के बीच कटंगी से तिरोड़ी के बीच चलने वाली ट्रेन जब बालाघाट पहुंच रही थी, इसी दरम्यान शंकर घाट से बजरंग घाट के बीच इस ट्रेन से दो मादा चीतल टकरा गई एवं घटनास्थल पर की मौत हो गई जिसकी जानकारी लगते ही वन विभाग की टीम ने दोनों मादा चीतलों को पीएम करवा कर अंतिम संस्कार करवा दिया है। बताया जा रहा है कि रेलवे विभाग को शंकर घाट से बजरंग घाट के बीच वन्य प्राणी की हलचल देखते हुए ट्रेन की गति कम करने के लिए एक पत्र भी लिखा गया है। जिले में वन्यप्राणियों की बाहुलता ही उनकी जान की दुश्मन बन गई है। कभी शिकारियों तो कभी हादसो का शिकार हो रहे है। बालाघाट वनपरिक्षेत्र में चीतल और अन्य वन्यप्राणी मौजूद है। जिन्हें अक्सर विचरण करते हुए, वनक्षेत्र में प्रात: और सायंकाल भ्रमण करने वालों ने देखा है। ट्रेन से दो वन्यजीव चीतल की मौत पर वन्यजीव प्रेमियों ने दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि वनो में निवासरत वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए तैनात वन अमले को वन्यजीवो की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनर्रावृत्ति ना हो। इसके साथ ही वन्यजीव प्रेमियों ने रेलवे प्रबंधन से भी मांग की है कि बुढ़ी रेलवे क्रासिंग से वैनगंगा पुल तक यदि ट्रेन की रफ्तार धीमी हो तो वन्यजीवों को ऐसे हादसे से बचाया जा सकता है।



### प्रात:काल, दो मादा चीतल की मौत हो गई-धर्मेन्द्र बिसेन

इस मामले में परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र बिसेन ने बताया कि बजरंग घाट और शंकरघाट के बीच रेलवे लाईन में ट्रेन की चपेट में आने से प्रात:काल, दो मादा चीतल की मौत हो गई। इस घटना में मृतक दोनो ही मादा चीतलों का शव परीक्षण कराकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया है।

### ट्रेन की गति कम करने रेल विभाग को लिखा गया है पत्र

प्रशासनिक सूत्रों से यह जानकारी आ रही है कि जिस प्रकार से शंकर घाट से लेकर बजरंग घाट बूढी क्रासिंग तक वन्य जीव का अधिकतर विचरण रहता है और आए दिन इस बीच वन्य प्राणियों की ट्रेन से टकराने से मौत को देखते हुए वन विभाग द्वारा शंकर घाट से रेलवे क्रॉसिंग बूढी तक ट्रेन की गति कम करने को लेकर पत्र भी लिखा गया है ताकि इस बीच ट्रेन की गति यदि कम कर दी जाती है तो वन्य जीव आसानी से पटरी क्रॉस कर दुर्घटना का शिकार होने से बच सकते है।

# नजूल शाखा का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

## प्रकरणों में कमियां मिलने पर 2 आरआई और रीडर को जारी होगा शोकॉज नोटिस




बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित नजूल शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नजूल, आरसीएमएस पोर्टल, आवक-जावक, निरीक्षण के दौरान नामांकन की स्थिति आदि प्रकरणों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों को दूर कर 121 प्रकरणों को दर्ज करने और कलेक्टर कोर्ट में लाने के निर्देश दिए है। नजूल के प्रकरण आगामी तीन दिनों में ही कोर्ट में लाये जाएंगे। आरसीएमएस पोर्टल पर दअर्ज ऐसे प्रकरण जिनमें चार से पांच वर्षो से प्रोसेस नही हुए है। उन्हें भी कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। नजूल व आरसीएमएस प्रकरणों में कमियां पायी जाने पर राजस्व निरीक्षक तरुण प्रकाश बिसेन और हीरालाल टेकाम तथा नजूल रीडर चमन सोनकर को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर एमआर कोल व आरआर पांडे सहित शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक रमेश लटारे को मातृशोक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। )बालाघाट शहर के वार्ड क्रमांक-11 बूढी निवासी एवं शासकीय माध्यमिक शाला भटेरा में पदस्थ शिक्षक रमेश लटारे की माताजी श्रीमती त्रिवेणी लटारे का आज 70 वर्ष की आयू में निधन हो गया। जिनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार वैनगंगा नदी के पावन तट पर किया गया। जानकारी के मुताबिक श्रीमती त्रिवेणी लटारे पिछले माह से स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझ रही थी। आज 10 फरवरी को प्रात- लगभग 3.45 बजे उन्होने अंतिम सांस ली और इस दुनिया से बिदा ले ली। दोपहर में स्वर्गीय त्रिवेणी लटारे का अंतिम संस्कार स्थानीय जागपुर घाट में वैनगंगा नदी के तट पर किया गया। उनके अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोगो की उपस्थिति रही। जिन्होने दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांती एवं उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की। स्वर्गीय त्रिवेणी लटारे अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री का भरा पुरा परिवार छोड़ गई है।

# विद्युत विभाग द्वारा ग्रामों को आदर्श विद्युत ग्राम बनाए जाने को लेकर की जा रही है रूपरेखा तैयार

## विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर ने बालाघाट प्रवास के दौरान भरवेली मायल में की समीक्षा बैठक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अब विद्युत विभाग के द्वारा प्रदेश के प्रत्येक उपसंभाग में आदर्श विद्युत ग्राम बनाने की योजना बनाई जा रही है जिसके लिए विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी प्रत्येक उपसंभाग में जाकर बैठक कर रहे हैं ,और यह निर्धारित किया जा रहा है कि किस गांव में कितने विद्युत कनेक्शन है ,लाइन की क्या स्थिति है, मीटर , ट्रांसफॉर्म समेत अन्य सभी जानकारी लेकर उन ग्रामों का चयन कर उन्हें आदर्श विद्युत ग्राम बनाने की योजना बनाई जा रही है, इसी क्रम में 10 फरवरी को मायल नगरी भरवेली में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। आपको बता दे की मध्यप्रदेश के प्रत्येक उपसंभाग में आदर्श विद्युत ग्राम बनाने की योजना पर विद्युत विभाग काम कर रहा है। इसके लिए गांव का चयन विभाग कर वहां की वस्तुस्थिति समझने का कार्य किया जाएगा, कि उस गांव में कितने घर है, कितने विद्युत कनेक्शन, लाइन सुधार, मीटर, ट्रांसफार्मर समेत अन्य की जानकारी ली जाएगी। जिसके बाद तीन माह का समय लिया जाएगा कि चयनित किए गए गांव में इन सभी सुविधाओं से दुरस्त की जाए जिसके बाद गांव के ही पांच लोगों की समिति का गठन किया जाएगा और विद्युत चोरी, विद्युत संबंधी समस्या, राजस्व वसूली, चौपाल समेत अन्य कार्य कर आदर्श विद्युत ग्राम बनाने का कार्य किया जाएगा, ये बातें विद्युत विभाग चीफ इंजीनियर के.एल वर्मा ने बालाघाट प्रवास के दौरान भरवेली मायल में समीक्षा बैठक के दौरान कहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने बालाघाट के विद्युत कार्यालयों का निरीक्षण भी किया है और निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि बालाघाट जिले की अन्य जिलों से बेहतर प्रगति हैं।



### कृषि क्षेत्र में दस घंटे व अन्य क्षेत्र में 24 घंटे बिजली देना

समीक्षा बैठक के दौरान चीफ इंजीनियर ने अनौपचारिक चर्चा के दौरान कहा कि उनके बालाघाट निरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य ये है कि सरकार की मंशा अनुरुप में रुरल एरिया व कृषि क्षेत्र में दस घंटे व अन्य क्षेत्र में 24 घंटे बिजली बिना किसी व्यवधान दी जा सके जिससे कि सरकार का उद्देश्य पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि राजस्व की शतप्रतिशत वसूली के साथ ही विद्युत के लिए उपभोक्ताओं को परेशान न होने पर व विद्युत चोरी रोकी जा सके इस पर पूर्ण रुप से कार्य किया जा रहा है।

### विद्युत मेंटनेंस सही करने की आवश्यकता है

विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर ने बताया कि कई जरुरी नहीं कि विद्युत खपत अधिक होने व बिल कम आने पर वहां विद्युत की चोरी हो रही है, यहां कई बार पेड़ विद्युत लाइन पर आ जाते है और पेड़ की टहनियों से विद्युज जमीन के अंदर चली जाती है। ऐसे में विद्युत मेंटनेंस सही करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूरे अमले को इस बात का जरुरी ध्यान रखना है कि जिन घरों में विद्युत कनेक्शन नहीं है वहां कनेक्शन लगाए, घर के अंदर के मीटर को बाहर करें और जिन घरों में खपत कम आ रही है, लेकिन खपत ज्यादा है ऐसे घरों की लगातार मानीटीरिंग की जाए।

### सौर उर्जा के लिए कर रहे प्रेरित

बालाघाट प्रवास के दौरान चीफ इंजीनियर ने कहा कि विद्युत के साथ ही सौर उर्जा के लिए उपभोक्ता जागरुक हो जबलपुर संभाग के प्रत्येक कार्यालय काम किया जा रहा है। यहां प्रत्येक सभी कार्यालय में सौर उर्जा के फायदे के बैनर पोस्टर लगाए जा रहे है। साथ ही मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में भी उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी दी जा रही है और शुक्रवार को भी बताया जा रहा है कि यदि वे छोटे-छोटे प्लेट भी सौर उर्जा के लगाते है तो उनका बिल कम होगा और जो बिजली बचेगी उसे वापस लेकर उसका भुगतान भी उन्हें किया जाएगा। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग के जितने भी यूनियन है उनकी बैठक लेकर उनकी समस्याओं को सुना है और ये समस्याएं उनके कार्य क्षेत्र की है जिसे जल्द से जल्द निपटाने का प्रयास किया जाएगा। समीक्षा बैठक के दौरान बालाघाट जिले के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजस्व भूमि वन भूमि में होगी परिवर्तित

## सुंदर के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, 25 एकड़ भूमि छोड़ने की रखी मांग



कटंगी(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत सुंदर (बिरसोला) के ग्रामीणों ने सरपंच के नेतृत्व में वन विभाग उपवन मंडल अधिकारी और वन परिक्षेत्र अधिकारी को गत दिवस ज्ञापन सौंपा है. इस ज्ञापन के जरिए ग्रामीणों ने करीब 25 एकड़ राजस्व भूमि ग्रामीणों के निस्तार के लिए छोड़ने की मांग रखी है. दरअसल, कलेक्टर के आदेश पर ग्राम सुन्दर में स्थित राजस्व की शासकीय मद की खसरा नं 210/1 और 264/1 की भूमि को वन भूमि में परिवर्तित करने की कार्रवाई की जानी है. जिसकी प्रारंभिक प्रक्रिया करीब एक साल पहले ही शुरू भी हो चुकी है. कलेक्टर के आदेश पर वन विभाग ने भूमि का सर्वे और पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है लेकिन अब जैसे ही ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मिली है कि राजस्व की पूरी भूमि को वन विभाग को सौंपा जाना है. ग्रामीण इसमें संशोधन कर 25 एकड़ भूमि को निस्तार के लिए छोड़ने की मांग कर रहे है. बता दें कि राजस्व विभाग की करीब 250 एकड़ रिक्त भूमि को वन भूमि में परिवर्तित किए जाने की कार्रवाई प्रस्तावित है अगर यह पूरी भूमि वन भूमि में परिवर्तित की जाती है तो सुंदर के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. गौरतलब हो कि तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुंदर में करीब 250 एकड़ में बड़े झाड़ का जंगल है जिसे वन विभाग को सौंपे जाने की कार्रवाई कलेक्टर के आदेश पर की जा रही है. ग्राम पंचायत सुंदर के सरपंच प्रतिनिधि विशेष बिसेन ने बताया कि अगर पूरी भूमि को वन भूमि में परिवर्तित कर दिया गया तो मवेशी चारागृह, निस्तारी तालाब, शमशानघाट, सुंदर से एरवाघाट सड़क मार्ग, ग्राम पंचायत भवन, पेयजल टंकी, स्टॉप डेम, सुन्दर से सुकडी मार्ग, राशन गोदाम, सामुदायिक भवन, खेल मैदान, स्कूल भवन, आंगनबाडी केन्द्र की तरफ जाने वाले निस्तारी रास्ते बंद हो जाएगें. ऐसे में गांव में कोलाहल मच जाएगा. जिसके चलते 25 एकड़ भूमि छोड़ने की मांग की गई है. ग्रामीणों की माने तो अगर पूरी भूमि को वन भूमि में परिवर्तित कर विभाग को सौंप दी जाएगी तो सुन्दर सहित अन्य आसपास के ग्रामीणों और किसानों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। विशेष कुमार बिसेन, सुमित देवाहे, शिवप्रसाद चाड़े, गौरीशंकर बिसेन, छन्नुलाल चौहान, मुकेश, विनोद, परिक्षित लिल्हारे, भोजराज मरठे, टामलाल लिल्हारे, आशिक नगपुरे, नवीन अमुले, गिरीश बावने, लोकचंद सहारे सहित अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर 25 एकड़ की भूमि को छोड़ने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की

## कीटनाशक दवाई के सेवन में आने से कृषक की मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। चने की फसल में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय ,कीटनाशक दवाई के संपर्क में आने से गंभीर कृषक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक कृषक हंसलाल पिता रामचरण गौतम 42 वर्ष ग्राम धरपीवाड़ा थाना लालबर्रा निवासी है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस कृषक की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हंसलाल गौतम अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। 10 फरवरी को सुबह 6-00 बजे हंसलाल गौतम अपने खेत में चने की फसल में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गया था। खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय अचानक कीटनाशक दवाई के संपर्क में आने से कृषक हंसलाल गौतम चक्कर आने से खेत खलियान में ही सो गया था। जिसे परिवार वालों ने खेत खलियान में सोए हालत में देखें और उसे तुरंत ही एंबुलेंस से लालबर्रा के शासकीय अस्पताल में लाकर भर्ती किए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कृषक हंसलाल गौतम को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था जिला अस्पताल में उपचार के दौरान कृषक हंस लाल गौतम की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे और आरक्षक मुकेश मानेश्वर ने मृतक कृषक हंसलाल गौतम की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिए और मार्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना लालबर्रा भिजवा दी है।

# देर से आने को लेकर दुकान मालिक के लड़के ने दुकान के मजदूर से की मारपीट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। काली पुतली चौक स्थित कस्तूरी चाट हाउस मैं काम करने वाले एक मजदूर को काम पर लेट आने को लेकर दुकान के मालिक के लड़के ने हाथ बुक्को से मारपीट किया वही हाथ की अंगुली में पहने अंगूठी सिर में लगने यह मजदूर घायल हो गया। घायल मजदूर सागर पिता पप्पू भलावी 26 वर्ष वार्ड नंबर 3 सरस्वती नगर बालाघाट निवासी है जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। इस मामले की जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर भलावी काली पुतली चौक समीप स्थित कस्तूरी चाट हाउस में प्रतिदिन 8-30 बजे काम करने के लिए आता है। रोज की तरह 10 फरवरी को 8-30 बजे करीब सागर भलावी कस्तूरी चार्ट हाउस में काम करने के लिए गया था। इस दुकान में राजश्री पान मसाला भी बिकता है। 11-15 बजे करीब सागर भलावी ने दुकान से ही दो राजश्री उठाया था। दुकान के मालिक को बताना भूल गया और अपने काम में लग गया था ।इसी समय दुकान के मालिक का लड़का अलमास सिद्दीकी आया और सागर भलावी को गुस्से में बोला मैं सुबह 5-00 बजे से काम करने आता हूं। तू अभी 8-00 बजे आ रहा है। इसी बात को लेकर अलमास सिद्दीकी ने सागर भलावी को हाथ बुक्को से मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान अलमास सिद्दीकी के हाथ के अंगुली की अंगूठी सागर भलावी के सिर में लगने से सिर में चोट आई। सिर से खून निकलने लगा। इसके बाद सागर भलावी अपना इलाज करवाने के लिए पैदल ही जिला अस्पताल पहुंचा। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के आरक्षक विक्रम शर्मा ने सागर भलावी का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना कोतवाली बालाघाट भिजवादी है। जिसकी आगे जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जाएगी।

## बिजली विभाग के नियमित और पेंशनर कर्मियों ने मुख्य अभियंता को समस्याओं से कराया अवगत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।10 फरवरी को बिजली विभाग के प्रमुख अभियंता के.एल. वर्मा का बालाघाट आगमन होने पर बालाघाट वृत्त के अधिकारी और यूनियन पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।



इस दौरान अधीक्षण यंत्री एवं यूनियन संरक्षक इंजी. दीपक उईके, वृत्त अध्यक्ष कार्यपालन यंत्री रवि कुमार गुप्ता, पेंशनर्स एशो. वृत्त संरक्षक रिटायर्ड इंजी. व्ही.के. भगत, यूनाईटेड फोरम रिजन उपाध्यक्ष आई.डी. पटले, संघ फेडरेशन अध्यक्ष आर.के. शर्मा, संभागीय सचिव शिव कुमार मुवनेश्वर, सदस्य महेन्द्रसिंह राजपूत, आर.एस. सिंह, ओमप्रकाश कावसे, जियालाल धार्मिक, कर्मचारी महासंघ प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव, सदस्य राधेश्याम ठाकरे, प्रेम जागड़े, सुरेश असाटी, महेन्द्र प्रभाकर सुभाष मानेश्वर, श्रीमती वंदना पंवार और पंचशीला खोब्रागदे सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यो ने प्रमुख अभियंता श्री वर्मा का नियमित और पेंशनर्स कर्मचारियो की समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षण करवाया। यूनियन ने प्रमुख अभियंता के समक्ष आउटसोर्स कर्मियों का प्रतिमाह भुगतान, रिवालविंग फंड की बढ़ोत्तरी, मृतक कर्मियों के परिजनो को आउटसोर्स में भर्ती, मेडिकल सुविधा, सहित अन्य मांगे रखी। बैठक के अंत में परीक्षण सहायक मोहसीन खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मंदिरटोला (मोहगांव) के ग्रामीणजनों को नहीं मिल रहा नल-जल योजना का पानी

## पेयजल की समस्या से जुझ रहा गांव, पानी की टंकी का निर्माण करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। नगर मुख्यालय से लगभग ४ किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत मोहगांव ( बोरी ) के अंतर्गत आने वाली ग्राम मंदिरटोला के ग्रामीणजनों को नल-जल योजना का पानी नही मिल रहा है। जिससे ग्रामीणजनों को पानी के लिए खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि ग्राम से तीन किमी. दूर बरघाट स्थित पानी टंकी से ग्राम मंदिरटोला में पानी प्रदाय किया जाता है परन्तु दूरी अधिक होने के कारण नल-जल योजना का पानी ग्राम तक नही पहुंच पा रहा है ऐसी स्थिति में गर्मी के दिनों में पानी की समस्या अधिक बढ़ सकती है। ग्रामीणजनों ने शासन-प्रशासन से ग्राम में पानी की टंकी का निर्माण कर नियमित रूप से नल-जल योजना का पानी प्रदाय करने की मांग की है ताकि पानी की समस्या से निजात मिल सके।**





### हेंडपंप में दबाव अधिक होने पर निकलता है दुषित पानी

आपकों बता दें कि मंदिरटोला (मोहगांव) में नल-जल योजना के तहत नल का कनेक्शन प्रत्येक घरों में कर दिया गया है परन्तु कुछ निवासरत लोगों के घरों में विगत माह से एक बुंद पानी नही आ रहा है तो वहीं कुछ लोगों के घरों में सप्ताह में एक-दो बार ५-१० मिनट पानी मिल रहा है। साथ ही ग्राम में एक मात्र हेंडपंप है जिसमें सुबह से पानी भरने वालों की भीड़ लग जाती है जिसके कारण हेंडपंप से जिंक वाला पानी निकल रहा है एवं ग्रामीणजन जिंक वाला पानी पीने मजबूर है। साथ ही अगर हेंडपंप खराब हो गया तो पानी के लिए बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है ऐसी स्थिति में दुर स्थित हेंडपंप व कुआं से पानी लाने मजबूर है ग्रामीण। वहीं ग्रामीणजनों के द्वारा पीएचई विभाग व पंचायत को कई बार पानी की समस्या से अवगत करवा चुके है परन्तु उनकी इस पानी की समस्या को दुर नही किया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन के द्वारा करोड़ों रूपये खर्च कर नल-जल योजना के तहत गांव-गांव में नल कनेक्शन कर घरों तक छिंदलई वैनगंगा नदी का पानी पहुंचाना है परन्तु मंदिरटोला (मोहगांव) के कुछ ग्रामीणजनों को नल-जल योजना का सप्ताह में एक-दो दिन में ५-१० मिनट पानी मिलता है तो कुछ लोगों को नही मिल रहा है। जिसके कारण पानी की समस्या बनी हुई है। ऐसी स्थित में दूर स्थित कुएं व हेंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है। साथ ही पानी की समस्या से सरपंच-सचिव को कई बार अवगत करवा चुके है परन्तु कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है। जबकि शासन की मंशा है कि नल-जल योजना के तहत हर घर तक शुध्द पानी पहुंचाना है परन्तु उनकी योजना विफल साबित होते नजर आ रही है।

### नल कनेक्शन घर की शोभा बढ़ा रही है - नीतू

श्रीमती नीतू दुधबुरे ने बताया कि मंदिरटोला मोहगांव में नल-जल योजना के तहत सभी के घरों में नल का कनेक्शन किया गया है परन्तु उसमें पानी आ रहा है सिर्फ नल कनेक्शन घरों की शोभा बढ़ रही है उसमें एक बुंद पानी नही आ रहा है। जबकि रोजाना पानी मिलना चाहिए और पानी की समस्या से कई बार सरपंच-सचिव को भी शिकायत कर चुके है परन्तु कोई ध्यान नही दे रहे है। ऐसी स्थिति में दुर स्थित हेंडपंप व कुएं का पानी लाकर उपयोग कर रहे है। साथ ही यह भी बताया कि हेंडपंप में दबाव अधिक होने पर उससे भी दूषित पानी निकलता है जिसे पीने मजबूर है और ग्राम में पानी की समस्या बनी हुई है।



### पानी टंकी का किया जाये निर्माण - उमा

श्रीमती उमा सिलेकर ने बताया कि नल कनेक्शन तो कर दिया गया है परन्तु नियमित रूप से पानी नही आता है और कुछ वार्ड में सप्ताह में एक या दो बार पानी आता है उसमें भी ५ से १० मिनट ही पानी मिलता है परन्तु तेज गति से नही आता है जिसके कारण ग्राम में पानी की समस्या बनी हुई है। श्रीमती सिलेकर ने बताया कि गर्मी के दिनों में और पानी की समस्या बढ़ जायेगी, पानी की समस्या से कई बार पंचायत में शिकायत कर चुके है उनके द्वारा हर समय कहा जाता है कि नियमित रूपये पानी प्रदाय करेगें और शिकायत के बाद एक-दो दिन पानी मिलता है उसके बाद समस्या जस की तस हो जाती है। साथ ही यह भी बताया कि बरघाट में बनी टंकी से पानी आता है इसलिए हमारी मांग है कि मंदिरटोला में नवीन पानी टंकी का निर्माण किया जाये ताकि नियमित रूप से पानी मिल सके।



### नल-जल योजना का नही मिल रहा पानी - दिलीप

दिलीप कावरे ने बताया कि शासन के द्वारा वर्ष २०२२ में मंदिरटोला मोहगांव में नल-जल योजना के तहत नल का कनेक्शन किया गया है और बताया गया था कि छिंदलई वैनगंगा नदी का शुध्द पानी रोजाना मिलेगा परन्तु नियमित रूप से पानी नही मिलता है, कभी-कभी ५ से १० मिनट ही नल में पानी आता है वह भी नही के बराबर जिससे ग्राम में पानी की समस्या बनी हुई है जबकि नल-जल योजना का पानी रोजाना मिलना चाहिए। श्री कावरे ने बताया कि ग्राम में कुआं व एक हेंडपंप है उससे ग्रामीणजन पानी लाते है परन्तु हेंडपंप खराब हो जाता है तो दुर स्थित कुएं से पानी लाना पड़ता है परन्तु गर्मी के दिनों में कुएं भी सूख जाते है तब पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए प्रशासन से मांग है कि पाईपलाईन में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी है तो उसमें सुधार कर नियमित रूप से पानी प्रदाय करें।



### पानी टंकी का निर्माण करवाने पीएचई विभाग से की है मांग - अभिनव

मोहगांव बोरी सरपंच प्रतिनिधि अभिनव सिंहमारे ने बताया कि ग्राम में नल-जल योजना के तहत गांव-गांव में नल का कनेक्शन किया गया है और पानी टंकी बरघाट में बनी हुई जिसमें छिंदलई वैनगंगा नदी का पानी पाईपलाईन के माध्यम से आता है। जिसके बाद बरघाट, मोहगांव एवं मंदिरटोला के ग्रामीणजनों को पानी प्रदाय किया जाता है परन्तु पानी टंकी से मंदिरटोला की दुरी करीब ३ किमी. है जिसके कारण तेज गति से पानी नही पहुंचने के कारण ग्राम में पानी की समस्या बनी हुई है जिसके संबंध में कई बार पीएचई विभाग को भी अवगत करवा चुके है। श्री सिंहमारे ने बताया कि मंदिरटोला में पानी की टंकी का निर्माण होने के बाद ही पानी की समस्या दुर हो सकती है जिसके लिए पीएचई विभाग को पानी टंकी का निर्माण करवाने के लिए मांग पत्र भेजा गया है, शासन से स्वीकृत होने के बाद पानी की टंकी का निर्माण किया जायेगा।



# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में लोहारा माध्यमिक स्कूल रहा अव्वल


## अखिल विश्व गायत्री परिवार ने आर्यन और वीर को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। गायत्री तीर्थ शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में विगत माह भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें शासकीय माध्यमिक स्कूल लोहारा का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा है। चर्चा में शिक्षक हरिप्रसाद देशमुख ने बताया कि गायत्री तीर्थ शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा २०२३-२४ में आयोजित की गई थी। जिसमें नैतरा मंडल के सेवानिवृत्त प्रधानपाठक हरिलाल बिसेन के मार्गदर्शन में विद्यालयों में फार्म भरवा कर परीक्षा आयोजित की गई जिसमें कक्षा पांचवी से आठवीं तक के विद्यार्थी ने ब्लॉक स्तर पर परीक्षा दी। आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कक्षा पांचवी के ब्लॉक स्तर पर लगभग २०० बच्चों ने परीक्षा में शामिल हुए जिसमें शासकीय माध्यमिक स्कूल लोहारा संकुल नेवरगांव वा के पांच में से दो छात्र आर्यन पिता जुगराम पटले ने ब्लॉक में प्रथम स्थान एवं वीर पिता सौरभ बोरकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के शैलबाला पांड्या प्रमुख अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा हस्ताक्षरित् प्रशस्ति पत्र एवं प्रथम स्थान प्राप्त आर्यन पटले को नगद ३५० रूपये एवं द्वितीय स्थान प्राप्त वीर बोरकर को २५० रूपये देकर सम्मानित किया है। श्री देशमुख ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से बच्चों में समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक विकास, नैतिक मूल्यों के विकास में लग्न, निष्ठा और जागरूकता का उत्थान होता है। इसी तरह कक्षा छठवीं से आठवीं के १५ छात्र-छात्राओं ने भी इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उन्हें भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शासकीय माध्यमिक स्कूल लोहारा के कक्षा ५ वीं में अध्ययनरत दो छात्रों ने ब्लाक में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अपना अच्छा प्रदर्शन किया गया जिससे उनके माता-पिता एवं शिक्षकों में हर्ष की लहर व्याप्त है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को संपन्न करवाने में स्कूल के प्रधानपाठक सत्यप्रकाश डोंगरे, आनंद लांजेवर, श्रीमती आशा ठाकरे, श्रीमती सरिता देशमुख, भुनेंद्र एड़े, हरिप्रसाद देशमुख, प्रेमचंद मेश्राम का सराहनीय योगदान रहा है। बधाई देने वालों में विकासखण्ड गायत्री परिवार के संयुक्त समन्वय समिति लालबर्रा के पदाधिकारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव वा. के श्रीमती लक्ष्मी पटले, माध्यमिक स्कूल की शिक्षिका श्रीमती नीता बोपचे सहित अन्य शिक्षकगण शामिल है।



# नवागत थाना प्रभारी, दो उपनिरीक्षक का स्वागत एवं थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा को दी गई विदाई

## थाने में स्वागत एवं विदाई समारोह कार्यक्रम एसडीओपी की उपस्थिति में हुआ संपन्न





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित थाने में १० फरवरी को विदाई एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम एसडीओपी अभिषेक चौधरी, नवागत लालबर्रा थाना प्रभारी हेमंत नायक एवं थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा व अन्य पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर नवागत लालबर्रा थाना प्रभारी हेमंत नायक, उपनिरीक्षक महेन्द्रसिंह बघेल, सुनील चतुर्वेदी का तिलकवंदन कर स्वागत किया गया एवं लालबर्रा थाना से स्थानांरित हुए थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा का तिलकवंदन, शाल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर नये थाने में पूरी ईमानदारी से कार्य करने की शुभकामनाएं देने के साथ ही विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आपकों बता दे कि लालबर्रा थाने में पदस्थ कार्यवाहक थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा एक वर्ष से लालबर्रा थाने में अपनी सेवाएं दी है और विगत दिवस पुलिस विभाग के द्वारा कार्यवाहक निरीक्षकों को पदोन्नत कर निरीक्षक बनाया गया है। साथ ही उनका स्थानांतरण भी अन्य थानों में कर दिया गया है। जिसमें लालबर्रा थाने में पदस्थ कार्यवाहक थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा थाना प्रभारी बन चुके है जिनका सिंगरौली जिला स्थानांतरण हुआ है। जिन्हे लालबर्रा थाने से रिलिव कर दिया गया है जो ११ फरवरी को अपने स्थानांतरित जिले में अपनी आमद देगें। वहीं छत्तरपुर से स्थानांतरण होकर आये उपनिरीक्षक हेमंत नायक को लालबर्रा थाने का थाना प्रभारी नियुक्त किया गया गया है। जिनके साथ में दो उपनिरीक्षक महेन्द्रसिंह बघेल रीवा और सुनील चतुर्वेदी भोपाल से स्थानांतरण होकर आये है जिन्होने लालबर्रा थाने में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। १० फरवरी को थाने में स्वागत एवं विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर एसडीओपी एवं पुलिसकर्मियों के द्वारा नवागत थाना प्रभारी हेमंत नायक एवं उपनिरीक्षक महेन्द्रसिंह बघेल, सुनील चतुर्वेदी का स्वागत एवं थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा को विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने कहा कि पुलिस विभाग में २४ घंटे हम लोगों को अलर्ट रहना पड़ता है क्योंकि कब कहा क्या घटना, वारदात घटित हो जाये उसका कोई निश्चित समय नही होता है और मैंने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्षेत्र की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य सभी पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर किया है। साथ ही हम लोगों को नौकरी करने के साथ ही अपने परिवार को भी समय देना चाहिए और सभी को अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करने की बात कही। नवनियुक्त उपनिरीक्षक सुनील चतुर्वेदी ने कहा कि लालबर्रा थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा जी का स्थानांतरण जिला सिंगरौली हो चुका है जिनके बाद छतरपुर से आये नये उपनिरीक्षक हेमंत नायक को लालबर्रा का थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है, हम दोनों को शुभकामनाएं देते है कि बेहतर कार्य करें। साथ ही यह भी कहा कि हम तीनों बालाघाट जिले में स्थानांतरण होकर आये है, बालाघाट जिले की स्थिति कैसी है उसके बारे में जानना पड़ेगा और सभी परिस्थितियों के बीच रहकर हमें काम करना होगा और परिवार से दूर रहकर काम करना, वह अपनी छबि बनाना बहुत संघर्षमय होता है। नवागत थाना प्रभारी ने कहा कि जो जवाबदारी सौंपी गई है उसका ईमानदारी से निर्वहन कर क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता रहेगी। एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने कहा कि लालबर्रा थाना में पदस्थ कार्यवाहक थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा पदोन्नत होकर थाना प्रभारी बनकर बालाघाट से सिंगरौली जा रहे है और इनके पदोन्नत होने के बाद हमारी चर्चा हुई थी तो उन्होने कहा था कि सिंगरौली में स्थानांतरण होना चाहिए और उनकी इच्छानुसार उनका स्थानांतरण सिंगरौली हुआ है उन्हे ढेरों शुभकामनाएं देते है, वे नये थाने में अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। श्री चौधरी ने कहा कि लालबर्रा नवागत थाना प्रभारी हेमंत नायक जी ने भी पदभार ग्रहण कर लिया है। साथ ही यह भी कहा कि श्री मिश्रा ने भी लालबर्रा में बहुत अच्छा काम किये है जिसमें सभी पुलिसकर्मियों का भी पुरा सहयोग मिला है इसलिए सभी बधाई के पात्र है और सभी मिलकर क्षेत्र में अच्छी कानून व्यवस्था बनाने के साथ ही अपराधों पर अंकुश लगाने पर विशेष ध्यान दे। इस अवसर पर पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# बुट्टा ह. में पशु उपचार एवं टीकाकरण शिविर का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १५ किमी. दूर ग्राम पंचायत बुट्टा ह. में पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा गुरूवार को पशु उपचार एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सरपंच चंद्रकिशोर बघेले, पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर पशुओं का नि:शुल्क उपचार कर ८०० पशुओं को टीका लगाया गया एवं दवाईयां प्रदान की गई। साथ ही पशुओं की किस तरह से देख-रेख एवं पालन करना है उसके बारे में भी बताया गया एवं पशु विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही शासन की योजना का लाभ लेकर पशुपालन कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने प्रेरित किया गया। चर्चा में पशु चिकित्सक डॉ. आरके बिसेन ने बताया कि बुट्टा ह. में पशु उपचार एवं टीकाकरण शिविर क आयोजन किया गया जिसमें पशुओं का उपचार कर विभिन्न प्रकार की बीमारी के बचाव के लिए टीका लगाया गया है एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। साथ ही किसानों को पशु पालन विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी बताया गया है। डॉ. बिसेन ने बताया कि पशुपालन करने के लिए पशु मालिक को बैंक से लोन मिलता है जिसके माध्यम से वे भैंस व गाय की खरीदी कर उनका अच्छे से पालन कर दुग्ध विक्रय कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकते है। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. शिल्पा साहु, आरके बिसेन, मैत्री मनीष सोनवाने, गौसेवक श्रवण नगपुरे, मैत्री कमलेश पारधी, ग्रामीण उदेलाल बघेल, राकेश झंझाड़े, भुवनलाल बनोटे, कुवर बनोटे, छोटेलाल हिरापुरे, लक्ष्मीनारायण झंझाड़े सहित ग्रामीणजन एवं पशुमालिक उपस्थित रहे।



# बघोली प्रवेश गेट से साल्हे ला. पहुंच मार्ग खराब, आवागमन में हो रही परेशानी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी. दूर ग्राम पंचायत बघोली के प्रवेश गेट के सामने से साल्हे ला. पहुंच मार्ग का खस्ताहाल हो चुका है। साथ ही जगह-जगह से डामर उखड़ जाने एवं कुछ स्थानों पर गड्ढे बन गये है जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणजनों एवं स्कूल व कालेज आने वाले छात्र-छात्राओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। आपकों बता दे कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा विगत वर्ष पूर्व बघोली प्रवेश गेट से साल्हे ला. पहुंच मार्ग का डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया है परन्तु निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण जगह-जगह से डामर उखड़ने के साथ ही गड्ढे बन गये है। जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणजनों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं रात्रि के समय दुर से गड्ढे दिखाई नही देने से दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। जबकि इस मार्ग से साल्हे ला. चिचगांव, नवेगांव, खैरगोंदी सहित अन्य ग्रामों के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन लालबर्रा मुख्यालय आना-जाना करते है जिन्हे मार्ग खराब होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणजनों के द्वारा कई बार प्रशासन से खराब हो चुकी सड़क का मरम्मत कार्य करवाने की मांग की गई है परन्तु कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राओं पर प्रशासन के प्रति नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि बघोली प्रवेश गेट से साल्हे ला. पहुंच मार्ग का विगत वर्ष पूर्व डामरीकरण सड़क का निर्माण किया गया है परन्तु निर्माण कार्य घटिया तरीके से किया गया था। जिसके कारण कुछ ही सालों बाद सड़क खराब होने लगी है और जगह-जगह से डामर उखड़ने लगे है एवं कुछ स्थानों पर गड्ढे बन गये है ऐसी स्थिति में आवागमन करने में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि बघोली प्रवेश गेट से साल्हे ला. पहुंच मार्ग का जल्द मरम्मत कार्य करवाये ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।



कंजई में ''पद्मेश''

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 9131979508, 8319969927

# जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल इंट्री चयन परीक्षा सम्पन्न

## कक्षा ९ वीं एवं ११ वी में प्रवेश के लिये १३०८ परीक्षार्थियों ने हल किया पेपर

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा ९वीं एवं ११वीं की लैटरल इंट्री चयन परीक्षा १० फरवरी को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित की गई। यह परीक्षा स्थानीय स्तर पर ६ परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई । जिसमें कुल पंजीकृत १६९४ परीक्षार्थियों में से १३०८ परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर नवोदय लैटरल इंट्री चयन परीक्षा कक्षा ९वीं एवं ११ वीं का प्रश्न पत्र हल किया। यह परीक्षा सुबह ११ से १.४५ बजे तक संपन्न हुई । यह परीक्षा समस्त परीक्षा केंद्रों में शांति पूर्वक संपन्न की गई इस दौरान प्रत्येक परीक्षा केंद्रों में अधिकारियों के द्वारा परीक्षा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया।**



### पांच परीक्षा केंद्रो में ९वीं की चयन परीक्षा हुई आयोजित

जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल इंट्री चयन परीक्षा कक्षा ९वीं का आयोजन ५ परीक्षा केंद्रों में किया गया। जिसमें सीएम राइज टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कुल दर्ज ४०८ परीक्षार्थी में ३२७ परीक्षार्थी उपस्थित और ८१ अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कुल दर्ज ३१२ परीक्षार्थी में २५६ परीक्षार्थी उपस्थित ५६ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, आइडियल पब्लिक स्कूल चंदोरी में कुल दर्ज ३१२ परीक्षार्थी में २४९ उपस्थित ६३ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, कैरियर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कुल दर्ज २८८ परीक्षार्थी में २३६ उपस्थित ५२ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे एवं केशव इंग्लिश स्कूल में कुल दर्ज १६५ परीक्षार्थी में १३० उपस्थित ३५ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कक्षा नवमी के लिए कुल दर्ज १४८५परीक्षार्थी में से ११९८ परीक्षार्थी उपस्थित २८७ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### एक परीक्षा केंद्र में ११वीं चयन परीक्षा हुई

इसी प्रकार कक्षा ११वीं के लिए मात्र एक परीक्षा केंद्र बनाया गया। यह परीक्षा केंद्र जवाहर नवोदय विद्यालय को ही बनाया गया। जहां पर कक्षा ग्यारहवीं के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल इंट्री चयन परीक्षा में कुल दर्ज २०९ परीक्षार्थियों में से ११० उपस्थित रहे जिसमें से ९९ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### उड़ानदस्ते ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

जवाहर नवोदय विद्यालय की लैटरल इंट्री चयन परीक्षा तो शांति पूर्वक संपन्न कराने एवं परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए अधिकारी निर्धारित किया गया। जिसके द्वारा सभी ६ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें जवाहर नवोदय प्रभारी प्राचार्य रनबीर सिंह , बीआरसी सत्येंद्र शरणागत के द्वारा परीक्षा प्रारंभ से संपन्न होने तक समस्त केंद्रों का निरीक्षण किया गया। वहीं केंद्र स्तरीय प्रेषक नवोदय से नियुक्त किया गया जिसके माध्यम से यह परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुई।

### इतने पदों के लिए हुई चयन परीक्षा

जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल इंट्री चयन परीक्षा कक्षा ९वी एवं ११वीं के लिए आयोजित करवाई गई। जिसमें १६९४ छात्र.छात्राओं के द्वारा पंजीयन कराया गया था जिसमें से १३०८ परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया। जिसमें कक्षा नवमी के लिए ११९८ परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें से तीन परीक्षार्थी ही इस परीक्षा में चयनित होंगे क्योंकि कक्षा ९वी में ३ सीट है। तो वहीं कक्षा ग्यारहवीं के लिए ११० परीक्षार्थियों ने पेपर दिया है । जिसमें से अभी खाली सीट निर्धारित नहीं है यह कक्षा दसवीं की बोर्ड एग्जाम के बाद ११ वीं में बचने वाली सीट पर निर्धारित किया जायेगा की कितने विद्यार्थियों का चयन किया जाना है।


### लैटरल इंट्री चयन परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न -बीआर पटेल

परीक्षा प्रभारी बी आर पटेल ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल इंट्री चयन परीक्षा कक्षा ९वीं एवं ११वीं के लिए आयोजित की गई जिसमें ६ परीक्षा केंद्र बनाए गए। इसमें पांच परीक्षा केंद्रों में कक्षा ९वीं के लिए चयन परीक्षा आयोजित की गई । जिसमें कुल दर्ज १४८५ में ११९८ परीक्षार्थी ने पेपर दिया २८७ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं एक परीक्षा केंद्र में कक्षा ११वीं के लिए चयन परीक्षा आयोजित की गई जिसमें २०९ में ११० परीक्षार्थी उपस्थित ९९ अनुपस्थित रहे। इस दौरान कक्षा ९वीं में तीन सीट भरी जाना है कक्षा ११ वीं में अभी खाली सीट निर्धारित नहीं है । इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों में केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। वहीं बीआरसी सत्येंद्र शरणागत प्रभारी प्राचार्य रनबीर सिंह के द्वारा निरीक्षण भी किया गया।

# वार्ड नं.५ व ६ के वासी नल जल योजना के पानी से मोहताज

## मामला - ग्राम पंचायत मेहंदीवाड़ा का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मेहदींवाड़ा के वार्ड नंबर ५ व ६ में नल जल योजना का लाभ ग्रामीणों को नही मिल रहा है। पानी की इस समस्या को लेकर यह दोनों वार्ड के ग्रामीण जन काफी परेशानी में है। इन वार्ड के ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना हैं कि अगर हमें नल जल योजना का पानी उपलब्ध नही होगा तो हम लोग कोई कड़ा कदम उठायेंगे।



### काफी दूर से ला रहे पानी - भूरनबाई

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये भूरनबाई कोल्हे ने बताया कि हम लोग काफी दूर से पानी लाने मजबूर है। हमारे द्वारा इस बात की शिकायत भी ग्राम सरपंच को की गई है। मगर उनके द्वारा हमारे वार्ड क्रमांक ५ व ६ पर ध्यान नही दिया जा रहा है। हम यही चाहते है कि हमें भी नल जल योजना का पानी मिले ताकि हम लोगों को इधर उधर पानी के लिये भटकना न पड़े।

### नल जल योजना का कभी मिलता है पानी तो कभी नही - अरूणा नेवारे

इसी तरह ग्रामीण महिला अरूणा नेवारे ने पद्मेश को बताया कि हम लोगों को दूर दूर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाना पड़ रहा है। नल जल योजना का पानी कभी मिलता है तो कभी कई कई दिन हमें पानी से मोहताज रहना पड़ता है। बीते एक सप्ताह से हम लोग बस स्टैंड स्थित हेडपंप से पानी ला रहे है। हम यही चाहते है कि हमारे ग्राम में संचालित नल जल योजना का पानी हमारे वार्ड में भी सुचारू रूप से मिले।

### इनका कहना है

इस संबंध में जब पद्मेश नें दूरभाष पर मेहंदीवाड़ा सरपंच प्रतिनिधि किशोर तामेश्वर से चर्चा की तो उन्होने बताया कि वार्ड नं. ५ व ६ टेल पर होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। वार्ड क्रमांक ५ व ६ में जो पानी की समस्या है उसका शीघ्र निराकरण किया जायेगा। हमारा लक्ष्य है कि हर वार्ड में पानी पहुँचे। जिसके लिये हम प्रयासरत है।

**किशोर तामेश्वर**
**सरपंच प्रतिनिधि मेहंदीवाड़ा**

# एस एस गोंदिया एवं करीम स्पोर्ट नागपुर की टीम पहुंची सेमीफायनल में

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ऑल इंडिया देवधर ट्रॉफी २०२४ का टूर्नामेंट के नवमें दिन दो मैच खेले गयें । जिसमें पहला मैंच एस एस क्रिकेट अकैड़मी गोंदिया एवं मेजबान देवधर वारासिवनी के बीच खेला गया । जिसमें ५६ रनों से देवधर वारासिवनी को हराकर एस एस क्रिकेट अकैड़मी गोंदिया ने सेमीफायनल में अपनी जगह बना ली है। पहला मैच देवधर क्रिकेट क्लब और एस एस क्रिकेट अकैड़मी गोंदिया के बीच खेला गया। इस अवसर पर लकी रामचंदानी, जुगल खंडेलवाल, मोहम्मद इकबाल खान, विनय रुसिया, विकास पंडोरिया, बाल कृष्ण जैवार, श्रीमती निर्मला पटले, श्रीमती मीनाक्षी ठाकरे, श्रीमती ऊषा देशमुख, कामिनी ठाकुर, श्रीमती निशा टेंभरे, श्रीमती कामिनी बिसेन, श्रीमती अदिति गौतम, श्रीमती आभा परिहार, श्रीमती पूनम झॉं, श्रीमती विनीता गौतम, श्रीमती गरिमा राणा, श्रीमती आरती सोनकर, श्रीमती विजेता सोनेकर, श्रीमती योगिता वर्मा, श्रीमती शीतल अरोरा, श्रीमती प्रीति मिश्रा, सुश्री पूनम गिडवानी, सुश्री किरण शर्मा मौजूद रही। टॉस जीतकर मेजबान देवधर ने क्षेत्ररक्षण चुनते हुए एस एस गोंदिया को बल्लेबाजी के लिए निमंत्रित किया । एस एस गोंदिया की ओर से पारी की शुरुवात बहुत खराब रही । पहले ही ओवर में ३ विकेट गवा दियें जिसमें पहला विकेट रिषभ बनकर ० रन ,दूसरा विकेट साहिल टेभूर्निकर ० और तीसरा विकेट प्रथमेश कुंभरे के रूप में गिरा । दूसरे छोर पर अर्थव डटे रहे और खेलते हुए २६ गेंदो पर २० रनों की पारी खेली । वहीं जितेश १८ रन, सचिन ४३ रन और पुनित ने ३८ रनों का योगदान देते हुए टीम के स्कोर को १६९ रनों तक पहुंचाया। देवधर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनिल काबंली ४ ओवर २२ रन ३ विकेट प्राप्त किया । जीत के लिए १७० रनों को पीछा करने उतरी देवधर की ओर से राजा चौरसिया और पियुष की जोडी बहुत कुछ नही कर पाई और पहले विकेट के रूप में राजा चौरसिया ९ रनो पर अपना विकेट गवा दिया । देवधर की ओर से प्रतीक शर्मा ३३ रन, प्रशांत मंडलेकर १४ रन, जेड १७ रना बना कर १९.१ ओवर में ११३ रनों तक पहुंचाया । इस प्रकार मेजबान देवधर ने ५६ रनों से एस एस गोंदिया के हाथों पराजित हो गया । गोंदिया के गेंदबाज को ३ ओवर में महत्वपूर्ण ३ विकेट के लिए गुलशन को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्मिता जायसवाल के द्वारा मैन आफद मैंच प्रदान किया । वहीं दूसरा मैच करीम स्पोर्ट क्लब नागपुर और बैंगलोर के मध्य खेला गया। जिसमें वैभव कश्यप , यंज्ञेश लालु चावड़ा, सनी भाटिया,निशु बिसेन ,अभिषेक भैय्यु अग्रवाल उपस्थित रहे। बेंगलुरु ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लेने के चलते पहले बल्लेबाजी करते हुए करीम स्पोर्ट नागपुर ने २०८ का स्कोर खडा किया । जिसमें पारी के प्रारंभिक बल्लेबाज राबिन और वैभव ने पहले विकेट के लिए ३६ रनों का योगदान किया । वहीं दूसरा विकेट १६८ रनों पर पवन के रूप में गिरा । जिसमें रॉबिन ने ४१ गेंदों पर ७ चौके और ६ छक्के की सहायता से ८१ रन, पवन ने ३४ गेंदों पर ७ चौके और ४ छक्के की मदद से ६६ रन का योगदान दिया। बल्लेबाज वैभव ने २४ रन का योगदान देकर टीम का स्कोर निर्धारित १८ ओवर पर २०८ रनों तक पहुंचाया । २०९ रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु की टीम १६ ओवर में ही १० विकेट खोकर १४५ रन ही बना पाई । बेंगलुरु की पारी की शुरुआत मोनू और वेदांत के द्वारा गई । मोनु १२ रन और वेदांत १४ रन बनाकर आउट हुए। वहीं अमित ने २० गेंदों पर ४ चौके की सहायता से २६ रन, अध्यन ने १२ बालों पर ४ चौका और ३ शानदार छक्के की मदद से २३ रन ,जबकि यश ने २२ रन, अमित २२ रनों का योगदान देकर अपनी टीम को १४५ रनों तक पहुंचाया । करीम नागपुर के गेंदबाज तौसीफ अहमद ३ ओवर ३१ रन ३ विकेट, आशुतोष ३ ओवर २९ रन २ विकेट एवं राबिन २ ओवर ६ रन २ विकेट प्राप्त किया। करीम स्पोर्ट नागपुर के हरफन मौना खिलाड़ी राबिन को ८१ रन एवं गेंदबाजी में २ विकेट के लिए मैन आफद मैंच घोषित किया गया। जिन्हे बालाघाट के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल




# प्राथमिक स्कूलों में एफएलएन मेला आयोजित

## कक्षा १,२ के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर उठाया आनंद





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक स्कूलों में नई शिक्षा नीति के अनुसार ९ फरवरी को एफएलएन मेला २ का आयोजन किया गया। जिसमें अंकुर अभियान ,बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के लिए समग्र शिक्षा मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा जारी किए गए रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से संपूर्ण मेला आयोजित किया गया। जिसमें वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत १५५ शासकीय प्राथमिक शाला में छात्र.छात्राओं के द्वारा अपने पालकगण के साथ शामिल होकर भाग लिया गया। इस अवसर पर प्रत्येक प्राथमिक स्कूलों में जनपद सदस्य ,सरपंच ,उपसरपंच पंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। रिपोर्ट कार्ड के अनुसार ६ स्टॉल लगाए गए जहां पर एक विशेष गतिविधि का आयोजन करवाया गया। जिसमें पहले पंजीयन स्वयं की जानकारी तत्पश्चात शारीरिक विकास में जमीन पर लकीर खींचकर संतुलन बनाकर उस पर चलना, कूदना, पेपर फोल्ड कर नाव पंखा बनाना। इसी प्रकार बौद्धिक विकास में जोड़ी मिलन, रंग पहचाना, सामग्री का वर्गीकरण करना, सामग्री को बढ़ते और घटते क्रम में रखना। भाषा विकास में चित्र दिखाकर सवाल किए गए, अक्षर शब्द और वाक्य पढ़ाया गया, गणित की पूर्व तैयारी में आकर पहचान, गिनती, अंक की पहचान, जोड़ना घटाना एवं अंत में बच्चों का कोना में रंग भरना, अक्षर शब्द और नाम लिखना, चेहरे के भाव को पहचाना जैसी विभिन्न गतिविधियां खेलकूद के रूप में करवाई गई। जिसमें प्रत्येक छात्र छात्रायें का कोशिश जारी या कुशल के रूप में चिन्हित किया गया। जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी के अंतर्गत १५५ शासकीय प्राथमिक शाला आती है । जहां पर कक्षा पहली में १२००, कक्षा दूसरी में १५०० इस प्रकार कुल करीब २७०० छात्र छात्रायें दर्ज है। जिनके लिए अंकुर अभियान बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के लिए समग्र शिक्षा मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा जारी किए गए रिपोर्ट कार्ड के आधार पर मेला आयोजित किया गया। जिसमें करीब २५०० छात्र छात्राओं के द्वारा अपने पालको के साथ उपस्थित होकर आयोजित गतिविधियों को सीखा गया। ताकि पालक अपने बालकों को घर पर भी इस प्रकार से शिक्षित कर सके। चर्चा में बीआरसी सत्येंद्र शरणागत ने बताया कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान परीक्षा मेले के रूप में समस्त प्राथमिक स्कूलों की कक्षा एक और दो के लिए आयोजित किया गया। यह दूसरा चरण आयोजित किया गया था जिसमें विकासखंड के सभी १५५ प्राथमिक स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य है कि नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा पहली दूसरी में खेल खेल में जो शिक्षा दी जानी है । उसमें बच्चें किस प्रकार चीजों को सीख रहा है और कितने जल्दी सीख रहा है यह पता लगाने के लिए आयोजित किया गया। ताकि छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो और वह बेहतर तरीके से शिक्षा ग्रहण कर सके।

# चोर को व्यापारी ने किया पुलिस के सुपुर्द

## बस स्टैंड से पाइप, मोटर, एवं पंखा किया था चोरी



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। बस स्टैंड वारासिवनी के व्यापारी के द्वारा एक अज्ञात चोर को पड़कर १० फरवरी को पुलिस के सुपुर्द किया गया। जो अपना नाम ग्राम पूनी निवासी लखन पटले बता रहा है। जिसके द्वारा बस स्टैंड से पाइप ,मोटर,पंखा तीन दुकानों से चोरी करने की बात व्यापारियों के द्वारा कही जा रही है। जिसमें पुलिस के द्वारा चोर को अपनी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के बस स्टैंड में स्थित शुभम जैन की मोटर्स दुकान से ७ फरवरी की दोपहर में पाइप चोरी किसी अज्ञात के द्वारा कर ली गई थी। वहीं उसी दिन भारत इलेक्ट्रिकल से दो पंखे की भी चोरी हुई थी। फिलहाल दोनों दुकान के संचालकों के द्वारा इसकी शिकायत थाने में नहीं की गई थी और वह चोर की तलाश कर रहे थे। तभी अगले दिन ८ फरवरी को सत्कार होटल के बाजू मशीनरी की दुकान से एक मोटर भीड़ भाड़ का सहारा उठाकर चोरी कर ली गई थी । जिसकी जानकारी लगते ही उन्होंने तत्काल सीसीटीवी कैमरे चेक किया। जिसमें एक पीली शर्ट वाला व्यक्ति चोरी करता हुआ पाया गया। जिसकी पूरे बस स्टैंड में पतासाजी की गई तो वह थाने के सामने मोबाइल दुकान के पास में अत्यधिक शराब पीकर सोया हुआ था और मोटर बाजू में रखी थी। तो मोटर उन्होंने अपनी बरामद कर ली परंतु उसके बाद वह फरार हो गया । जिसे १० फरवरी को शुभम जैन के द्वारा पकड़ कर वारासिवनी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कि उसके द्वारा उनकी दुकान और पड़ोस की दुकान में चोरी की वारदात की गई है जिसमें पुलिस के द्वारा पूछताछ की जा रही है। पद्मेश से चर्चा में शुभम जैन ने बताया कि वर्तमान में सीजन चल रहा है इस कारण ठीक से ध्यान नहीं दे पाते हैं । परंतु ७ फरवरी को हमारी दुकान से पाइप चोरी हुआ था वहीं शाम को पड़ोस में श्री कटारे की दुकान से भी दो पंखे चोरी हुए थे। जिसकी जानकारी उन्होंने मुझे दी फिर ८ फरवरी को जानकारी लगी थी की सामने मशीनरी की दुकान से मोटर चोरी हुई है। जिसमें सीसीटीव्ही कैमरे में एक चोर को देखा गया जिससे मशीनरी तो मिल गई परंतु अत्यधिक शराब पिया हुआ था जिसे कुछ नहीं कहा गया और फिर वह भी गायब हो गया था। जिसकी लगातार तलाशी की जा रही थी जो बस स्टैंड में मिला तो उसे पुलिस थाना में लाकर दे दिया गया है। उसके द्वारा हमारा करीब ७०० रुपए का पाइप चोरी किया गया है। परंतु बाजू की इलेक्ट्रिकल दुकान से दो पंखे जो करीब ३००० रुपए की लागत के है हम चाहते हैं कि ऐसे चोरों पर कठोर कार्यवाही किया जायें।

खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

# विवेक बाकी है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मानक (बेंचमार्क) ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने और 'समायोजन को वापस लेने' के अपने रुख पर कायम रहते हुए 'मुद्रास्फीति को उत्तरोत्तर लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित रखने' के अपने मकसद पर अटल रहने का विवेकपूर्ण विकल्प चुना है। निर्णायक 5-1 के बहुमत के साथ, समिति मौद्रिक नीति को स्पष्ट रूप से अवस्फीतिकारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं को नियंत्रित रखा जा सके। खासकर ऐसे समय में, जब 'बड़े और दोहराव वाले महंगाई के झटके अवस्फीति की रफ्तार को बाधित कर रहे हैं'। लगातार छठी बैठक के लिए रेपो दर को 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखने के औचित्य के सवाल पर, गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि घरेलू आर्थिक रफ्तार जहां मजबूत बनी हुई है, वहीं खाद्य पदार्थों की कीमतों में छाई अनिश्चितताएं हेडलाइन मुद्रास्फीति की राह में रोड़ा बन रही हैं। उन्होंने साफ किया कि विचार-विमर्श के केन्द्र में यह वास्तविक जोखिम था कि खाद्य कीमतों का दबाव ज्यादा सर्वव्यापी न हो जाए और व्यापक हेडलाइन मुद्रास्फीति को प्रभावित न करने लगे। एमपीसी के बहुमत को मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई को प्राथमिकता देने पर एकजुट होने को खुदरा मुद्रास्फीति के हालिया रुझानों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। हेडलाइन खुदरा मुद्रास्फीति, जो जुलाई के 7.4 फीसदी के 15 महीने के उच्चतम स्तर से कम होकर अक्टूबर में 4.87 फीसदी हो गई थी, वह दिसंबर में फिर से उछलकर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.69 फीसदी पर पहुंच गई और उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक के हिसाब से खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़कर 9.53 फीसदी पर जा पहुंची, जोकि अक्टूबर महीने के 6.61 फीसदी से 292 आधार अंक ज्यादा है। खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर छाई अनिश्चितता ने नीति निर्माताओं को परेशान करना शुरू कर दिया है। यह हाल ही में आरबीआई के बुलेटिन लेख में परिलक्षित होता है। इस लेख में स्पष्ट रूप से इस सवाल का जवाब खोजने की कोशिश की गई है, 'क्या खाद्य कीमतें ही भारत की मुद्रास्फीति का 'असली' मूल हैं?' यह कहते हुए कि इस दावे के समर्थन में पर्याप्त अनुभवजन्य साक्ष्य हैं कि 'ऐसे मोड़ आते हैं जब खाद्य मुद्रास्फीति मूल मुद्रास्फीति जैसी लगती है', अधिकारियों ने चेताया है कि उपभोग की टोकरी में भोजन की पर्याप्त हिस्सेदारी के मद्देनजर, बड़े और बार-बार के खाद्य मूल्य के झटकों के बाहर की ओर पसरने और मुद्रास्फीति से जुडी अपेक्षाओं को कमजोर करके मूल्य स्थिरता के लक्ष्य से भटका देने का अंदेशा है। एमपीसी ने जनवरी-मार्च की तिमाही में औसत खुदरा मुद्रास्फीति के अपने अनुमान को घटाकर 5.0 फीसदी कर दिया है, जोकि दिसंबर के पूर्वानुमान से 20 आधार अंक कम है। समिति का यह कदम दर्शाता है कि नीति निर्माताओं ने रबी की बुआई में सुधार के साथ-साथ सब्जी की कीमतों में मौसमी सुधार से थोड़ी राहत की सांस ली है। फिर भी, उपभोक्ता कार्य विभाग का दैनिक मूल्य निगरानी डैशबोर्ड यह दर्शाता है कि दो-तिहाई से अधिक प्रमुख खाद्य पदार्थों की औसत खुदरा कीमतें 8 फरवरी को साल-दर-साल आधार पर ज्यादा रहीं। नीति निर्माताओं को महंगाई को स्थायी रूप से धीमा करते हुए 4 फीसदी के लक्ष्य पर लाने के अपने संकल्प पर दृढ़ रहने या फिर उपभोग में कमी आने और इस प्रकार विकास की रफ्तार धीमी होने का जोखिम झेलने के लिए तैयार रहने की जरुरत है।

# क्या उच्चतम न्यायालय भी "एक्शन" (कार्रवाई) कम "परसेप्शन" बनाने में ज्यादा लग गया है?

इंडिया "गठबंधन" का पहला "शक्ति परिक्षण" चंडीगढ़ मेयर चुनाव! "खूबसूरत शहर पर लोकतंत्र कमजोर करने का बदनुमा दाग"!

राजनीति निसंदेह "क्रिया" (कार्रवाई एक्शन) की बजाए "धारणा" (परसेप्शन) और "नरेटिव" से परिपूर्ण है। और इस मामले में तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कोई मुकाबला ही नहीं है। इसी "परसेप्श्न व नरेटिव" के सहारे प्रधानमंत्री "अबकी बार 400 के पार" का आत्मविश्वास से भरा कथन संसद में कर रहे थे। वर्तमान परिस्थितियां को देखते हुए इस दावे से एकदम से इंकार भी तो नहीं किया जा सकता है? "कर्ता से करतार हारे"।

लोकतंत्र को तार-तार कर देने वाली चंडीगढ़ मेयर के चुनावी प्रक्रिया का मामला पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से आवश्यक सहायता न मिलने पर उच्चतम न्यायालय पहुंचा। सुनवाई के दौरान प्रथमदृष्ट्रिया "वीडियो" क्लिक देखने के बाद माननीय मुख्य न्यायाधीश की यह बेहद तल्ख टिप्पणीयॉ थी कि "यह जनतंत्र की हत्या है"। "लोकतंत्र मजाक है"। "पूरे मामले से हम हैरान है। "चुनाव अधिकारी क्या कर रहे है? "चुनाव अधिकारी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए"। उक्त टिप्पणियों ने तो देश के लोकतंत्र की जड़ों को ही हिला दिया। एक बार तो ऐसा लगा कि "देश में लोकतंत्र तखूत पर नहीं तखूते पर है"। उच्च न्यायालय की इस बात के लिए भी आलोचना की गई कि ऐसे मामले में "अंतरिम आदेश" क्यों नहीं दिया गया? उक्त तल्ख टिप्पणी के बावजूद आश्चर्य की बात यह रही कि स्वयं उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता कुलदीप कुमार टीटा जिसे मेयर चुनाव में तथाकथित गड़बड़ी कर हराया गया था, के पक्ष में कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया गया। न तो प्रथम दृष्ट्या दिखते "शून्य" चुनाव परिणाम पर रोक लगाई, जिससे की अवैध रूप से निर्वाचित अध्यक्ष को कार्य करने से रोका जा सकता था और न ही लोकतंत्र का गला घोटने वाले अधिकारी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के अथवा तत्काल जांच के आदेश दिये। मतदान को एक साजिश के तहत विकृत किया गया हैं, यह अभी अनुत्तरित है।

हाईकोर्ट ने जहां तीन हफ्ते बाद सुनवाई के लिए प्रकरण रखा, वहीं उच्चतम न्यायालय ने दो हफ्ते बाद 19 फरवरी सुनवाई निश्चित की। तत्काल कोई राहत उच्चतम न्यायालय से याचिकाकर्ता को नहीं मिली, सिवाए चुनाव प्रक्रिया के पूरे रिकॉर्ड को संरक्षित करने के साथ निर्वाचन अधिकारी को व्यक्तिगत उपस्थिति के निर्देश दिये गये। इससे इस बात को पूरा बल मिलता है कि, उच्चतम न्यायालय ने यह (परसेप्श्पन) तो पूरा बनाया कि वह लोकतंत्र का प्रहरी है और संविधान में प्रद्रत्त, वर्णित निष्पक्ष व न्यायप्रिय चुनाव आयोग के अपने कर्तव्य के



पालन में असफल होने पर वह सबसे बड़ा अभिरक्षक (कस्टोडियन) है। परन्तु क्या वास्तव में ऐसा "परिणाम" फलितार्थ हुआ? ऐसे कुछ अन्य ऐसे मामले को आगे उद्धरित किया गया है।

महाराष्ट्र के मामलों को देख लीजिए! जहां उच्चतम न्यायालय ने शिवसेना की टूट पर विधानसभा अध्यक्ष एवं चुनाव आयोग द्वारा की गई कार्रवाई पर यह कहा था, उद्धव ठाकरे इस्तीफा न देकर यदि विश्वास मत हासिल करते हुए हार जाते, तब उच्चतम न्यायालय उनको मुख्यमंत्री पद पर पुनर्स्थापित कर सकता था। यह न्यायालय का न्याय के प्रति क्या मात्र परसेप्श्न था? क्योकि अंत में जो निर्णय आया वास्तव में उसमें क्या हुआ? "काजी के प्यादे घोड़ों पर सवार हो गये"। स्पीकर के निर्णय ने यह स्थिति ला दी कि समस्त विधायक शिंदे ग्रुप के ही हो गये और अब विधानसभा में शिंदे ग्रुप के व्हिप का विरोध करना सदस्यता खोने के खतरे से खाली नहीं होगा। इसी प्रकार इलेक्ट्रोल बॉड के विषय में उच्चतम न्यायालय का निर्णय महीनों से आदेशार्थ बंद है। आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने अथवा चुनाव होने के बाद निर्णय आयेगा, तब क्या याचिका का उद्देश्य ही व्यर्थ नहीं हो जाएगा?

उच्चतम न्यायालय की चंडीगढ़ महापौर के मामले में दो प्रमुख गलती स्पष्ट रूप से प्रतीत होती दिखती है। प्रथम वीडियो के आधार पर उपरोक्त रिर्माक किये गये, जिस वीडियो की पुष्टि कोई "फोरेंसिक जांच" किये बिना उस पर विश्वास कर तथा उसका साक्ष्यात्मक मूल्य कितना होगा, उस पर विचार किये बिना 'मत' बना लेना, कितना न्यायोचित है? दूसरा उच्चतम न्यायालय ने तल्ख व तीखे तेवर दिखाकर वही स्टैंड लिया जो उच्च न्यायालय ने शांतिपूर्वक रहकर यह कहकर लिखा कि यह जांच का विषय है, इसलिए दूसरे पक्ष का जवाब आने पर ही इस पर कोई आदेश पारित किया जा सकता है। इससे उच्च न्यायालय की तुलनात्मक रूप से गरिमा ज्यादा दिखती प्रतीत है, भले ही कानूनी रूप से उनका स्टैंड सही नहीं कहा जा सकता है। परन्तु उन्हे भी "सही" करने का काम तो उच्चतम न्यायालय ने नहीं किया। ऐसा लगता है, उच्चतम न्यायालय के मन-मस्तिष्क में वह "सर्वोच्च" के साथ श्रेष्ठतम है, "भाव" के साथ परिस्थितियों, तथ्यों पर कई बार गहराई पर जाये बिना ऐसी त्वरित टिप्पणियां व आदेश पारित कर दी जाती है, जो सामान्यत: कानूनविदों के गले उतरती नहीं है।

शुरू से ही देखे, मेयर के चुनाव में प्रशासन ने रुकावटें डाली व गंभीर अनेतिकता का प्रदर्शन किया। सामान्यत: 1 जनवरी को मेयर पद ग्रहण कर लेता है। यहां पर संख्या की दृष्टि से भाजपा व अकाली दल के 16 पार्षद (14+1+1) सांसद प्रतिनिधि सहित थे। जबकि आप व कांग्रेस पार्टी में गठबंधन हो जाने के कारण कुल 20 पार्षद हो गये थे। पहली बार जब 10 जनवरी को मेयर चुनाव की तारीख 18 जनवरी घोषित हुई थी, तब तक आप व कांग्रेस का गठबंधन नहीं हुआ था। बल्कि कांग्रेस के उम्मीदवार ने भी पर्चा भरा था। बाद में जब कांग्रेस उम्मीदवार को फार्म वापिस लेने के लिए वह कार्यालय न पहुंच सके उसके लिए घर में ही उसे नजरबंद कर दिया गया था। उच्च न्यायालय के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर होने पर उनकी मुक्ति हुई। परन्तु 18 जनवरी की चुनावी तिथि के पूर्व ही 16 तारीख को गठबंधन हो गया। पीठासीन अधिकारी (चुनाव अधिकारी) चुनावी तिथि के दिन तथाकथित रूप से बीमार हो गये। तद्नुसार सहायक आयुक्त (डीसी) ने चुनाव की नई तारीख 06 फरवरी निश्चित की। "कमली ओढ़ लेने से कोई फ़कीर नहीं बन जाता", चुनाव अधिकारी भी उस व्यक्ति मनोनीत पार्षद अनिल मसीह को बनाया गया जो भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा का पदाधिकारी रहा है, यह भी बेहद हैरत की बात हैं। 06 फरवरी को निश्चित की गई चुनावी तारीख को गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार टीटा ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। तब पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 23 तारीख को अंतरिम आदेश पारित करते हुए 30 जनवरी को चुनाव कराने के आदेश इस निर्देश के साथ दिये कि "पूरी चुनावी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जावे। तदनुसार हुए चुनाव में चुनाव अधिकारी द्वारा 8 वोट अवैध घोषित किये गये, जिसके लिए जरूरी कानूनी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। विपरित इसके उन वैध मतों को तथाकथित रूप से अवैध करने की प्रक्रिया करते स्वयं चुनाव अधिकारी "कैमरें" में पकड़े गये, जो वीडियो उच्चतम न्यायालय में प्रस्तुत की गई। चुनाव परिणाम घोषित करते ही पीठासीन अधिकारी द्वारा तथाकथित जीते गए उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को तुरत बुलाकर महामहिम की कुर्सी पर बैठा दिया।

एक तरफ देश में "ईवीएम" के बदले "बैलेट पेपर" पर चुनाव होने की मांग लगातार उठ रही है। इस पर प्रबुद्ध वर्ग का असंतोष व जन आंदोलन बढ़ते जा रहा है। इन जन आंदोलनकारियों को यह सोचना होगा कि इस तरह दिन दहाडे बैलेट पेपर पर किस बेशर्मी के साथ डाका डाला जा सकता है, जिससे बैलेट से चुनाव कराना कितना खतरनाक है, और हो सकता है? कभी बैलेट चुनाव के समय इतनी भयावह स्थिति होती थी कि मत पेटियां ही गायब कर दी जाती थी। इसीलिए तो ईवीएम को लाया गया था। हां उसमें कमियां जरूर व अनेक है, उनमें सुधारों का सुझाव जरूर कुछ लोगो ने दिया है। महत्वपूर्ण सुझाव "वीवीपैड" की गिनती की जाने की हैं। तब न तो बैलेट पेपर में गड़बड़ी होने की संभावनाएं रहेगी और साथ ही ईवीएम में 'चिप' के द्वारा गड़बड़ी की जाने की तथाकथित आशंका को वीवीपैड की गिनती करके दूर किया जा सकेगा। मेयर चुनाव परिणाम आने के तत्काल बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा ट्वीट पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा मेयर चुनाव जीतने के लिए भाजपा चंडीगढ़ इकाई को बधाई। भाजपा के ट्विटर हैंडल पर कहा गया "यह तो अभी झांकी है"। क्या ये प्रतिक्रियाएँ जल्दबाजी में हुई गलती तो नहीं है?

**राजीव खंडेलवाल (लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष है)**

# भारतरत्न सम्मान है या लॉलीपॉप ....

केंद्र सरकार द्वारा बीस दिन में पांच महापुरुषों को भारतरत्न सम्मान देने की घोषणा से एक बात तो साफ़ हो गयी है कि सत्तारूढ़ भाजपा राजनीतिक चालें चलने में कांग्रेस समेत दूसरी तमाम राजनीतिक पार्टियों से कोसों आगे निकल गयी है । पिछले महीने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और फिर पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारतरत्न देने की घोषणा के बाद मौनी अमावस्या के दिन पूर्व प्रधानमंत्री पीव्ही नरसिम्हाराव ,चौधरी चरण सिंह और एस स्वामीनाथन को भारतरत्न देने की घोषणा कर प्रमाणित कर दिया है कि सरकार ने भारतरत्न सम्मान को लॉलीपॉप में तब्दील कर दिया है। कहने को भारत सरकार के ये फैसले राजनीति से परे हैं क्योंकि एक लालकृष्ण आडवाणी को छोड़कर जिन चार अन्य नेताओं को भारतरत्न सम्मान दिया गया है वे दूसरे दलों के नेता हैं।

मैंने पिछले माह 24 जनवरी को ही भारतरत्न सम्मान के बारे में एक लेख लिखा था। मैंने कहा था कि अफ़सोस इस बात का है कि ये फैसला लेने में सरकार ने न सिर्फ दस वर्ष लगा दिए बल्कि इस पुरस्कार को भी राम मंदिर मुद्दे की तरह एक चुनावी तुरुप की तरह इस्तेमाल किया।

भारत -रत्न मिलता नहीं है ,इसे जीता जाता है। बहुत कम लोग हैं जो इसे जीते-जी हासिल कर सके ,बहुत से लोगों को ये मरणोपरांत दिया गया ,इसमें पाने वालों का कोई दोष नहीं है,सारा दोष देने वालों का है। चूंकि भारत -रत्न के लिए चयन का कोई स्थापित मापदंड नहीं है इसलिए इसमें अक्सर देर हो जाती है ,बल्कि अब इसे लॉलीपॉप की तरह इस्तेमाल भी किया जाने लगा है। मौजूदा सरकार ने भी पिछले पांच साल में किसी को भारत -रत्न सम्मान नहीं दिया। अब दे रही है जब लोकसभा चुनाव सिर पर है और विपक्ष देश में जातीय जनगणना का मुद्दा लेकर आगे बढ़ा है। मजे की बात ये है कि जातीय जनगणना का मुद्दा उठाने वाले बिहार के ही दलित नेता कर्पूरी ठाकुर का नाम इसके लिए चुना गया ,क्योंकि 24 जनवरी को उनकी जन्म शताब्दी है। ये सम्मान अब स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के तो किसी काम का नहीं है किन्तु भाजपा के लिए चुनाव में बहुत काम आएगा।

केंद्र सरकार ने 9 फरवरी 2024 को जिन तीन नेताओं को भारतरत्न से सम्मानित करने की घोषणा की उनके जरिये भी भाजपा उत्तर प्रदेश में विपक्ष को कमजोर करने कि साथ ही दक्षिण में अपने लिए कामयाबी की दो नयी सीढ़ियां लगाने में सफल होती दिखाई दे रही है।क्योंकि कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न देते ही भाजपा को बिहार में नीतीश कुमार और बिहार की सरकार मिल गयी और चौधरी चरण सिंह को भारतरत्न देते ही चौधरी साहब कि पौत्र जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी का समर्थन भी मिल गया। दक्षिण में स्वर्गीय पीव्ही नरसिम्हाराव और वैज्ञानिक एस स्वामीनाथन के भक्त भी भाजपा को अपना आशीर्वाद दे सकते हैं। भाजपा के लिए ये बेहत सस्ता सौदा है। दुर्भाग्य ये है कि जिस तरह से भारतरत्न सम्मान चुनाव से एन पहले दिए जा रहे हैं उससे इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान की सुचिता और गरिमा ख़ाक में मिल गयी है।

आज की भाजपा कि नेताओं ने भाजपा संस्थापक श्री लालकृष्ण आडवाणी को पिछले दस साल में बीसियों बार अपमानित किया । हाल ही में 22 जनवरी 24 को भी अयोध्या में रामलला कि विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से भी उन्हें दूर रखा ,लेकिन जब पता चला कि उनकी इस हरकत से पार्टी में गहन असंतोष है तो आडवाणी जी को भारतरत्न देने की घोषणा कर दी ,हालाँकि भाजपा को अपनी भूल सुधार का कोई फायदा होने वाला नहीं है। भाजपा में जहाँ एक और भक्तिभाव हिलोरें ले रहा है वहीं दूसरी और असंतोष कि बीज भी अंकुरित हो चुके हैं। ये अंकुर पनपेंगे या नहीं ये कहना कठिन है।

भाजपा के मौजूदा नेतृत्व ने संसद में आने वाले आम चुनाव में भाजपा को 370 सीटें जितने और भाजपा गठबंधन को 400 सीटें दिलाने का ऐलान कर अपने गले में खुद फंदा डाल लिया है । भाजपा को इस लक्ष्य तक पहुँचने कि लिए ईव्हीएम कि साथ ही चुनाव मैदान में खड़े छोटे-बड़े दलों की सहायता की भी जरूरत है। भाजपा ने बिहार में कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न देकर जदयू का समर्थन हासिल कर लिया। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने आरएलडी का समर्थन हासिल करने कि लिए चौधरी चरण सिंह को भारतरत्न दे दिया लेकिन झारखण्ड में उसे मुंह की खाना पड़ी। दिल्ली में भी भाजपा अभी तक आम आदमी पार्टी को अपने सामने झुका नहीं पायी है। भाजपा दक्षिण में भी पीव्ही नरसिम्हाराव और स्वामीनाथन कि जरिये नए साथी हासिल करना चाहती है। भाजपा को आजकल में नए साथी मिल भी जायेंगे लेकिन क्या वे भाजपा कि लक्ष्य को पूरा करने में सहायक साबित होंगे ये कहना कठिन है।

भाजपा को सत्ताच्युत करने कि लिए चुनाव मैदान में खड़े तमाम राजनीतिक दल भाजपा नेतृत्व कि कौशल का लोहा माने या न माने किन्तु मै मोदी-शाह की जोड़ी का लोहा मानता हूँ ,इसका असहाय ये बिलकुल नहीं है कि मै भी नीतीश कुमार या जयंत चौधरी की तरह भाजपा की गोदी में बैठ जाऊंगा। मेरा अपना रास्ता है और नेताओं का रास्ता अलग है। भाजपा तीसरी बार सत्ता हासिल करने कि लिए कुछ भी कर सकती है । किसी भी चीज का इस्तेमाल कर सकती है । भारतरत्न तो उसके लिए बहुत छोटी चीज है। भारतरत्न चूंकि कोई जीती -जगती चीज नहीं है इसलिए वो अपने दुरूपयोग कि खिलाफ बोल नहीं सकता। अपने आपको लॉलीपॉप बनने से नहीं रोक सकता ,लेकिन जनता इसे रोक सकती है।

भारत की नयी पीढ़ी जो इतिहास पढ़ेगी उसमें भाजपा कि दस साल कि कार्यकाल में घटिया सियासत कि वे तमाम अध्याय भी पढेगी जो कि इससे पहले के इतिहास में नहीं है। कांग्रेस कि छह दशक के इतिहास में भ्रष्टाचार और बेईमानी के भी अनेक उदाहरण मिलेंगे ,वे आजाद भारत की राजनीतिक इतिहास कि अभिन्न अंग भी होने किन्तु वे 2014 से 2024 तक के इतिहास कि मुकाबले कम गणित होंगे। पहले कि जमाने में राजनितिक इतिहास सत्ता प्रतिष्ठान अपनी पसंद के लेखकों से लिखवाने में कामयाब हुए किन्तु अब जमाना बदल गया है । भाजपा का यही दुर्भाग्य है कि वो अपनी पसंद का इतिहास नहीं लिखवा सकती क्योंकि अब इतिहास लेखक सत्ता प्रतिष्ठान से बाहर बड़ी संख्या में हैं।

भाजपा के राज में बल्कि कहिये कि मोदी राज में अब तक क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर,स्वर्गीय मदन मोहन मालवीय ,पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ,पूर्व राष्ट्रपति प्रण। मुखर्जी ,भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को भारत रत्न से नवाजा गया। भारतरत्न सम्मान पाने वाले अधिकांश इसके पात्र हैं,लेकिन कुछ को लेकर सवाल उठाये गए ,उठाये जाते रहेंगे । कुछ को उनके समर्थकों के मांगने पर भी भारत रत्न नहीं मिला। कुछ को बिना मांगे मिल गया। कांग्रेस के तो लगभग हर प्रधानमंत्री को ये सम्मान मिला या उन्होंने खुद ले लिए भगवान जाने।

आजादी के बाद सबसे पहले 1954 में भारत रत्न सम्मान देने की व्यवस्था की गई । पहले भारतरत्न बने देश के अंतिम गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी ,फिर राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन ,चंद्रशेखर वेंकटरमन ,भगवानदास ,एम् विश्वेसरैया ,जवाहरलाल नेहरू

बल्लभ पंत,धोडो केशव बर्वे ,विधान चंद रे,पुरषोत्तम टंडन ,डॉ राजेंद्र प्रसाद ,जाकिर हुसैन ,पांडुरंग वामन काणे और लाल बहादुर शास्त्री को ये सम्मान मिला । शास्त्री के बाद श्रीमती इंदिरा गाँधी पहली महिला नेत्री थीं जिन्हें ये सम्मान मिला। श्रीमती गाँधी के बाद बीवी गिरी ,के कामराज ,मदर टेरेसा , बिनोवा भावे ,खान अब्दुल गफ्फार खान,एमजी रामचंद्रन ,डॉ भीमराव आंबेडकर, नेल्शन मंडेला, राजीव गाँधी ,सरदार बल्लभ भाई पटेल , मोरारजी देसाई ,अबुल कलम आजाद ,जे आरडी टाटा, सत्यजित रे,गुलजारी लाल नंदा को भारत रत्न सम्मान दिया गया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अरुणा आसिफ अली,एपीजे अब्दुल कलाम आजाद ,एसबी सुबलक्ष्मी ,चिदंबरम सुब्रमणियम,जय प्रकाश नारायण ,अमृत्य सेन ,गोपी नाथ बोरदोलोई ,संगीतज्ञ पंडित रविशंकर,लता मंगेशकर ,बिस्मिल्लाह खान ,भीमसेन जोशी ,सीएन आर राव को भारत रत्न सम्मान दिया गया। कोई आगे ,कोई पीछे ये सब चलता रहा । आज भी चल रहा है ।

मै पहले भी कह चुका हूँ कि सरकार अपनी सुविधा और सूझबूझ से भारतरत्न चुनती है । सरकार की भी विवशता है। भारत भूमि है ही रत्नगर्भा । यहां एक खोजिये दस रत्न मिल जायेंगे। बहरहाल ये सिलसिला जारी है और चलते हुए स्वामीनाथन तक आ गया है। जैसे हिन्दुओं को राम मंदिर देकर मुदित किया गया वैसे ही कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न देकर दलितों और महादलितों को खुश किया गय। चौधरी चरण सिंह को भारतरत्न देकर जाटों को खुश किया जा रहा है। राव और स्वामीनाथन को देकर दक्षिण कि उच्चवर्गों को फांसने की कोशिश की जा रही है। । कर्पूरी ठाकुर,राव साहेब,स्वामीनाथन की आत्मा को इससे कोई अंत पड़ने वाला नहीं है। वे जहाँ भी होंगे सरकार के फैसले पर मुस्करा रहे होंगे। उन्हें इस फैसले के पीछे का गणित भी समझ आ गया होगा।मुस्करा तो लालकृष्ण आडवाणी भी रहें हैं।

बहरहाल जो हुआ सो अच्छा हुआ। केंद्र सरकार के इस निर्णय का पुन: स्वागत और स्वर्गीय पीव्ही नरसिम्हाराव ,चौधरी चरण सिंह और स्वामीनाथन के परिजनों तथा उत्तर प्रदेश और देश के जाटों और बड़े लोगों को भी बधाई।मै फिर कहता हूँ कि तेल देखिये और तेल की धार देखिये। अभी तो राजनीतिक दलों को और विपक्षियों को ही नहीं बल्कि मतदाताओं को भी बहुत से लॉलीपॉप बांटे जायेंगे।

**- राकेश अचल**

## अमृतकाल में जनजातीय समुदाय की आकांक्षाओं का हो रहा है सम्मान

आज़ादी का ये अमृतकाल, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का काल है। भारत की आत्मनिर्भरता, जनजातीय भागीदारी के बिना संभव ही नहीं है। भारत की सांस्कृतिक यात्रा में जनजातीय समाज का योगदान अटूट रहा है। गुलामी के कालखंड में विदेशी शासन के खिलाफ खासी-गारो आंदोलन, मिजो आंदोलन, कोल आंदोलन समेत कई संग्राम हुए। गोंड महारानी वीर दुर्गावती का शौर्य हो या फिर रानी कमलापति का बलिदान, देश इन्हें भूल नहीं सकता। वीर महाराणा प्रताप के संघर्ष की कल्पना उन बहादुर भीलों के बिना नहीं की जा सकती जिन्होंने कंधे से कंधा मिलाकर महाराणा प्रताप के साथ लड़ाई के मैदान में अपने-आप को बलि चढ़ा दिया था। हम इस ऋण को कभी चुका नहीं सकते, लेकिन इस विरासत को संजोकर, उसे उचित स्थान देकर, अपना दायित्व जरूर निभा सकते हैं। जिसकी दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

मई, 2014 में जब प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी ने दायित्व संभाला, उसी दिन से जनजातीय समाज के उत्थान के प्रयास शुरू कर दिए थे। देश में 110 से अधिक जिले ऐसे थे, जो हर क्षेत्र में पिछड़े हुए थे। पहले की सरकार बस उनकी पहचान कर के छोड़ देती थी। मोदी जी की सरकार ने इन जिलों को आकांक्षी जिला घोषित किया। इन जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे अनेक विषयों पर शून्य से काम शुरू करके सफलता के नए आयाम स्थापित किये। हाल ही में महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री जी ने कहा कि, सबका साथ, सबका विकास सिर्फ एक नारा नहीं है, यह मोदी जी की गारंटी है। और निश्चित ही भारत सरकार आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के आदर्शों के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके तहत आदिवासी समाज को, देश के विकास में उचित भागीदारी दी जा रही है।

मुझे याद है, 15 नवंबर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में अमृतकाल के 25 वर्ष में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चार अमृत मंत्र दिए थे। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने 24 हजार करोड़ रुपये की लागत से प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान-पीएम जन मन का शुभारंभ किया, जिसमें 75 विशेषरूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ पोषण तथा आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जाना है। जनजातीय गौरव दिवस पर ही प्रधानमंत्री जी ने सामाजिक न्याय तथा सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था,जिसमें गांव-गांव तक पहुंचकर हर गरीब, हर वंचित को सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनाया गया है।

प्रधानमंत्री श्री नरे-?द्र मोदी जी के जनजातीय सशक्तीकरण के संकल्प स्वरूप ही श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी राष्ट्रपति निर्वाचित हुई हैं, जो भारतीय लोकतंत्र की एक अविस्मरणीय घटना है।हमारे देश में जनजातीय समाज को शीर्ष पर प्रतिनिधित्व देने में भी देश को सात दशकों की लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी। हम लोगों ने यह भी देखा है जब जनजातीय समाज से आने वाले तुलसी गौड़ा जी, राहीबाई, सोमा पोपेरे जैसे महानुभावों को जब पद्म पुरस्कारों से अलंकृत किया गया, तब वे राष्ट्रपति भवन के लाल कालीन पर नंगे पांव पहुंचे और भारतवर्ष समेत समूचे विश्व ने तालियां बजाई क्योंकि स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी सरकार ने साधारण दिखने वाली इन असाधारण हस्तियों का सम्मान किया था। देश की कुल जनसंख्या में आदिवासियों की संख्या नौ प्रतिशत है। किंतु पूर्ववर्ती सरकारों ने उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके उत्थान के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए। पहली बार एनडीए की श्रद्धेय अटल जी के नेतृत्व वाली सरकार ने 1999 में एक अलग मंत्रालय बनाने के साथ ही 89 वें संविधान संशोधन के माध्यम से राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना की। अटल जी ने जो शुरुआत की थी, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उसे बहुआयामी गति दी है और लंबे समय तक हाशिये पे रहा जनजातीय समुदाय आज विकास की मुख्यधारा का हिस्सा है।

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भारत के सांस्कृतिक अभ्युदय को दिशा मिली है। हम सब जानते हैं कि वनवासियों के साथ बिताए समय ने ही एक राजकुमार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उस कालखंड में प्रभु श्री राम ने वनवासी समाज से जो प्रेरणा पाई थी और उसी से उन्होंने सबको साथ लेकर चलने वाले रामराज्य की स्थापना की। प्रधानमंत्री जी भी प्रभु श्री राम के राज्य से प्रेरणा प्राप्त कर जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में ही प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा में आदिवासी बच्चों की सहभागिता बढ़ी है। पहले केवल 90 'एकलव्य विद्यालय' खुले थे, जबकि 2014 से 2022 तक मोदी सरकार ने 500 से अधिक 'एकलव्य विद्यालय' स्वीकृत किए। देश में नए केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। 'आयुष्मान भारत योजना' में करीब 91.93 लाख लाभार्थी जनजातीय वर्ग से ही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आदिवासियों के लिये 65.54 लाख आवासों के लिये स्वीकृति दी जा चुकी है। स्वच्छता मिशन में जनजातीय वर्ग के 1.48 करोड़ घरों में शौचालय बने हैं। जल जीवन मिशन के तहत आदिवासी क्षेत्रों में करीब 1.35 करोड़ घरों में पाइप के जरिये जलापूर्ति हो रही है।1 करोड़ से अधिक जनजातीय किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जनजातीय कार्य मंत्रालय प्रति वर्ष 35 लाख जनजातीय छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। लगभग 90 लघु वन उत्पादों पर सरकार एमएसपी दे रही है। 80 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में सवा करोड़ से अधिक सदस्य जनजातीय समाज से हैं और इनमें भी बड़ी संख्या महिलाओं की है। आदिवासियों के बनाए उत्पादों को नया मार्केट उपलब्ध कराया जा रहा है।जनजातीय समाज द्वारा उत्पादित मोटा अनाज आज भारत का ब्रांड बन रहा है। साथ ही कौशल भारत मिशन, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार जनजातीय समुदाय को विकसित भारत की इस यात्रा में सम्मिलित कर रही है।सही मायने में हम यह कह सकते हैं कि अमृतकाल में जनजातीय समुदाय की आकांक्षाओं का सम्मान हो रहा है।

**-विष्णुदत्त शर्मा**

### परिसिमन उपरांत सहेकी, खाण्डाफरी, बगड़ी लांजी थाने में शामिल होने पर

# पुलिस अधिकारियों ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को दी जानकारी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के द्वारा कुछ दिन पूर्व ही मध्यप्रदेश राजपत्र में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के परिसिमन और अधिकार क्षेत्र को लेकर प्रकाशन किया गया है। जिसके पुलिस थाना बहेला थाना अन्तर्गत आने वाले ग्राम सहेकी, खण्डाफरी और बगड़ी को पुलिस थाना लांजी में शामिल कर लिया गया है। जिसको लेकर 10 फरवरी को लांजी एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी, सहित पुलिस थाना लांजी स्टाफ के द्वारा सहेकी, खाण्डाफरी बगड़ी के मुख्य चौक चौराहों में चौपाल लगाई जिसमें उक्त समस्त ग्रामो के सरपंच उपसरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक गण एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रही। लांजी एसडीओपी श्री घनघोरिया एवं थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी में यह जानकारी दी गई की अब सहेकी, खाण्डाफरी, बगड़ी ग्राम पुलिस थाना लांजी परिसीमा में शामिल हो चुके है जिस किसी भी व्यक्ति को यदि कोई शिकायत करना है तो वह पुलिस थाना लांजी पंहुचकर शिकायत या अपराध दर्ज करवा सकता है। इसके अतिरिक्त यदि इन ग्रामों में कोई अवैद्य गतिविधियॉ संचालित होती है तो उसकी भी शिकायत लांजी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को दिया जा सकता है। लांजी एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया ने कहा ग्रामों को लेकर थाना सीमा क्षेत्र का परिसिमन हुआ है ताकि थाना एवं चौकी की पुलिस शीघ्रता से उन ग्रामो में पंहुचे सके। पुलिस को ग्रामों में पंहुचने में सहुलियत हो, जनता आसानी से पुलिस थाने तक पंहुच सके उन्हे अधिक दुरी का सामना ना करना पड़े और कोई अवैध गतिविधियॉ हो रही है तो पुलिस शीघ्रता से कार्यवाही कर सके, कोई लॉ एण्ड आर्डर स्थिती हो तो पुलिस तुरंत एक्शन ले सके इन सभी विषयो को ध्यान में रखते हुये लांजी थाने में 5 समीपस्थ ग्रामों को शामिल किया गया है जिनमें सहेकी, खाण्डाफरी, बगड़ी, भानेगांव एवं चिखलमाली को लांजी थाने में शामिल कर लिया गया है। अब आप सभी लोग इन सभी ग्रामों में होने वाली वारदात, घटनाऐं, शिकायतें, अवैद्य गतिविधियों की सूचना लांजी पुलिस थाना आकर या सूचित कर देना होगा।



## नगर परिषद में विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण का हुआ आयोजन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी में 10 फरवरी को दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण का आयोजन परिषद की अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, सभापति दिनेश कचवाहे, किशोर रामटेक्कर, श्रीमती कस्तुरा वाकडे, पार्षद सौरभ पशीने, मुकेश रणदिवे, संजय सैय्याम, सीएमओ राजीव कटारे,नपा अधिकारी कर्मचारी, सभी शासकीय विभागों अधिकारी कर्मचारी एवं नगर वासियों की उपस्थिती में किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन वंदना भार्गव एवं उपाध्यक्ष संदीप रामटेककर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात मॉ सरस्वती, भारत माता के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर की गई। तदोंपरांत मंच से नगर वासियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी हितग्राही मूलक योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला गैस योजना, संबल योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री अन्नपूर्णा योजना, लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, चिकित्सा योजना, पशु विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं नगरीय क्षेत्र लांजी के विभिन्न शासकीय विभाग द्वारा अपना अपना स्टॉल लगा कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन लिये गये। कार्यक्रम में हितलाभ के तहत् आयुष्मान कार्ड के 70 हितग्राही, खाद्य पर्ची के 03 हितग्राही, राष्ट्रीय पेशन में 04 एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रथम चरण के पात्र हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ/स्वीकृति पत्र अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले के हस्ते प्रदान किये गये। तथा उक्त आयोजन में शासन की योजनाओं से लाभावित होकर 03 हितग्राहियों ने ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' का मंच में उपस्थिति देते हुए उद्बोषण किया गया।



## पाली एकेडमिक विद्यालय में सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में शामिल विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। बिसोनी अन्तर्गत संचालित शैक्षणिक संस्थान पाली एकेडमिक विद्यालय में 10 फरवरी को कार्यक्रम आयोजित कर विगत दिनों संपन्न हुये विविध कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमो सहित खेल गतिविधियॉ भी शामिल है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रखर देशना करियर एंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शकुंतला भिमटे एवं उपाध्यक्ष प्रमिला बोरकर एवं पालक शिक्षक संघ की अध्यक्ष समिता चंद्रिकापुरे एवं उपाध्यक्ष गणेश सहारे, समस्त सदस्य गण, समस्त पालक गण की उपस्थिती में कार्यक्रम की शुरूवात हुई। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा नवमी तक के समस्त छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी जिसमें मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक कला, पारंपरिक, एवं लोकगीतों का समावेश कर कार्यक्रम की शोभा बढाई एवं विशिष्ट कला का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय में विगत दिवस जिसमें गणतंत्र दिवस एवं वार्षिक उत्सव सम्मेलन में जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, खो खो 100 मीटर दौड़, क्रिकेट, बोरा दौड़, जलेबीदौड़, कुर्सी दौड़ आदि खेल में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया इस कार्यक्रम में क्रिकेट में अन्य खेलों में अलग-अलग हाउस बनाए गए थे जिसमें रमन हाउस, टैगोर हाउस, अशोक हाउस, और शिवाजी हाउस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया, क्रिकेट में अशोका हाउस ने अपनी प्रतिद्वंदी टीम रमन हाउस को हराकर जीत हासिल की। संस्था की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य ने छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन करते हुए ऐसे ही सांस्कृतिक कार्यक्रम और नन्हे मुन्ने बच्चो के उत्साहवर्धन के लिए तत्पर रहे। और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। संस्था प्राचार्य के महेंद्र सोनवाने द्वारा छात्रों की प्रस्तुति के लिए एवं समस्त शिक्षको का आभार व्यक्त किया गया इस कार्यक्रम का सफल संचालन महेंद्र सोनवाने एवं संजय चौरे के द्वारा किया गया। सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती श्रृद्धा कांड्रा, सुभद्रा कलपुरे, रोशनी मिश्रा, पूनम गुप्त, प्रतिभा सोलंकी, तेसुताई बिलगौर और वार्षिक खेल के प्रभारी सिफान मिर्जा तरुण तिलवार, मनोज परिहार, दीपक चक्रधारी, समस्त समस्त शिक्षको का योगदान रहा। रेखा येड़े, प्रेमलता पांचे, रोशनी कुचलाहे, यशिम खान, मोना सोनवाने, संध्या चौरे, रोहिणी रणदिवे, रोहित, खीरेकर मनोज परिहार आदि समस्त शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



# हम फाउण्डेशन भारत ने ग्रामीणों को किया कंबल व साड़ियों का वितरण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। हम फाउण्डेशन भारत राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन के द्वारा 10 फरवरी दिन शनिवार को वनांचल ग्राम वारी में शिविर आयोजित कर जरूरत मंद ग्रामीणों को कंबल एवं साड़ियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर हम फाउण्डेशन के सदस्यों की कार्यशाला भी आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम हम फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत चौधरी सीनियर एडवोकेट हाई कोर्ट जबलपुर के मुख्यातिथ्य में एवं राष्ट्रीय महासचिव संतोष मोरघड़े, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ राजेश रणदिवे, जिला कार्यकारिणी से संरक्षक संतोष कुमार असाटी, डॉ. नरेंद्र हरिनखेड़े, अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, सरिता पिल्लई, दिनेश रामटेक्कर, कौशल बस कंपनी के संचालक श्याम कौशल, सरपंच ऋषि पटेल दशरिया की प्रमुख उपस्थिति में सम्मेलन की शुरुआत जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरण के साथ की गई। हम फाउंडेशन के जिला महामंत्री मोइज सैफी की ओर से 100 नग कंबल एवं भारत जैन अरिहंत वस्त्र भण्डार द्वारा 60 नग साड़ियां प्रदान की गई। जिनका वितरण वनांचल ग्राम वारी में वारी, खराड़ी, कादला के ग्रामीण महिला पुरुषों को कंबल एवं साड़ियों का वितरण किया गया।

### वारी में हुआ कार्यशाला का आयोजन

कंबल, साड़ियों के वितरण उपरांत हम फाउण्डेशन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया, तदुपरांत प्रदेश की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का पुष्पमाला से स्वागत कर श्रीफल, वस्त्र एवं मोमेंटो भेंट किया। साथ लांजी सीटी शाखा के अध्यक्ष पद पर कपिल आसटकर के नाम की घोषणा की गई तथा उन्हें संगठन की प्रत्रिका भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत चौधरी ने संबोधित करते हुए हम फाउंडेशन भारत के गठन से लेकर अब तक के क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आपने बताया कि हम फाउंडेशन की शाखाएं पुरे देश भर में है। महाकौशल प्रांत की बात करे तो 24 जिलों में लगभग 80 शाखाएं कार्यरत हैं। यूनुस खान पप्पा भाई इसके कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। हम फाउण्डेशन साहचर्य, सहयोग, सेवा, संस्कार, संस्कृति पर कार्य करता है। संगठन की शक्ति आपने अनेक उदाहरण देते हुए संगठन की उपलब्धियों के बारे में बताया। महासचिव संतोष मोरघड़े, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ राजेश रणदिवे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अंत में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थापक यूनुस खान पप्पा भाई ने किया एवं आभार सरपंच ऋषि पटेल दशरिया के द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर एजाज खान, आनंद दुबे, चीनू जैन, श्रीजन सोनी, सीताराम लिल्हारे, सरफराज खान, बिलकिश बानों, लांजी शाखा अध्यक्ष संध्या मुरकुटे, सचिव दुर्गा रामटेक्कर, हाफिजा मिर्जा, गायत्री मेरावी, प्रिती कौशल, नुपुर कौशल, मानसी कौशल, रूबिना खान, दिलीप वड़ीचार, हाजी फारूक सहित बालाघाट, किरनापुर, लांजी हम फाउण्डेशन के सदस्यगण उपस्थित थे।



आवश्यकता है
बालाघाट में मेडिकल कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है
अनुभवी एवं कंप्यूटर शिक्षित को प्राथमिकता
वेतन योग्यतानुसार
समय सुबह 10.30 से रात्रि 8 बजे तक
संपर्क-मनीष मेडिकोज बालाघाट
मो न.+91 70731 01956

बिना ब्याज के लोन
1600/- से 10 लाख
आवश्यकता है
फिल्ड वर्कर-25
सैलरी - 15000/-
कॉल:-9301743249

प्लॉट बेचना है
गोंगलई मे गोंदिया रोड़ से लगा हुआ प.ह.नं. 19 मे रकबा 0.0023 हे. 39म 65X2535 वर्गफीट डायवर्सन युक्त प्लॉट बेचना है।
संपर्क करें 9993754780

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

## आदिवासी समाज लांजी की बैठक आज

### होगा नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में निवासरत सभी आदिवासियों के हक अधिकार, रीति रिवाज, सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, रूढ़ी प्रथा, ऐतिहासिक धरोहर, स्वास्थ्य, आर्थिक सक्षमता, भाषा शैली, वेश भूषा आदि ज्वलंत मुद्दों पर समाज को जागरूक करने व उनकी समस्या के समाधान हेतु नगर स्थित गोंडवाना सामुदायिक भवन लांजी में आज 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे से आदिवासी समाज लांजी की नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन किया जाना हैं। जिसमें सभी आदिवासी समाज के प्रमुख, सदस्यों एवं सगाजनों से अपील की जाती हैं कि बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्तिथि प्रदान करें। साथ ही चयन समिति द्वारा चयनित पूर्व सदस्य अपने आवश्यक दस्तावेज के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें ।

### बहनों के खातों में आयी राशि

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत शनिवार को बहनाओ के खातों में 9 वीं किस्त अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला से राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की लाड़ली बहनाओ के खातों में राशि अंतरित की। सीएम डॉ. यादव ने 1250 प्रतिमाह मिलने वाली राशि का अंतरण किया। इस कार्यक्रम को कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में सजीव प्रसारण को देखा। महिला एवं बाल विकास की सहायक संचालक वंदना घुमकेतु ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले 356524 बहनाओ के खातों में 1250 रुपये की राशि बैंक खातों में अंतरित की गई है। कक्ष में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिपं सीईओ डीएस रणदा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी वंदना धुमकेतू व अन्य महिला उपस्थित रही।




## वनांचल ग्राम के पुल निर्माण में घटिया सामग्री का हो रहा उपयोग

### बोदालझोला से बटकरी के बीच देव नदी पर हो रहा उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। तहसील किरनापुर के दुरस्त वनांचल नक्सल प्रभावित ग्राम बटकरी से बोदालझोला मार्ग पर देव नदी में हाई लेवल ब्रिज का निर्माण कार्य आदिवासी लोगों के सुलभ आवागमन की मंशा के लिए किया जा रहा है। किन्तु निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा इस पुल का निर्माण कार्य घटिया एवं स्तरहीन निर्माण कार्य सामग्री से किया जा रहा है। बताएं कि 103.67 लाख की लागत से एवं लंबाई 125 मीटर के बन रहे इस पुल निर्माण कार्य की एजेंसी महाप्रबंधक मध्य प्रदेश ग्राम सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक 01 बालाघाट (मध्य प्रदेश) ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित योजना पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्य प्रदेश शासन है। जिसका कार्य प्रारंभ दिनांक 30 अप्रैल 2023 है किंतु कार्य का पूर्णता दिनांक बोर्ड पर लिखा नहीं गया है। घने जंगलों के बीच देव नदी पर बन रहे पुल निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग कर ठेकेदार द्वारा कार्य कराया जा रहा है। एवं इसी देव नदी की रेत का उपयोग इस पुल निर्माण कार्य में किया जा रहा हैं नदी में रेत कम मिट्टी अधिक दिखलाई दे रही है। ग्रामीणों ने गुणवत्ता युक्त सामग्री का उपयोग कर पुल निर्माण करने की आवाज उठाई है। लेकिन पुल निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है जिसके कारण यह पुल विलंब से बनने की संभावना ग्रामीणों द्वारा जताई जा रही जिसका लाभ ग्रामीणों को जल्दी नहीं मिल पायेगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में धीरे-धीरे नाले एवं नदियों का जलस्तर घटने लगा है ऐसे में निर्माण एजेंसी द्वारा इन्हीं नदी नालों का पानी के उपयोग कर निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे वन्य प्राणियों के लिए पेयजल की समस्याएं उत्पन्न होती जा रही है। और इन वनांचल ग्रामीण में निर्माण कार्य करने वाली रायसेन एंड कंपनी द्वारा इन्हीं नदी नालू के पानी का उपयोग करने से वन्य प्राणियों के लिए पेयजल की समस्या होने से भी ग्रामीण गांव की ओर रुख करेंगे तो क्या निर्माण कार्य एजेंसी करने वाली कंपनी अन्य ग्रामों से टैंकरों के माध्यम से गर्मी के दिनों में पानी ले जाकर कार्य में उपयोग कर पाएगी यह बड़ा सवाल है तथा इससे वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए भी सवालिया निशान उत्पन्न हो जाएंगे। अब देखना यह होगा कि क्या यह पुल निर्माण तय समय सीमा में बन पायेगा। तथा कितने मजबूती से यह निर्माण कार्य हो पायेगा,यह सवाल भविष्य के गर्त मे छुपा हुआ है। बहरहाल इन दुरस्त ग्रामीण अंचलों के आदिवासी लोगों ने इस पुल का गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करवाई जाने की मांग उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से की है।



### इनका कहना है

हमारे द्वारा निर्माण कार्य सामग्री की टेस्टिंग की जाती है उसके बाद ही कार्य करवाया जाता है बेकार सामग्री के उपयोग से हम लोग काम नहीं करवाते।

**विनोद द्विवेदी,एसडीओ**
**पीएमजीएसवाय सेतु विभाग**

# पीएम मोदी आज झाबुआ से करेंगे लोकसभा चुनावों का शंखनाद

## 7500 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात देकर करेंगे

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पश्चिम मध्य प्रदेश के झाबुआ में आदिवासी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वे इस दौरान 7500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। आदिवासीबहुल झाबुआ से प्रधानमंत्री मोदी पूरे देश की आदिवासी लोकसभा सीटों को टारगेट करेंगे।

मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में स्थित झाबुआ आदिवासी वर्ग की राजनीति का केंद्र रहा है। यहां से पीएम मोदी आसपास के जिलों धार, रतलाम और गुजरात व राजस्थान के आदिवासी इलाकों को भी प्रभावित करेंगे। इन इलाकों में भील और भिलाला आदिवासी आबादी निवास करती है। पश्चिम मध्य प्रदेश में झाबुआ के पास की तीन लोकसभा सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित है। इसी तरह गुजरात की दो और राजस्थान की दो सीटें भी आदिवासियों के लिए आरक्षित है।

### दो लाख महिलाओं को आहार अनुदान का वितरण

प्रधानमंत्री करीब दो लाख महिला लाभार्थियों को आहार अनुदान योजना के अंतर्गत आहार अनुदान की मासिक किस्त का वितरण करेंगे। इस योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश की विभिन्न विशेष पिछड़ी जनजातियों की महिलाओं को पौष्टिक आहार के लिए 1500 रुपये प्रति माह प्रदान किए जाते हैं। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को 1.75 लाख अधिकार अभिलेख वितरित करेंगे। इससे लोगों को उनकी जमीन के अधिकार के लिए दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध हो जाएंगे।



### - टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे

प्रधानमंत्री टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। यह एक समर्पित विश्वविद्यालय है, जो क्षेत्र में उच्च जनजातीय बहुलता वाले जिलों के युवाओं को सुविधाएं प्रदान करेगा। 170 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाला यह विश्वविद्यालय छात्रों के समग्र विकास के लिए विश्वस्तरीय अवसंरचना प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री 'प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना' के अंतर्गत 559 गांवों के लिए 55.9 करोड़ रुपये जारी करेंगे। इस राशि का उपयोग आंगनवाड़ी भवन, राशन की दुकानों, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूलों में अतिरिक्त कमरे, आंतरिक सडक़ों सहित विभिन्न प्रकार की निर्माण गतिविधियों के लिए किया जाएगा। प्रधानमंत्री झाबुआ में सीएम राइज स्कूल का शिलान्यास करेंगे। स्कूल छात्रों को स्मार्ट क्लास, ई- लाइब्रेरी आदि जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी को एकीकृत करेगा।

### पेयजल योजनाओं की देंगे सौगात

प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे, जो मध्य प्रदेश में जलापूर्ति और पीने के पानी की व्यवस्था को मजबूत करेगी। जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी, उनमें तलवाड़ा परियोजना शामिल है। यह धार और रतलाम के एक हजार से अधिक गांवों के लिए पेयजल आपूर्ति योजना है। इसके अलावा अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 के तहत 14 शहरी जलापूर्ति योजनाएं, मध्य प्रदेश के कई जिलों में 50 हजार से अधिक शहरी परिवारों को लाभान्वित कर रही हैं। प्रधानमंत्री झाबुआ की 50 ग्राम पंचायतों के लिए नल जल योजना भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिससे लगभग 11 हजार घरों को नल से जल उपलब्ध कराया जाएगा।

### रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे


कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री कई रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और उनकी आधारशिला रखेंगे। इनमें रतलाम रेलवे स्टेशन और मेघनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखना भी शामिल है। इन स्टेशनों का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया जाएगा। राष्ट्र को समर्पित रेल परियोजनाओं में इंदौर-देवास-उज्जैन सी केबिन रेलवे लाइन के दोहरीकरण की परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इटारसी-यार्ड रीमॉडलिंग के साथ उत्तर-दक्षिण ग्रेड सेपरेटर तथा बरखेरा-बुदनी-इटारसी को जोडऩे वाली तीसरी लाइन को भी इसमें रखा गया है। ये परियोजनाएं रेल अवसंरचना को मजबूत करने तथा यात्री और माल गाडिय़ों, दोनों के लिए यात्रा के समय को कम करने में मदद करेंगी।

### 3275 करोड़ की सडक़ विकास परियोजनाएं

प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश में 3275 करोड़ से अधिक की कई सडक़ विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसमें एनएच-47 पर 30 किमी (हरदा-तेमगांव) तक हरदा-बैतूल (पैकेज-ढ्ढ) को चार लेन का बनाना; एनएच-752डी का उज्जैन देवास खंड; एनएच-47 के इंदौर-गुजरात सीमा खंड को चार लेन (16 किमी) और एनएच-47 के चिचोली-बैतूल (पैकेज-।।।) हरदा-बैतूल को चार लेन और एनएच-552जी का उज्जैन झालावाड़ खंड शामिल है। इन परियोजनाओं से सडक़ संपर्क में सुधार होगा और क्षेत्र में आर्थिक विकास में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री अपशिष्ट डंपसाइट उपचार, विद्युत सबस्टेशन जैसी अन्य विकास पहलों का भी लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

## डर कर नहीं लड़ कर जंग जीती जाती है - जीतू पटवारी

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आयोजित मप्र कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज की वर्तमान परिस्थिति बहुत कठिन है और संघर्ष का समय है। हम सभी को मैं नहीं हम की भावना से काम करने की आवश्यकता है। हम सभी को मिलकर एकजुटता से काम करना है।



कांग्रेस पार्टी वह समुद्र है जो कभी खाली नहीं हो सकता। श्री पटवारी ने कहा कि आजादी के 10-15 वर्ष पूर्व हमारे महापुरूषों ने अंग्रेजों द्वारा देश की जनता के प्रति फैलायी जा रही घृणा और नरफत को आजादी के पूर्व कैसे दूर किया जाये यह बात जानना चाही और फिर देश में आजादी के लिए आंदोलन चलाकर अंग्रेजों को देश से भगाने में कामयाब हुये। लेकिन आज जो घृणा और नफरत की परिस्थिति देश में है, लोकतंत्र और संविधान पर हमला किया जा रहा है। हम सभी को संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए डर कर नहीं बल्कि लड़ कर उसकी रक्षा करना है। क्योंकि डर कर नहीं लड़ कर ही जंग जीती जा सकती है। श्री पटवारी ने कहा कि क्या कारण है कि आज ईवीएम को लेकर देश के करोड़ों लोग अदालतों में जा रहे हैं। हम सभी की विचारधारा है कि देश संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था थे चले लेकिन सत्ता में बैठे लोग इस विचारधारा के साथ खिलवाड़ कर जनता के साथ अन्याय और अत्याचार कर रहे हैं। राम राज में सभी धर्म, जाति के लोग एक समान भाव से रहते थे और हम सभी को इस भावना को सरोकार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आप सभी पूरी ताकत के साथ अभी से जुट जायें। हमारे लिए एक-एक कार्यकर्ता बहुत ही महत्वपूर्ण है। न्याय यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि सभी जिले से अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को यात्रा में शामिल होना है और इसके लिए पूरी कार्ययोजना तैयार करें, यात्रा के दौरान राहुल गांधी जी का स्वागत सत्कार बड़े स्तर पर होना चाहिए। शेख अलीम ने कहा कि सभी को मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव में एकजुटता से काम करना है, ताकि हम लोकसभा चुनाव में अच्छा परिणाम प्राप्त कर सकें और पार्टी को मजबूती प्रदान कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके।

## मप्र के शिक्षक चौथे समयमान वेतनमान से रहेंगे वंचित

भोपाल। मध्य प्रदेश के करीब एक लाख उच्च श्रेणी शिक्षकों एवं सहायक शिक्षकों को चौथा समयमान वेतनमान नहीं मिल सकेगा। इस संबंध में संचालक लोक शिक्षण ने संयुक्त संचालक विधि प्रकोष्ठ लोक शिक्षण को पत्र जारी किया है। संचालक ने केविएट भी दायर की है। इन दोनों श्रेणियों के शिक्षकों को छोड़कर व्याख्याता और प्राचार्य संवर्ग के अधिकारियों को चौथा समयमान वेतनमान मिल सकेगा। जानकारी अनुसार प्रदेश के करीब 1 लाख उच्च श्रेणी शिक्षक व सहायक शिक्षक चौथे समयमान वेतनमान से वंचित रहने वाले हैं। दरअसल इस संबंध में संचालक लोक शिक्षण ने संयुक्त संचालक विधि प्रकोष्ठ लोक शिक्षण को जो पत्र भेजा है उसमें इस बात का जिक्र किया गया है। इसके साथ ही संचालक द्वारा जारी किए गए पत्र में इन्हें 30 वर्ष की सर्विस पूरी करने पर तीसरा समयमान वेतनमान मिलने का जिक्र किया गया है। शिक्षकों के पुराने कैडर में शामिल इन दोनों श्रेणी के शिक्षकों को छोड़कर व्याख्याता एवं प्राचार्य संवर्ग के अधिकारियों को चौथा समयमान वेतनमान मिलने की बात कही गई है।

## आज आंधी के साथ होगी धुंआधार बारिश

भोपाल। मप्र के मौसम में एक बार फिर बदलाव नजर आने लगा है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही ठंडी हवाओं ने प्रदेश भर में ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल से जारी दैनिक मौसम रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत से आगे बढ़ चुका है और हवाओं का रुख उत्तरी होने लगा है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही ठंडी हवाओं के कारण भोपाल सहित पूरे प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट होने लगी है।

## डीन की भर्ती में ओबीसी को आरक्षण नहीं

### - एससी-एसटी को छोड़ सभी पद सामान्य

भोपाल। प्रदेश की राजनीति में ओबीसी आरक्षण का मामला लगातार गर्माया हुआ है। कई भर्तियां और परीक्षा परिणाम ओबीसी आरक्षण की फांस में फंसी हुई है। इस बीच प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों के लिए हो रही डीन की भर्ती में न तो ओबीसी और न ही महिलाओं को आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इस संदर्भ में विभागीय अधिकारी की कुछ कहने से बच रहे हैं।

गौरतलब है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नए आरक्षण रोस्टर के जरिए जिन 18 पदों पर साक्षात्कार के जरिए भर्तियों के लिए आवेदन मांगे हैं, उनमें एससी-एसटी को छोड़ सभी पद सामान्य हैं। महिलाओं के लिए भी कोई पद आरक्षित नहीं है। मामले में ओबीसी संगठन से जुड़े पदाधिकारी अब कोर्ट की शरण में जाने और आंदोलन करने की तैयारी में हैं। डायरेक्टोरेट ऑफ मेडिकल एजुकेशन (डीएमई)डॉ. अरुण श्रीवास्तव का कहना है कि यह विभागीय स्तर से नहीं हुआ, शासन स्तर से हुआ है। मुझे इसका आइडिया नहीं है कि ड्रीन की भर्ती के लिए आरक्षण का कौन सा रोस्टर लगा है।

### 18 पदों पर होनी है भर्ती

जानकारी के अनुसार 6 फरवरी को चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने अधिष्ठाता के 18 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। संचालित 13 मेडिकल कॉलेजों के लिए और स्वीकृत हो चुके पांच मेडिकल कॉलेजों के लिए डीन नियुक्त किए जाएंगे। 18 पदों में एसटी-एससी के लिए 3-3 पद आरक्षित रखे गए हैं। बाकी 12 पद सामान्य हैं। विभाग ने विधानसभा चुनाव से पहले ईडब्ल्यूएस श्रेणी में भी पद आरक्षित किया था, जबकि डीन के पद के लिए कोई भी प्रोफेसर आवेदन करता तो ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र ही नहीं बनता, क्योंकि प्रोफेसर का वेतन ही एक से डेढ़ लाख रुपए प्रतिमाह होता है। डीन के लिए जरूरी योग्यता स्नातकोत्तर चिकित्सा डिग्री होनी चाहिए। प्रोफेसर/एसोसिएट के रूप में 10 वर्ष का अनुभव जरूरी। कम से कम पांच साल विभाग में प्रोफेसर रहे हों। 1 जनवरी 2024 की स्थिति में उम्र 65 वर्ष पूरी न की हो। प्रांताध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विकास मोर्चा महेंद्र सिंह का कहना है कि पूर्व के विज्ञापन में ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान था। नए विज्ञापन में ऐसा नहीं है। यह अन्य पिछड़ा वर्ग की 52 प्रतिशत आबादी के साथ अन्याय है।

## निकट भविष्य में बेहतर होगा कचरा प्रबंधन

### - प्रदेश में 401 नगरीय निकाय बना रही हैं कचरे से खाद

भोपाल। प्रदेश की ज्यादातर नगरीय निकायों में कचरा प्रबंधन की दिशा में बेहतर काम हो रहा है। 401 नगरीय निकाय ऐसे हैं, जिनमें गीले कचरे से खाद बनाने का काम किया जा रहा है। साथ ही निकायों में 360 मटेरियल रिकवरी, फेसिलिटी इकाइयाँ स्थापित की गई है। इंदौर में कचरे से सीएनसी बनाने का काम पहले ही शुरू हो गया है। कचरा प्रबंधन के मामले में इंदौर सबसे आगे है। अन्य शहरों में भी इसी तर्ज पर इकाईयां स्थापित की जा रही हैं।

प्रदेश में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के शहरों में स्वच्छ पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए स्थानीय निकायों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य बेहतर तरीके से किया जा रहा है। नगरीय निकायों में कचरा संग्रहण, परिवहन, प्रसंस्करण एवं उचित निपटान सुविधाओं के विकास के लिये स्थानीय निकायों को जनसंख्या के आधार पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर अनुदान राशि भी प्रदान की जा रही है। इस व्यवस्था में स्वयं का अंशदान संबंधित निकाय को अनिवार्य रूप से करना होता है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के अनुसार नगरीय क्षेत्रों में उत्सर्जित होने वाले कचरे का प्रबंधन नगरीय निकायों का दायित्व है।

इंदौर में काम कर रही 550 टन क्षमता की इकाई = इंदौर में 550 टन प्रतिदिन गीले कचरे की प्रसंस्करण क्षमता की इकाई स्थापित की गई है। इससे बायो सीएनजी का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार 150 टन प्रतिदिन क्षमता की इकाई भोपाल में भी




बनाया जाना प्रस्तावित किया है। जबलपुर में 600 टन प्रतिदिन क्षमता की वेस्ट टू एनर्जी इकाई स्थापित की गई है, जिससे कचरे के प्रसंस्करण से 11.05 मेगावाट बिजली उत्पन्न होगी। इस प्रकार से वेस्ट टू एनर्जी इकाई रीवा में भी निर्माणधीन है।

### 98 फीसदी कचरे का हो रहा प्रसंस्करण

प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में वर्ष 2023 में 7 हजार टन कचरे का उत्सर्जन रिपोर्ट किया गया। जिसमें से निकायों द्वारा 6.63 हजार टन कचरे का निपटान और प्रसंस्करण वैधानिक विधि से किया गया। यह उत्पन्न कचरे का 98 प्रतिशत होता है। प्रदेश में वर्तमान में ठोस अपशिष्ट के लिये 2 प्रक्रियों पर कार्य हरे रहा है। पहली प्रक्रिया क्लस्टर आधरित परियोजनओं का क्रियान्वयन है, जिसमें केन्द्रीय निकाय में अन्य आस-पास के निकायों से कचरा लाकर उचित विधि से प्रसंस्करण किया जा रहा है। प्रदेश में इस समय इस पद्धति से 5 कल्स्टर में 60 नगरीय निकायों को शामिल किया गया है। ये कलस्टर्स सागर, रीवा, कटनी, जबलपुर, एवं सिंगरौली है। इनमें से सागर, कटनी और सिंगरौली कलस्टर्स में से गीले कचरे से खाद बनाई जा रही है।

## एसटी और एससी वर्ग के छात्र भी लाभ से वंचित

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृति , मुख्यमंत्री जनकलयाण छात्रवृत्ति सहित एसटी और एससी वर्ग के लाखों छात्रों को दी जाने वाली इस योजना का लाभ लाखों छात्रों को नहीं मिला है। यहां तक एकीकृत संस्कृत छात्रवृत्ति तथा दिव्यांगों को दी जाने वाली कंप्यूटर एवं प्रबंधन प्राप्त करने के लिए दिए जाने वाला जीवन निर्वाह एवं परिवहन भत्ते के लाभ से वंचित हैं।

बताया जाता है कि मप सरकार ने एसटी, एससी सहित अन्य वर्ग के छात्रों के लिए 10वीं कक्षा, 12 वीं कक्षा के साथ ही अन्य परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी में पास होने पर मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृति एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण के साथ ही पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ की थी। इसके तहत वर्ष 2021-22 में मुख्यमंत्री मेधावी मे 24 हजार 624 छात्रों को 14 करोड़ 61 लाख 50 हजार और वर्ष 2022-23 मे 22 हजार 807 छात्रों को 11 करोड़ 76 लाख 59 हजार की छात्रवृत्ति दी गई थी। जबकि मुख्यमंत्री जन कल्याण छात्रावृति योजना में वर्ष 2021-22 में 15 करोड़ 10 लाख 56 हजार तथा वर्ष 2022-23 में 14 करोड़ 95 लाख 61 हजार रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की थी। इसी तरह एसटी, एससी वर्ग के छात्रों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के रूप में वर्ष 2021-22 में 4 लाख 87 हजार 473 छात्रों को 337 करोड़ 37 लाख तथा वर्ष 2022-23 में 4 लाख 8 हजार 218 छात्रों को 386 करोड़ 63 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की थी लेकिन वर्ष 2023-24 में एक भी छात्र को इस योजना का लाभ नहीं मिला है।

## एयरपोर्ट पर भी उपलब्ध कराई जाएगी हेरीटेज शराब

### हेरिटेज शराब पर 2030 तक नहीं लगेगा आबकारी डयूटी एवं निर्यात शुल्क

भोपाल। मध्य प्रदेश की हेरीटेज शराब एयरपोर्ट पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा व्यावसायिक उड़ानें संचालित करने वाले एयरपोर्ट में आगमन एवं प्रस्थान द्वार पर शराब के एक-एक काउंटर खोले जाएंगे। इसके लिए आबकारी विभाग योजना बनाकर जुट गया है। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार ने शराब ठेकों की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी है। राजस्व बढ़ाने के लिए इस बार शराब के ठेके 15 प्रतिशत महंगे होंगे।

नए वित्तीय वर्ष में राजस्व बढ़ाने के लिए आबकारी विभाग ने जो नीति बनाई है उसके अनुसार एयरपोर्ट पर भी हेरीटेज शराब उपलब्ध कराई जाएगी। हेरिटेज शराब पर वर्ष 2030 तक आबकारी डयूटी एवं निर्यात शुल्क नहीं लगेगा। वहीं, टैक्स पर भी छूट रहेगी। वाइन महोत्सव के लिए प्रत्येक नगर निगम में एक हजार रुपये प्रतिदिन लाइसेंस फीस पर दो दिन के लिए ओकेशनल लाइसेंस लिया जा सकेगा।

### नए जिलों में पुरानी व्यवस्था

प्रदेश के तीन नए जिले मऊगंज, मैहर और पांढुर्णा की शराब दुकानों को अभी पुराने जिलों में ही रखा जाएगा। इनके ठेके क्रमश= रीवा, सतना और छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय से ही होंगे। वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ठेका होने के बाद मऊगंज, मैहर और पांढुर्णा जिले की शराब दुकानों का संचालन एवं प्रशासन इन्हीं नए जिला के कलेक्टर के अधीन किया जाएगा। नव गठित जिलों के लिए यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी मदिरा समूह में शराब दुकानें एक से अधिक जिलों की राजस्व सीमा के अंतर्गत नहीं आनी चाहिए।

### पुनर्गठित समूहों की नीलामी ई-टेंडर से

यदि एक से अधिक राजस्व सीमा में शराब दुकानें आती है तो उन समूहों का नवगठित जिलों की राजस्व सीमाओं का निर्धारण के अनुरूप पुनर्गठन किया जाएगा। ऐसे पुनर्गठित समूहों की नीलामी ई-टेंडर के माध्यम से की जाएगी और इनका नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। वर्ष 2024-25 के लिए 3600 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के ठेके प्रथमत= विगत वर्ष 2023-24 में प्रचलित छोटे एक समूहों में किया जाएगा। शराब ठेकों की नीलामी के लिए प्रत्येक जिले में निष्पादन समिति गठित की जाएगी। मप्र आबकारी अधिनियम 1915 के तहत दोषी व्यक्ति, जो एक साल की सजा काट चुका हो, शराब दुकान का ठेका लेने लिए अपात्र होगा।

## सरकारी विभाग सांख्यिकी आयोग को नहीं उपलब्ध करा रहे डाटा

भोपाल। शासकीय विभाग नियमित रूप से मध्य प्रदेश सांख्यिकी आयोग को डाटा उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के प्रमुख सचिव ने इस संबंध में सभी विभाग प्रमुखों को पत्र लिख कर यह डाटा उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

मध्य प्रदेश में सांख्यिकी प्रणाली के मूल्यांकन एवं नीति निर्माण में डाटा की गुणवत्ता और प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए गठित टास्क फोर्स की अनुशंसा पर 28 जून 2022 को राज्य सांख्यिकी आयोग का गठन किया गया था, जो डाटा प्रवाह की स्थिति तथा इसमें सुधार की आवश्यकता को ध्यान में रखकर निरंतर समीक्षा कर रहा है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि डाटा समय पर उपलब्ध होने से योजनाओं को बनाने और नीति निर्माण में मदद मिलती है। साथ ही डाटा उपलब्ध होने से आमजन भी इससे लाभान्वित होते हैं, लेकिन यह देखा गया है कि कुछ विभागों द्वारा आयोग को नियमित रूप से डेटा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, इससे राज्य में सांख्यिकी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण करने में कठिनाइयां हो रही हैं। इसको लेकर अब सभी विभागों से कहा गया है कि कि वह अपनी सांख्यिकी जानकारियां एवं डाटा अपने विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित करें तथा समय-समय पर आवश्यकता अनुसार इन्हें अद्यतन भी करें। साथ ही कहा गया है कि समस्त विभाग अपने विभागीय प्रकाशनों की अग्रिम समय सारिणी प्रसारित कर निर्धारित समय-सीमा में इनका प्रकाशन करें। इससे डाटा पर आमजन का विश्वास भी बढ़ेगा और सांख्यिकी डेटा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

## कमलनाथ हो सकते हैं कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार

### एक राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस में उठापटक

भोपाल। राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होगा। मध्यप्रदेश में 5 राज्यसभा की सीटों पर चुनाव होगा। चार सीटें भाजपा की खाते में और एक सीट कांग्रेस की खाते में जाएगी। इसी बीच मध्य प्रदेश की सियासत से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। कांग्रेस में इस एक सीट के लिए एक अनार सौ बीमार जैसी स्थिति है। पूर्व सीएम कमलनाथ से लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव तक कई दिग्गजों के नाम इस एक सीट के लिए चल रहे हैं, हालांकि कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग कार्ड के चलते इन नामों में अरुण यादव का दावा सबसे मजबूत माना जा रहा है। इस बीच 13 फरवरी को कमलनाथ ने कांग्रेस विधायकों को डिनर पर



बुलाया है।

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ कांग्रेस से राज्यसभा के उम्मीदवार हो सकते हैं, इसको लेकर कमलनाथ की कल दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात हुई है। सोनिया गांधी से मुलाकात कर कमलनाथ ने एमपी से राज्यसभा जाने की इच्छा जताई है। साथ ही बेटे नकुलनाथ को छिंदवाड़ा से एक बार फिर मौका देने का कहा है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में 5 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होगा। अजय प्रताप, कैलाश सोनी, धर्मेन्द्र प्रधान, एल मुरुगन भाजपा से राज्यसभा सांसद हैं। कांग्रेस से राजमणि पटेल राज्यसभा सांसद हैं। जिनका कार्यकाल पूरा हो रहा है।

### सोनिया गांधी से मिलकर जताई इच्छा

दरअसल, अप्रैल में मध्य प्रदेश में रिक्त हो रही राज्यसभा की सीटों में से एक सीट आंकड़ों के हिसाब से कांग्रेस के खाते में जाती हुई दिखाई दे रही है और इसी सीट पर बताया जा रहा है कमलनाथ की नजर है। सूत्रों का दावा है कि कमलनाथ ने सोनिया गांधी से मुलाकात कर कहा है कि मध्य प्रदेश की सियासत में अब युवाओं को आगे बढाना चाहिए और वो अब दिल्ली की राजनीति में एक बार फिर सक्रिय होना चाहते हैं। जिसके लिए वो राज्यसभा में जाना चाहते हैं।

### नॉमिनेशन से पहले डिनर डिप्लोमेसी

सूत्रों का दावा है की राज्यसभा के लिए कमलनाथ 15 फरवरी को नॉमिनेशन कर सकते हैं। नॉमिनेशन से पहले कमलनाथ ने कांग्रेस के तमाम विधायकों को डिनर पर बुलाया है 13 फरवरी को कमलनाथ के बंगले पर रात 8 बजे डिनर पार्टी होगी। जिसको लेकर कमलनाथ की तरफ से तमाम कांग्रेस विधायकों को निमंत्रण भेजा जा चुका है।

## हाईकोर्ट ने निरस्त किया क्रमोन्नति वापस लेने का आदेश

### - शासन पर लगाया 10 हजार रुपये जुर्माना

भोपाल । हाई कोर्ट ने सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की क्रमोन्नति वापस लेने का आदेश निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने शासन पर 10 हजार रुपये का जुर्माना (मुकदमा व्यय) भी लगाया। कोर्ट ने व्यवस्था दी कि जुर्माना राशि संबंधित दोषी अधिकारी से वसूली जाए और 30 दिन के भीतर याचिकाकर्ता को भुगतान की जाए।

### याचिकाकर्ता ने दी ये दलील

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी मुन्नी बाई बागडे की ओर से अधिवक्ता सचिन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता चतुर्थ श्रेणी सेवानिवृत्त कर्मचारी है। वह आकस्मिक निधि पाने वाली कर्मचारी थी। क्रमोन्नति के आधार पर उसका वेतन निर्धारण किया गया था। शासन ने पूर्वव्यापी तिथि से क्रमोन्नति वापस लेने का आदेश जारी किया। दलील दी गई कि कंटिंजेंसी कर्मियों को क्रमोन्नति का लाभ नहीं दिया जा सकता। अधिवक्ता ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने केएल आसरे के मामले में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यभारित और आकस्मिक निधि पाने वाले दोनों प्रकार के कर्मचारियों से क्रमोन्नति वापस लेना अवैधानिक है। कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों द्वारा जानबूझकर इस तरह अदालतों के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है।

## मंत्रालय अधिकारी-कर्मचारी संघ चुनाव के नामांकन फॉर्म आज से मिलेंगे

भोपाल। मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के चुनाव 20 फरवरी को होने जा रहे हैं। जिसके लिए नामांकन फॉर्म सोमवारको दोपहर 1 से 1.30 के बीच वल्लभ भवन के कक्ष-128 प्रथम तल में मिलेंगे। बता दें कि 1 फरवरी को जारी निर्वाचन अधिसूचना में नामांकन पत्रों का प्रदाय करने एवं भरे हुए नामांकन जमा करने का स्थान मंत्रालय के गेट नंबर 6 के पास स्थित गणेश मंदिर उल्लेखित किया गया था। निर्वाचन अधिकारी भगवान सिंह यादव ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग से निर्वाचन कार्य के लिए कक्ष क्रमांक 128, प्रथम तल,वल्लभ भवन क्रमांक-1 के उपयोग करने की अनुमति मिल गई है। जिसके चलते अब नामांकन मिलने और भरे नामांकन जमा करने के साथ ही 13 फरवरी को नामांकन वापसी के कार्य वल्लभ भवन के कक्ष-128 में प्रथम तल में सम्पन्न होंगे।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया खिताबी मुकाबल आज

मुम्बई। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले अंडर-19 विश्वकप के खिताबी मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी। भारतीय टीम ने अबतक अपने सभी मैच जीते हैं। भारतीय टीम ने ये खिताब पांच बार जीता है। इस बार टीम उदय सहारन की कप्तानी में जीत के आंकड़े को बढ़ाना चाहेगी। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल का टिकट कटाया है। टीम इंडिया की नजरें अब रिकॉर्ड छठी बार विश्व विजेता जीतना है। उदय की कप्तानी वाली इस भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। अब उसका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 2 विकेट से जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनायी है। दोनों टीमों में कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं।

भारतीय कप्तान उदय इस समय बेहतरीन फार्म में हैं। उन्होंने अब तक इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। उन्होंने 6 मैचों में 389 रन बनाए हैं। उदय सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। उन्होंने एक शतक और 3 अर्धशतक लगाये हैं। अगर

भारत के बल्लेबाज मुशीर खान ने भी अब तक बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है। वह सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में दूसरे नंबर पर हैं. उन्होंने 6 पारियों में 2 शतक और 1 अर्धशतक की मदद से 338 रन बनाए हैं। मुशीर ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत के ही सचिन दास ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कठिन हालातों में 96 रन की पारी खेली थी। फाइनल में भी सचिन इस प्रकार का प्रदर्शन करना चाहेंगे।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर ने भी अब तक घातक गेंदबाजी की है। ऐसे में भारतीय टीम को उनसे सावधान रहना होगा। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 6 विकेट लिए थे। स्ट्रेकर ने अंडर 19 विश्व कप में अब तक 12 विकेट लिए हैं। सेमीफाइनल में टीम की जीत में स्ट्रेकर ने अहम भूमिका निभाई थी।

इसके अलावा भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज हरजस सिंह अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं पर खिताबी मुकाबले में वह अंतर पैदा कर सकते हैं।




## अंडर 19 क्रिकेट विश्वकप : आठ खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की दौड़ में शामिल


जोहांसबर्ग। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले अंडर 19 क्रिकेट विश्वकप में भारत के मुशीर खान सहित आठ खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। आईसीसी ने उन 8 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की है जिन्हें ये अवार्ड मिल सकता है। इसमें तीन भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। यह अवॉर्ड पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। भारत की ओर से कप्तान उदय सहारन सहित सौम्य पांडे और मुशीर खान के नाम इसमें शामिल हैं। इन तीनों ने ही अपने प्रदर्शन से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा इस सूची में दक्षिण अफ्रीका के दो जबकि पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के एक-एक खिलाड़ी को जगह मिली है।

वहीं आईसीसी ने कहा, ' आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2024 के इस साल के सत्र में कई शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। इनमें से 8 खिलाड़ियों को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट में बनने की दौड़ में सीमित कर दिया गया है।' इसमें दक्षिण अफ्रीका से तेज गेंदबाज क्वेना मफाका और स्टीव स्टोल्क, ऑस्ट्रेलिया के ह्यूज वेईगन , पाकिस्तान से उबैद शाह और वेस्टइंडीज के ज्वेल एंड्रयू को इस सूची में जगह मिली है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन की बात की जाए तो भारत की ओर से स्पिनर सौम्य पांडेय ने 17 विकेट लिए हैं। वहीं मुशीर ने दो शतक लगाये हैं। उन्होंने 6 पारियों में 338 रन बनाये हैं। वहीं कप्तान उदय सहारन ने अब सबसे अधिक रन बनाये हैं।

## मनरेगा के मजदूरों को नहीं मिल रहा भुगतान

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। मध्य प्रदेश की सभी 313 जनपद पंचायतों की 22695 ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत काम करने वाले मजदूरों को भुगतान नहीं मिल पा रहा है. जिस कारण इन मजदूरों के सामने आर्थिक संकट मंडरा रहा है. मजदूरों को भुगतान नहीं मिलने पर अब सियासत भी होनी लगी है. पंच-उपसरपंच महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष राहंगडाले ने केंद्र और प्रदेश सरकार से निवेदन के साथ ही अल्टीमेटम देते हुए 15 दिनों के भीतर भुगतान नहीं मिलने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है. संतोष राहंगडाले शनिवार को जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत धनकोषा में मीनाक्षी तालाब के कार्य का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे जहां मजदूरों ने बताया कि करीब 03 माह से मजदूरी नहीं मिली है. जिस कारण घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया है. मनरेगा योजना में मजदूरों को काम करने के बाद उनका पैसा नहीं मिल रहा तो मजदूर सरपंच, उपसरपंच,





सचिव, रोजगार सहायक को परेशान कर रहे हैं. इन दिनों यह हाल ना केवल जनपद पंचायत कटंगी में बल्कि लगभग यह हाल पूरे प्रदेश में का है. ग्रामीण अंचलों से मजदूरों के पलायन को रोकने और गांव में ही मजदूरों को काम दिलवाने के प्रमुख उद्देश्य से मनरेगा योजना शुरू की गई थी. ग्रामीण मजदूरों को गरीबी से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाने वाली 'मनरेगा' यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना आज स्वयं तंगहाली से गुजर रही है. पूरे मध्य प्रदेश में योजना का हाल बेहाल है. राज्य सरकार लाड़ली बहना योजना के नाम पर महिलाओं को बिना कुछ किए ही पैसा दे रही है लेकिन जो मजदूर मजदूरी कर रहे है. उन्हें मजदूरी नहीं दी जा रही है. मध्य प्रदेश के मजदूरों को पिछले 03 महीने से मजदूरी का पैसा नहीं मिला है. अपने मेहनताने यानी मेहनत की मजदूरी के लिए मजदूर दर-दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं. यह योजना केंद्र सरकार के फंड से चलने वाली है, लिहाजा विभाग को केंद्र से पैसा आने का इंतजार है. जनपद पंचायत कटंगी की लभगत सभी 81 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत मजदूरों ने काम किया है और कई जगहों पर कार्य चालू है किन्तु भुगतान नहीं मिल पा रहा है. जिससे मजदूर अपने आपको ठगा महसूस कर रहा हैं. वहीं ग्राम पंचायत स्तर के प्रतिनिधि और सरकारी कर्मचारी मजदूरों से खरी-खोटी सुनने को मजबूर है।

## बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों के लिए घोषित की टीम

### जडेजा और राहुल की वापसी, आकाशदीप नया चेहरा

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बचे हुए तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम घोषित कर दी है। टीम में जहां ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी हुई है। वहीं विराट कोहली और श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल नहीं किया गया है। विराट ने जहां निजी कारणों से बचे हुए मैचों के लिए नाम वापस ले लिया है। वहीं अय्यर चोटिल होने के कारण बाहर हुए हैं। टीम में बिहार के युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप को पहली बार अवसर मिला है। जडेजा और राहुल को टीम में जगह मिल गयी है पर उन्हें फिट होने पर ही अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाएगा। रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल को भी टीम में जगह मिली है। विराट के बाहर होने के कारण पाटीदार को उनकी जगह बल्लेबाजी का अवसर मिलना तय नजर आता है।

वहीं विराट को लेकर बीसीसीआई ने कहा है कि वह निजी कारणों से सीरीज से बाहर हैं। साथ ही कहा कि बोर्ड उनके इस फैसले का पूरी तरह से सम्मान करता है। साथ ही कहा कि जडेजा और राहुल के खेलने पर फैसला मेडिकल टीम की ओर से फिटनेस का आंकलन किये जाने पर ही लिया जाएगा। वहीं मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी टीम से बाहर हो गए हैं। विशाखापत्तन टेस्ट मैच के बाद ही अय्यर की पीठ में जकड़न आ गयी थी।

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 15 फरवरी से राजकोट में जबकि चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा। वहीं पांचवां और अंतिम टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला में होगा।

**भारतीय टीम इस प्रकार है :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

## बीमा कंपनियों को 25000 करोड़ के नोटिस जारी करेगा आयकर विभाग

मुंबई । भारत में बीमा कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की जा रही है। आयकर विभाग जल्द ही बीमा कंपनियों को 25000 करोड रुपए के टैक्स जमा करने के नोटिस जारी करने जा रही है। पिछले साल जीएसटी ने भी 15 बीमा कंपनियों पर 2350 करोड रुपए की टैक्स चोरी के नोटिस भेजे गए थे। जिन कंपनियों को नोटिस भेजे गए थे। उनमें बजाज एलियांज,आदित्य बिरला, सन लाइफ इंश्योरेंस और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस जैसी कंपनियां भी शामिल थी।

अब आयकर विभाग 25000 करोड रुपए के टैक्स नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है। एजेंट को किए गए कमीशन भुगतान, खर्च और कटौती को लेकर जो अनियमिता बीमा कंपनियों द्वारा की गई है। इसका आकलन केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड कर रहा है।

## चांगोटोला में विद्युत व्यवस्था लड़खड़ाई

चांगोटोला(पद्मेश न्यूज)। वर्तमान में विद्युत केंद्र चांगो टोला के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली से अत्यधिक त्रस्त है। दिन में विद्युत का कई बार आना-जाना तथा रात्रि में भी घण्टो तक विद्युत प्रभाव अरुरोध रहना जैसे आम सी बात बनकर रह गई है। इसके साथ ही वोल्टेज की समस्या सदैव बनी रहती है। ऐसी स्थिति में विद्युत से कार्य करने वाले लोगों को अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। धान गेहूं चावल पीसने वालों को लाइट का इंतजार करना पड़ता है। इसके साथ ही लाइट के अभाव में लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है। ग्राम चांगोटोला में विद्युत लाइन समनापुर( नैनपुर) से केवलारी होते हुए चांगोटोला आई है। विद्युत ना रहने पर उंगली केवलारी के अधिकारियों से चर्चा करने पर रटे रटाये जवाब देकर या मैसेज से कहा जाता है कि समनापुर से बंद है या कभी केवलारी ,उगली फॉल्ट है। इत्यादि जानकारी देकर अपने कार्य से इति श्री कर ली जाती है। वर्तमान में हवा तूफान वर्षा न होने के बाद भी विद्युत का बार-बार बंद होना। क्षेत्रीय नागरिकों के समझ से परे हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए क्षेत्रीय जनता में तीव्र आगोश व्याप्त है। उच्च अधिकारियों से इस अव्यवस्था को देखते हुए विद्युत प्रवाह सुचारू रूप से जारी करने की मांग की गई है।

## घुनाड़ी में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



कटंगी(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गत दिवस 1 फरवरी को ग्राम अगासी का भ्रमण के दौरान विकासखण्ड कटंगी के चिन्हांकित ग्रामों में स्वास्थ्य कैंप लगवाने के लिए आदेशित किया था. जिसके परिपालन में शनिवार को ग्राम पंचायत घुनाड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. स्वास्थ्य शिविर के अलावा शिविर में मध्य प्रदेश आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग और राजस्व विभाग के अलग से स्टॉल लगाए गए थे. इन स्टॉल में आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि जैसी समस्याओं के निराकरण किए गए. शिविर में एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, सीईओ दीपक कर्पे, बीएमओ डॉ पंकज दुबे, सरपंच कपूरचंद पटले सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे. स्वास्थ्य शिविर में खासतौर से स्कूली विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई. शिविर में ब?ी संख्या में ग्रामीणजनों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया. सरपंच ने बताया कि पहली बार इस तरह का शिविर गांव में आयोजित किया गया. जिसका ग्रामीणों ने भरपूर लाभ लिया. कलेक्टर के आदेशानुसार अब 12 फरवरी को बोनकट्टा, 14 फरवरी को तिरोड़ी, 15 फरवरी को खैरलांजी, 16 फरवरी को नंदोरा, 17 फरवरी को जराहमोहगांव, 18 फरवरी को लखनवाड़ा और 19 फरवरी को ग्राम सिरपुर में शिविर आयोजित किया जायेगा।

## पीएचई विभाग ने ली कंचनपुर में पानी की समस्या का जायजा

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। आखिरकार पीएचई विभाग ने ग्राम पंचायत सरंडी अंतर्गत आने वाले ग्राम कंचनपुर के खराब हेडपंपों की सुध ले ली है। विभाग द्वारा खराब हेडपंप व दूषित पानी उगल रहे हेडपंपो का मुआयना कर शीघ्र ही उनका उचित रखरखाव करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है। गौरतलब है कि ग्राम कंचनपुर की लगभग आबादी चार सौ से कुछ अधिक है मगर यह ग्राम



कंचनपुर पानी की भीषण समस्या से जूझ रहा है। जिसको लेकर बालाघाट एक्सप्रेस व पद्मेश न्यूज पर पानी की समस्या से जूझ रहे कंचनपुर वासियों की व्यथा को प्रमुखता से छापा था जिसके बाद ही विभाग हरकत में आया ओर उसने ग्राम के हेडपंपों का निरीक्षण ९ फरवरी को किया जिसके बाद उनका सुधार कार्य करने का निर्णय लिया है। वही पानी की टेस्टींग के लिये जिला मुख्यालय से अमला बुलाने की बात कहीं जा रही है।

**इनका कहना है -**

इस संबंध में पीएचई अनुविभागीय अधिकारी महेश्वर पाटनकर ने पद्मेश को दूरभाष पर बताया कि हम लोगों को जैसे ही इस बात की जानकारी लगी की सरंडी के कंचनपुर में पानी की परेशानी हो रही है। हमारे अमले ने मौके पर पहुँचकर जायजा लिया है। पानी की जो समस्या बनी हुई है उसका शीघ्र ही निदान किया जायेगा।

**महेश्वर पाटनकर**
**अनुविभागीय अधिकारी पीएचई**

## शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने वाले दानवीर दीवान बहादुर मुलना जी की डॉक्युमेंट्री का हुआ अनावरण

बालाघाट। नगर के दानवीर दीवान बहादुर मूलना जी की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का शनिवार को अनावरण कलेक्टर व मूलना समिति के प्रेसिडेंट डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कलेक्टर सभागृह में किया गया। डॉक्युमेंट्री में उनके प्रारम्भिक जीवन और उनके द्वारा किये गए कार्यो तथा बालाघाट नगर में शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने के लिए दान दी गई भूमियों के अलावा अन्य कार्यो का वृतांत किया गया। इस डॉक्युमेंट्री का कलेक्टर सभागृह में मौजूद अधिकारियों और समिति के सदस्यों ने दिखी। पुलिस अधीक्षक



समीर सौरभ ने बहादुर मुलना द्वारा किये गए कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज, मूलना स्टेडियम, जल संयंत्र आदि में उनके अमूल्य धरोहर है। जिन्हें आज हम सार्वजनिक रूप में उपयोग कर रहे है। उन्होंने बालाघाट के आम नागरिकों से अपील कि है की विशेष रूप से तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री को अवश्य देखे। जिसमे उनके प्रयासों से आज बालाघाट फल फूल रहा है। डॉक्युमेंटी फिल्म का निर्माण निर्देशक आसिफ शेख व निर्माता खुसनूर शेख मुंबई के द्वारा किया गया है। फिल्म तैयार करने में मुख्य सहयोग जिले के निवासी श्री रमेश रंगलानी, श्री विजय वर्मा, गुप्ता, उदय सिंह नगपुरे , अभय शेठिया, खेल अधिकारी कृष्ण कुमार, कमलजीत छाबरा, केदार ठाकरे, श्री दीपक ने दिया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर परिषद बैहर में संपन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर परिषद बैहर द्वारा 10 फरवरी को किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा संचालित यात्रा है। जिसमें ऐसे व्यक्ति जो की शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं एवं लाभ से वंचित है ऐसे व्यक्ति पात्रता अनुसार इस संकल्प यात्रा में अपना आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं ।नगर परिषद बैहर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन हमारा संकल्प विकसित भारत शहर के सभी विभागों के स्टॉल इस कार्यक्रम में लगाए गए। जिसमें नगर परिषद बैहर के कार्यक्रम प्रभारी गजेंद्र मेरावी द्वारा निकाय में चल रही केंद्र राज्य सरकार की प्रमुख योजनाएं सबल जिसमें पात्र हितग्राही को प्रसूति सहायता तथा किसी भी तरह की घटना दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर लाख एवं चार लाख की आर्थिक सहायता राशि वितरण तथा गरीब परिवारों को पात्रता अनुसार निराश्रित पेंशन योजना के लाभ से 600 रुपए प्रति माह तथा केंद्र सरकार की योजना बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हेतु पीएम निधि योजना अंतर्गत 10000 से 50000रुपये तक का ऋण प्राप्ति एवं स्वरोजगार योजना अंतर्गत राशि 50000 से 200000 रुपये प्राप्त कर अपना व्यवसाय करने हेतु बताया गया तथा महिला सशक्तिकरण एवं स्वालंबी हेतु महिला स्व सहायता समूह का गठन कर ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें सम्मान से जीविका चलाने हेतु योजना की जानकारी दी गई। श्री शर्मा एसडीओ कृषि विभाग बैहर द्वारा बतलाया गया कि जैविक खेती महत्वपूर्ण है उन्होंने जैविक खेती करने पर जोर दिया तथा गाय पालने पर भी उनके द्वारा कहा गया कि गए एक आस्था का केंद्र है जिसे हमने माता का दर्जा प्राप्त किया है। गाय के गोबर दूध महत्वपूर्ण तथा जर्सी गाय के दूध से देखा गया है कि कैंसर की समस्या उत्पन्न होती है। क्योंकि जर्सी गाय को मिलावटी आहार दिया जाता है जो कि स्वास्थ्य के लिए लाभदायक नहीं है। सरकार द्वारा कोदो कुटकी का आहार सेना को दिए जाने की बात कही जो कि स्वास्थ्य के लिए अति लाभदायक है। फसलों के लिए शासन ने योजनाएं विकसित किया है जिससे कि केमिकल वाली दवाइयां एवं खाद्य से बचा जाकर देसी उर्वरक का उपयोग कर फसलों को बढ़ाया जा सकता है जो की पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक है। श्रीमती आशा मेश्राम सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास बैहर द्वारा बताया गया है कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा 1000 प्रति माह प्रदान किया जाता है। तथा स्वस्थ बालिका बालक अंतर्गत आंगनबाड़ियों में पोषण आहार प्रदान किया जाता है जिससे कम उम्र के बच्चे हष्ट पुष्ट होते हैं। मातृत्व वंदना योजना एवं लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ भी सरकार द्वारा हितग्राहियों को दिया जाता है ऐसे ही सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम में दी । कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत परसवाड़ा संभल सिंह धुर्वे ने शासन की योजनाओं के बारे में चर्चा की गई तथा अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि आम जनता में ज्यादातर गरीबी एवं कम पढ़े लिखे व्यक्ति होते हैं। जिन्हें पूरा सहयोग कर्मचारी यो द्वारा मिल सके तथा योजनाओं का लाभ एवं अनेक कार्य जिम्मेदारी से कर सके। इसी बात की जानकारी दी जाती है ताकि समय पर आम जनता का काम कर सके। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा भी अपनी बात रखी गई जिसमें शिवनाथ यादव पूर्व




पार्षद एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रभारी ने कहा कि केंद्र एवं राज सरकार की योजनाएं आम जनता तक पहुंचे तथा समय-समय पर उनका निराकरण किया जाए । जुगल किशोर पांडेय पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाएं निरंतर संचालित होती रहती है किंतु समय पर उनका लाभ जनता तक पहुंच नहीं पता इसलिए उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर उन्हें लाभ दे तथा पार्षद गण को भी आम जनता की समस्या का निराकरण समय पर करना चाहिए इसमें उनका सहयोग पूर्ण रूप से रहना चाहिए अर्जुन जायसवाल एवं प्रमोद नेमापुर मंडल अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने के लिए इस कार्यक्रम में पधारे वंचित हितकारी को लाभ दिलाए जाने हेतु कहा गया तथा शासन की योजनाओं का क्रियावयन पारदर्शिता पूर्ण ही तथा समय पर लोगों को लाभ मिले एवं भविष्य में लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सफल क्रियांनवयन एवं कार्यों का संचालन हो अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस बात का ध्यान रखना को कहा गया । श्री नेमा ने कहा कि योजनाओं का समय पर और पारदर्शिता पूर्ण होगा तो निश्चित ही जनता द्वारा सरकार के प्रति भरोसा बनेगा ।कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि एवं जिला महामंत्री सुरेंद्र गुड्डा मरकाम ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी द्वारा विकसित भारत का संकल्प लिया गया है और वह एवं उनके सभी पार्षद गण अध्यक्ष श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता तक पहुंचने में प्रयत्नशील है। श्री मरकाम द्वारा बतलाया गया कि नगर परिषद बैहर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किसी तरह से आम जनता को किसी भी कार्य के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सभी कार्य समयावधि पर पात्रता अनुसार पूर्ण किए जाते हैं और भविष्य में भी किए जाएंगे अध्यक्ष एवं मेरा घर 24 घंटे आम जनता के लिए खुला है किसी भी परिस्थिति में कोई भी कार्य के लिए वे सदैव तैयार है। उन्होंने अपनी निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी निर्देशित किया है कि आगामी समय में योजनाओं का शिविर पृथक पृथक रूप से सभी वार्डों में लगाया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति लाभ से वंचित न हो साथ ही उन्होंने कहा कि हम जनता के ही बच्चे हैं उनसे ही चुनकर हम आए हैं और हम जनता के काम करने के लिए क्रमबद्ध है। कार्यक्रम की अतिथि श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम अध्यक्ष नगर परिषद बैहर द्वारा अपने परिषद एवं अधिकारी कर्मचारी द्वारा की जा रही कार्यप्रणाली की तारीफ की गई साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के विजन को हम घर-घर तक पहुंचाएंगे आज के भव्य कार्यक्रम की शुरुआत पंच कन्याओं के तथा दीप प्रज्वलित के साथ प्रारंभ किया गया तथा क्षेत्र के आम जनमानस का सैलाब जो कार्यक्रम में दिखा खास तौर पर महिलाओं की भागीदारी अधिक होने से तथा कार्यक्रम के शपथ ग्रहण एवं संस्कृत कार्यक्रम होने से पूर्ण रूप से सफल कार्यक्रम हमारे निकाय का प्रतीत होता है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सुनील बघावन पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुरपति यादव गणेश खरवार संकेत राठौर सुरेश यादव शिवेंद्र रामटेक अजीज खान रामेश्वर कदम अनिल पांडे श्रीमती संरचना सोनवाने श्रीमती अनीता वरकडे श्रीमती पूनम निरंजन शर्मा निरंजन शर्मा राजा चौधरी शिवेंद्र उइके श्री भालेकर बलदेव उइके श्रीमती सावित्री नीरज मेरावी तथा रोहित विश्वकर्मा तहसीलदार दिलीप खांडेबुचे मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सभी विभाग से आए अधिकारी एवं कर्मचारी एवं साथी विभाग के डॉक्टर श्री कोकोड़े जी जिनके नेतृत्व में स्लॉट में 250 जांच बीपी शुगर एवं एच बी की गई तथा 140 आवेदन निकाय में प्राप्त हुए तथा नगर परिषद के सभी अधिकारी कर्मचारियों बैसाखू मेरावी नसीम खान श्रीमती सोनम साहू श्रीमती उषा रैकवार तथा सभी लोगों के सहयोग से 2024 का विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सफल पूर्वक संपन्न हुआ।



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# मध्यप्रदेश को ₹ 7550 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात

प्रधानमंत्री

# नरेन्द्र मोदी

द्वारा

## शिलान्यास

- रतलाम एवं मेघनगर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास
- सीएम राइज़ विद्यालय रजला, झाबुआ
- 3 लीगेसी अपशिष्ट डम्प साइट प्रोजेक्ट
- 14 शहरी जलप्रदाय योजनाएं
- तलावड़ा बांध परियोजना
- 7 विद्युत उप-केंद्र

## लोकार्पण

- इंदौर-देवास-उज्जैन रेलवे लाइन दोहरीकरण
- इटारसी नॉर्थ-साउथ ग्रेड सेपरेटर एवं यार्ड रीमॉडलिंग
- बरखेड़ा-बुदनी-इटारसी तीसरी रेलवे लाइन
- हरदा-बैतूल 4 लेन सड़क
- उज्जैन-देवास सेक्शन सड़क
- इंदौर-गुजरात-मध्यप्रदेश बॉर्डर सेक्शन 16 किमी 4 लेन सड़क
- चिचोली-बैतूल 4 लेन सड़क
- उज्जैन-झालावाड़ सेक्शन सड़क
- 50 ग्राम पंचायतों में नल-जल योजना
- 6 विद्युत उप-केंद्र
- नर्मदापुरम जल प्रदाय योजना

## एवं

- 1.75 लाख हितग्राहियों को भू-अधिकार पत्रों का वितरण
- 1.98 लाख हितग्राहियों को आहार अनुदान राशि का अंतरण
- पीएम आदि आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ₹ 56 करोड़ का अंतरण
- टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय स्थापना की घोषणा

**11 फरवरी, 2024 - दोपहर 12:00 बजे - गोपालपुरा हवाई पट्टी, झाबुआ, मध्यप्रदेश**

### परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- रतलाम, मेघनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं
- सीएम राइज़ विद्यालय से गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वस्तरीय शिक्षा को बढ़ावा
- लीगेसी डम्प साइट प्रोजेक्ट से अपशिष्ट का प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण
- पेयजल व सिंचाई परियोजनाओं से शुद्ध पेयजल व कृषि उत्पादन में वृद्धि
- 13 विद्युत उप-केंद्रों के माध्यम से बिजली की निर्बाध उपलब्धता होगी सुनिश्चित
- अतिरिक्त रेलवे लाइनों से आवागमन की बेहतर सुविधा एवं व्यापार को प्रोत्साहन
- विभिन्न सड़कों के विकास एवं विस्तार से सुगम यातायात एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा

D11200/23

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

# केंद्रीय डिपो बालाघाट में लकड़ी लेने आये उपभोक्ता ने डिपो के प्रभारी पर लगाए आरोप

## केंद्रीय डिपो में जलाऊ लकड़ी बेचने के नाम पर की जा रही है धोखाधड़ी, लकड़ी के चट्टो को नापने के लिए टेप की जगह लकड़ी के डंडे का इस्तेमाल





**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। जिला मुख्यालय में स्थित केंद्रीय डिपो के कुछ कर्मचारी व अधिकारी जलाऊ लकड़ी के चट्टो को बेचते समय जलाऊ लकड़ी खरीदने आने वाले शहरी उपभोक्ताओं को कम माप की लकड़ीयां बेच रहे हैं और जहां लकड़ीयों को नापने के लिए टेप का इस्तेमाल करना चाहिए वहां लकड़ी के कम माप वाले डंडे का उपयोग करते हुए उपभोक्ताओं को कम लकड़ी दे रहे हैं ,और स्वयं अधिक मुनाफा प्राप्त कर रहे हैं, किंतु 10 फरवरी को लकड़ी खरीदने आए एक उपभोक्ता ने इसका विरोध कर मीडिया के सामने अपनी शिकायत दर्ज की, जिसमें डिपो के अधिकारियों ने भी इस गलती को मानते हुए जल्दबाजी में काम करने में होने वाली सुविधा को इसका कारण बताया है। आपको बता दे की ताजा मामला जलाउ लकड़ी के चट्टो के विक्रय का है, 10 फरवरी की दोपहर जब नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 03 ताज नगर गड्ढा मोहल्ला निवासी युवक घर में उपयोग होने वाली जलाऊ लकड़ी लेने, केन्द्रीय डिपो पहुंचा। जहां उसे डिपो प्रभारी द्वारा कथित माप अनुसार एक डंडे से नापकर चट्टा दिया। जो उसे कम लगने पर उसने इसको लेकर आपत्ति जाहिर की। इसी दौरान युवक रोमेश सोनवाने भी चट्टा लेने पहुंचे थे, जिन्होंने दो चट्टे के लिए रसीद कटवाई थी। जब उन्होंने भी देखा तो प्रभारी उन्हें डंडे से मापकर चट्टा दे रहा था। जो निर्धारित 2 मीटर लंबा और 80 सेमीमीटर चौड़ा नहीं होने पर आपत्ति जाहिर की। इसी दौरान घटना की जानकारी मिलने पर विभिन्न मिडिया प्रतिनिधि, वहां पहुंचे और घटना को अपने कैमरे में कैद किया।**

### इस बार हर बार की तरह ऑटो फूल नहीं हुई - आदिम खान

गड्ढा मोहल्ला निवासी युवक आदिम खान ने बताया कि पहले जब वह जलाऊ लकड़ी लेकर जाते थे तो ऑटो भर जाता था, लेकिन इस बार ऑटो काफी खाली था। जिससे उन्हें संदेह हुआ कि उन्हें कम लकड़ी प्रदाय की गई है। उन्होंने यह बताया कि उन्हें तो यह नहीं पता कि कितने मीटर का होना चाहिए लेकिन उन्हें यह पता था, कि जब-जब भी वह लकड़ी लेने आते थे तब तब उनकी ऑटो फूल हो जाती थी, किंतु इस बार हर बार की तरह उतनी ही लकड़ी उन्होंने ली पर ऑटो फूल नहीं हुई तब उन्हें इस बात का संदेह हुआ कि उन्हें डिपो प्रभारी द्वारा लकड़ी कम दी जा रही है।

### लकड़ी मापने के लिये टेप की जगह लकड़ी के डंडे का उपयोग करते है

जब इस पर हमने डिपो प्रभारी डिप्टी रेंजर की कारगुजारियों की जानकारी ली तो परत-दर-परत खुलने लगी। बताया जाता है कि जिस चट्टो का टेप से माप कर उपभोक्ताओं को दिया जाना चाहिए, उसके स्थान पर डिपो प्रभारी डंडे का उपयोग करता है, जो निर्धारित मापदंड के अनुकुल नहीं है। जिससे साफ है कि डिपा प्रभारी जलाऊ लकड़ी के विक्रय के नाम से डिपो लकड़ी लेने पहुंचने वाले उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी कर आर्थिक स्वार्थपूर्ति कर रहा है। यही नहीं बल्कि जंगल से प्रायवेट वाहन और शासकीय वाहनों से आने वाले चट्टो में हेरफेर भी करते है।

### प्रति ट्रक आने वाले 14 से 15 चट्टो के 20 से 21 चट्टे बना कर बेचते है - दिनेश रनगिरे

यहा काम करने वाले कर्मी दिनेश रनगिरे ने बताया की यहा प्रति ट्रक आने वाले 14 से 15 चट्टो के यह 20 से 21 चट्टे यहा बना कर बेचते है। जिससे ना केवल वह उपभोक्ताओं को चट्टे में कम लकड़ी देकर आर्थिक स्वार्थपूर्ति कर रहा हैं बल्कि निर्धारित चट्टो के अधिक चट्टे भी बनाकर विभाग को गुमराह करने का काम कर रहा है वह डिपो प्रभारी के आदेश अनुसार 14 से 15 चट्टे को 20 से 21 चट्टे बनाते हैं और इन चट्टे को शहर के उपभोक्ता आकर खरीद कर लेकर जाते हैं, अब यह नियम है या क्या इसकी उन्हें जानकारी नहीं है, वह तो सिर्फ डिपो प्रभारी के कहने पर ही यह करते हैं ,और उन्हें यह भी पता है कि वह अधिक चट्टे बनाएंगे तो इससे प्रभारी का ही फायदा होगा, वह यह सब काम 2 वर्षों से करते आ रहे हैं और ग्राहक को यह सब जानकारी नहीं होने की वजह से वह कुछ नहीं कह पाते है और इसका विरोध भी नहीं करते हैं।

### मुझे दो सालों से 30 रूपए प्रति चट्ठे ही दिया जा रहा है

दिनेश रनगिरे ने बताया कि प्रत्येक चट्टे जमाने का डिपो प्रभारी द्वारा उन्हें दो सालों से 30 रूपए दिया जा रहा है। जिसे इस वर्ष बढ़ाकर 35 रूपए किया गया है जबकि नियमानुसार शासकीय वाहनों से आने वाले चट्टो को जमाने वाले मजदूरो को प्रति चट्टा 60 रूपए ओर निजी वाहनों से आने वाले चट्टो को जमाने का मजदूरों को 45 रूपए दिया जाना चाहिए। जिसमें भी डिपो प्रभारी कुंजीलाल धुर्वे बड़ी राशि की आर्थिक स्वार्थपूर्ति कर रहे है।

### डिपो में कर्मचारी नही है इस लिये टेप की जहग डंडे से नापते है - कुंजीलाल धुर्वे

इस मामले में डिपो प्रभारी कुंजीलाल धुर्वे ने बताया कि चट्टो की चौड़ाई 80 सेमीमीटर और 2 मीटर लंबाई होनी चाहिए है। जिसे टेप से मापा जाना चाहिए, लेकिन वह इसे डंडे से मापते है। जिसको लेकर भी उनका कहना था की कर्मचारी नही होने की वहज वह डंडे से नापते है , जबकि उनके अधिनस्थ दो विभागीय और दो बाहरी कर्मी काम करते है। इस मामले में एसडीओ, डीएफओ और मुख्य वन संरक्षक से संपर्क कर मामले में उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया किंतु उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# यात्री बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर मौत

## कटंगी सिवनी रोड कृषि मंडी के सामने हुई दुर्घटना

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। कटंगी थाना अंतर्गत सिवनी रोड कटंगी कृषि मंडी के सामने यात्री बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना 9 फरवरी की रात्रि 9ः00 बजे उसे समय हुई जब यह व्यक्ति मजदूरी करके अपने घर लौट रहा था। कटंगी पुलिस ने मृतक राजेश पिता बुधराम राउत 48 वर्ष वार्ड नंबर 7 कटंगी निवासी की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों की सौंप दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश राउत कटंगी वार्ड नंबर 7 में अपने




परिवार के साथ रहता था। जिसकी शादी नहीं हुई थी और राजेश राउत मजदूरी करता था। 9 फरवरी की रात्रि 9ः00 बजे करीब राजेश राउत मजदूरी करके सिवनी रोड से अपने घर वार्ड नंबर 7 कटंगी आ रहा था तभी सिवनी रोडपर स्थित कृषि मंडी के सामने सिवनी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही यात्री बस ने राजेश राउत को चपेट में ले लिया। यात्री बस की जबरदस्त ठोकर से राजेश राउत की मौके पर ही मौत हो गई। खबर मिलते ही राजेश राउत के परिवार के लोग पहुंचे और इस घटना की रिपोर्ट कटंगी थाने में उसके भतीजे नितेश पिता रमेश राउत 23 वर्ष वार्ड नंबर 7 कटंगी निवासी द्वारा की गई थी। जहां से सहायक उप निरीक्षक पेंडारीलाल आहके ने मौके पर पहुंचकर मृतक राजेश राउत की लाश मौके से उठाकर कटंगी के अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिए। 10 फरवरी को सहायक उप निरीक्षक श्री आहके ने मृतक राजेश राउत की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। वही लालू बस एमपी 22 जे सी 3398 के चालक के विरुद्ध धारा 304 ए भादवि और धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

## दुखद सूचना



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की मेरे छोटे भाई सुदर्शन कोचर की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा कोचर का अस्वस्थता के चलते आज दिनांक 10 फरवरी को निधन हो चुका है जिनकी अंतिम यात्रा कल प्रातः 10 बजे हमारे निज निवास से प्रारंभ होगी।

-शोक संतप्त-

प्रसन्न कोचर, सुदर्शन कोचर एवं समस्त कोचर परिवार


## सूचना

मेसर्स बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस चार्टड एकाउंटेन्टस धनराज काम्प्लेक्स, बालाघाट से हमारा ऑफिस 3 महिने के लिये श्याम टॉकिज मॉल मेन रोड, हनुमान चौक बालाघाट द्वितीय मंजिल पर (लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है) में स्थानांतरित हो रहा है, तत्पश्चात पुनः ऑफिस महाराणा प्रताप चौक पर ही इंडियन बैंक/ एचडीएफसी बैंक के उपर स्थानांतरित होगा।



URJENT REQUIREMENT work location -Gondia (M.H.)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | CIVIL ENGINEER (diploma and digree) | BUILDING |
| | | PIPELINE |
| 2 | HDPE AND DI pipe LINE FITTER | |
| 3 | SITE SUPERWISER | BUILDING |
| | | PIPELINE |
| 4 | COMPUTER OPERATOR | |
| 5 | ACCOUNTANT | |
| 6 | CIVIL CONTRACTOR | OVER HEAD WATER TANK |
| 7 | JCB,110,200, TRUCK, TRACTOR, AJAX, ROLLER, OPERATOR REQUIED | |

CONACT:- 7385307182


नल जल योजना की लाइट काटने के विवाद को लेकर

# एक व्यक्ति को गांव के ही पिता पुत्र ने लाठी से पीटा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम तिवड़ी खुर्द में शिव मंदिर मोहल्ले की नल जल योजना की लाइट लाइनमैन द्वारा काटने की विवाद को लेकर पिता पुत्र ने एक अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति को जहां हाथबुक्को से मारपीट की, वही उसे जातिगतरुप से अपमानित करते हुए जान से मार डालने की धमकी दे दी। यह घटना 8 फरवरी की शाम 6ः00 बजे करीब हुई हट्टा पुलिस ने इस मामले में गुलाब पिता उमेद कुमरे 50 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर श्रीचंद पिता राधेलाल ठाकरे और उसके बेटे राकू पिता श्रीचंद ठाकरे के विरुद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी और जातिगत रूप से अपमानित करने के आरोप में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलाब। कुमरे खेती मजदूरी करता है। जिसके गांव के शिव मंदिर मोहल्ले की नल जल योजना की लाइट गांव के माधव चौहान के कहने पर लाइनमैन द्वारा काट दी गई थी। 8 फरवरी की शाम 6ः00 बजे करीब नल जल योजना की लाइट काटने के संबंध में गांव में मीटिंग रखने वाले थे। गुलाब कुमरे और अन्य लोग राजेंद्र मड़ावी के घर के सामने खड़े थे। तभी राकु ठाकरे और उसका पिता श्रीचंद ठाकरे आए और गुलाब कुमरे को बोलने लगे की तुम लोग यहां मीटिंग रख रहे हो और दोनों पिता पुत्र ने गुलाब कुमरे को जातिगत रूप से अपमानित करते हुए जाति को लेकर के अश्लील गालियां देने लगे। गुलाब कुमरे ने उन्हें गाली देने से मना किया तो श्री चंद ठाकरे और उसके बेटे राकू ठाकरे ने गुलाब कुमरे को लकड़ी और हाथ बुक्को से मारपीट कर दिए और गुलाब कुमरे को जमीन पर पटक पटक कर मारपीट किया। जिसके बाद दोनों पिता पुत्र ने मीटिंग रखने पर जान से खत्म करने की धमकी दे दी। लकड़ी से की गई मारपीट में गुलाब कुमरे के सिर में चोट आई वहां उपस्थित लोगों द्वारा बीच बचाव करने के बाद गुलाब कुमरे अपनी बहन प्रमिला मड़ावी तथा ज्ञानसिह मड़ावी के साथ रिपोर्ट करने हट्टा पुलिस थाना पहुंचे हट्टा पुलिस थाना प्रभारी भूपेंद्र पन्द्रों ने गुलाब कुमरे द्वारा की गई रिपोर्ट पर श्रीचंद पिता राधेलाल ठाकरे, उसके बेटे राकु पिता श्रीचंद ठाकरे दोनों तिवड़ी खुर्द निवासी के विरुद्ध धारा 294 323 506 34 और धारा3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)1a अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अप्रत्यक्ष कर विवेचना शुरू की है।


SHARMA TECHNOCRAT'S INSTITUTE OF TECHNOLOGY

ADMISSION OPEN

Add : Dharam Jewellers, 1st Floor, Hanuman Chowk Balaghat, Harsh Jugal Sharma, 9244215491, 7898262428



IDNT

Industrial Diploma in Network Technology

100% JOB GUARANTEE

Jetking

Any Graduate/Under Graduate can enroll to get 100% Job Gurantee

हमारी संस्था आपको देगी 100% जॉब की गारंटी

DCA
PGDCA
TALLY

CENTER OPENING ON 14th FEBRUARY 2024

100% Job Gurantee by BALAGHAT JETKING INFORMATION CENTER

B.COM
BBA
BCCA
BSC
MA (All Subject)
MBA
M.COM
MSc

Run By - New Achievement Education & Welfare Society Balaghat (Reg. JBP/9611)








## आवश्यकता है

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय भोपाल से मान्यता प्राप्त संस्थान में निम्न पदों की आवश्यकता है

| पदनाम | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| • भृत्य / चपरासी | -02 पद | 12वीं |
| • ऑफिस ब्वॉय | -01 पद | 10वीं |
| • सफाई कर्मचारी | -01 पद | 10वीं |
| • कम्प्यूटर ऑपरेटर | -02 पद | डिग्री / डिप्लोमा Online Work |
| • कम्प्यूटर लेब शिक्षक | -02 पद | BCA, MSc(cs) |
| • कम्प्यूटर लेंग्वेज शिक्षक | -03 पद | MCA/BE(cs) |

टीप - वेतन, अनुभव व योग्यतानुसार

यूनिवर्सल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी

भटेरा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास बालाघाट

Mo. 9406764413, 07632-356492



GONDIA

Reg. No. MSCS/CR/787/2013

(बचत व ऋण सहकारी समिति)

शाखा-वारासिवनी

उपभोक्ता शाखा में आवश्यकता है

• व्यस्थापक - 01 • कर्मचारी - 01

दैनिक जमा अभिकर्ता (AJent)

संपर्क करें -9421715754, 9421715753, 7030130553







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट